जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

उदयपुर

Rashtradoot

फोनः- 2418945 फैक्सः- 0294-2410146 वर्षः 31 संख्याः 269 प्रभात उदयपुर, गुरुवार 1 अगस्त, 2024 आर.जे. 7202 पृष्ठ 12 मूल्य 2.50 रु.

## क्या लोकसभा स्पीकर, प्र.मंत्री मोदी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव स्वीकार करने की हिम्मत दिखाएंगे?

**जैसा कि विदित ही है, सदन की प्रोसीडिंग्स के अंश, जो लोकसभा की कार्यवाही से निकाल दिए जाते हैं, उनको सोशल, प्रिंट या इलैक्टॉनिक, किसी भी मीडिया पर उपयोग में लाना वर्जित है**

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 31 जुलाई। कांग्रेस पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ एक विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव पेश किया है क्योंकि मोदी ने अनुराग ठाकुर द्वारा लोकसभा में दिये गये भाषण का वह हिस्सा भी ट्वीट कर दिया है, जिसे आसन ने असंसदीय होने के कारण हटा दिया था।

नियमानुसार, जिस भाषण या उसके जिस हिस्से को सदन की कार्यवाही से हटा दिया जाता है, उसे किसी मीडिया पर, चाहे वह प्रिंट मीडिया हो, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया हो या सोशल मीडिया हो, पुनः प्रस्तुत नहीं किया जा सकता। इस प्रकरण में, यह ट्वीट 'एक्स' पर प्रधानमंत्री द्वारा किया गया था।

अनुराग ठाकुर को एक विशिष्ट काम या दायित्व सौंपा गया था- आक्रामक होने का, अभद्र भाषा का प्रयोग करने का तथा जातिगत जनगणना, आरक्षण तथा ओ.बी.सी., दलितों, आदिवासियों तथा अन्य के प्रतिनिधित्व के मुद्दे पर गांधी परिवार तथा खास तौर से राहुल गांधी का मुकाबला करने का।

- **पर, प्र.मंत्री मोदी ने एक्स (ट्विटर) पर अनुराग ठाकुर के भाषण को उद्धृत किया, क्या यह विशेषाधिकार हनन का मामला बनता है, इसका निर्णय अब लोकसभा स्पीकर को लेना होगा, क्योंकि प्र.मंत्री के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव अब स्पीकर के समक्ष प्रस्तुत है।**
- **इण्डिया गठबंधन का मानना है कि प्रस्ताव स्वीकार नहीं होगा, क्योंकि अनुराग ठाकुर का भाषण, जो कि सदन की कार्यवाही से निकाला गया था वह जानबूझकर राहुल गांधी को हतोत्साहित करने के लिये सुनियोजित नीति के तहत दिलवाया गया था।**
- **हालांकि, ठाकुर के भाषण को प्र.मंत्री ने अपने ट्विटर हैण्डल पर उद्धृत करके एक टैक्निकल गलती तो की है, पर, इस गलती पर बहस करने के लिये विशेषाधिकार हनन का मामला बनना मुश्किल है।**

राहुल गांधी के भाषण से बुरी तरह बिफरी हुई भाजपा राहुल गांधी की आलोचना करने के मामले में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है तथा पार्टी ने सारे नेताओं को इस काम में लगा दिया है।

ठाकुर तो राहुल पर निशाना साधते हुए यहाँ तक कह गए "जिसको अपनी कास्ट (जाति) का पता नहीं .........."

जिस तरह प्रधानमंत्री मोदी ने अनुराग ठाकुर के भाषण को लेकर 'एक्स' पर उनकी प्रशंसा में कसीदे पढ़े, वह विस्मित ही नहीं, बल्कि स्तब्ध कर देने वाला था। मोदी ने यह भी कहा कि उनके (अनुराग ठाकुर) भाषण को सभी लोग सुनें।

प्रधानमंत्री जोश-जोश में यह भी भूल गए कि उस भाषण का कुछ अंश सदन की कार्यवाही से हटा दिया गया है। विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव का नोटिस लोकसभा अध्यक्ष को दे दिया गया है। यह लोकसभा अध्यक्ष के लिए परीक्षा की घड़ी है। देखना यह है कि उनकी प्रतिक्रिया क्या रहती है तथा वे नरेन्द्र मोदी के खिलाफ इस विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव को स्वीकार करते हैं अथवा नहीं।

राहुल गांधी का मुकाबला करने तथा उनकी आलोचना करने के लिए, भाजपा ने एक और युवा भाजपा नेता, तेजस्वी सूर्या, को भी मैदान में उतारा था।

(शेष पृष्ठ 11 पर)

## भारत में गरजेंगे 30 देशों के लड़ाकू विमान

नई दिल्ली, 31 जुलाई। अगस्त और सितंबर महीने में भारत तरंग शक्ति-2024 का आयोजन करने जा रहा है। इस आयोजन में दुनियाभर के 30 देश अपने सबसे शक्तिशाली फाइटर जेट्स की कलाबाजी दिखाएंगे। दुनिया के इस सबसे भव्य आयोजन में भारत भी अपनी सैन्य दमखम का प्रदर्शन करने वाला है। वायुसेना के अधिकारियों ने जानकारी दी है कि 51 देशों को आमंत्रण भेजा गया, जिसमें से 30 हिस्सा ले रहे हैं। इस महा हवाई अभ्यास में वायुसेना के एलसीए तेजस, मिराज 2000 से लेकर राफेल लड़ाकू विमान हिस्सा ले रहे हैं।

- **अगस्त और सितंबर महीने में "भारत तरंग शक्ति-2024" का आयोजन होने जा रहा है। इस आयोजन में दुनियाभर के 30 देश अपने सबसे शक्तिशाली फाइटर जैट अभ्यास करते हुये कलाबाजी दिखाएंगे।**

आईएएफ अधिकारियों के मुताबिक, हिस्सा लेने वाले देशों में अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, जर्मनी, स्पेन, ग्रीस, संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर और बांग्लादेश शामिल हैं। इसमें 10 देशों की वायु सेना और 20 देश पर्यवेक्षक के रूप में हिस्सा

(शेष पृष्ठ 11 पर)

## क्या गूगल अमेरिका के राष्ट्रपति के चुनाव में राजनीतिक दृष्टि से छेड़-छाड़ कर रहा है?

**प्रमुख सीनेटर, टैक्सस के टैड क्रूज़ व लिब्स ऑफ टिकटॉक ने गूगल के स्क्रीन शॉट्स सार्वजनिक करके, गूगल पर आरोप लगाया है कि गूगल चुनाव में हस्तक्षेप कर रहा है**

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 31 जुलाई। अमेरिका की कंज़रवेटिव पार्टी से जुड़े लोग "गूगल" पर आरोप लगा रहे हैं कि वह राष्ट्रपति चुनाव को प्रभावित करने के लिए डॉनल्ड ट्रम्प की हत्या के प्रयास से संबंधित जानकारी छिपा रहा है। ट्रम्प, दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के लिए चुनाव मैदान में हैं। गत 13 जुलाई को पैन्सिल्वेनिया में आयोजित एक चुनावी रैली में एक बंदूकधारी की गोली से वह बाल-बाल बचे थे। उस हमले में एक जने की मौत हो गई थी, दो घायल हुए थे और ट्रम्प को हल्की सी चोट लगी थी। इस हमले ने षड़यन्त्र की विभिन्न परिकल्पनाओं को जन्म दिया है।

इसमें नवीनतम विवाद गूगल के ऑटोकम्प्लीट फीचर से जुड़ा है क्योंकि कुछ यूज़र्स ने नोटिस किया कि जब ट्रम्प की हत्या के प्रयास की जानकारी प्राप्त करने के लिए जरूरी की वर्ड्स टाइप किए जाते हैं तब रोनाल्ड रीगन और हैरी ट्रूमैन जैसे अन्य बड़े नामों की हत्या के प्रयासों की जानकारियां सामने आ जाती है।

इन ऑटोकम्प्लीट विसंगतियों के बावजूद ट्रम्प के अटैक पर जानकारी की तलाश में कुछ संबंधित खबरें, वीडिया और एक विकीपीडिया पेज हैं हालांकि कंज़र्वेटिव कहते हैं कि ऑटोकम्प्लीट मुद्दा संकेत देता है कि गूगल का इरादा उन सूचनाओं को दबाने का है जो आगामी चुनावों को प्रभावित कर सकती हैं जैसे टैक्सस के सीनेटर टैड क्रूज और लिब्स ऑफ टिकटॉक ने ऑटोकम्प्लीट रिजल्ट्स के स्क्रीनशॉट्स और वीडियो शेयर किए तथा गूगल पर चुनावों में हस्तक्षेप का आरोप लगाया। गूगल ने जवाब दिया कि भविष्यवाणियों में फेरबदल का कोई मानवीय एक्शन नहीं लिया गया और उनके ऑटोकम्प्लीट फंक्शन में राजनैतिक हिंसा से संबंधित भविष्यवाणियों के प्रति सुरक्षा भी शामिल है। उन्होंने कहा कि यूज़र्स जो भी चाहे सूचना तलाश कर सकते हैं और कम्पनी का काम है उच्च गुणवत्ता की जानकारी उपलब्ध कराना। गूगल ने माना कि उनका ऑटोकम्प्लीट सिस्टम डायनैमिक है और प्रचलित सवालों के आधार पर इसमें बदलाव हो जाता है और वे विसंगतियों की जांच कर रहे हैं। यह मुद्दा ट्रम्प से सम्बधिंत विषय वस्तु तक सीमित नहीं है जैसा कि उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के ऐसे ही ऑटोकम्पलीट मुद्दों ने दिखाया है।

- **कंज़रवेटिव (परम्परावादी) नेता का आरोप है कि ट्रम्प पर हुए हमले की खबर की जानकारी को गूगल का "ऑटो कम्पलीट सिस्टम" दबा रहा है।**
- **जैसा कि विदित ही है, ट्रम्प पर गोली चलाई गई थी तथा इस हमले में एक व्यक्ति मारा गया था व दो गंभीर रूप से घायल हुए थे तथा ट्रम्प बाल-बाल बचे थे।**
- **गूगल पर आरोप है कि वह हमले की पूरी खबरें नहीं दे रहा है, क्योंकि इससे चुनाव का रूझान प्रभावित हो सकता है, ट्रम्प के लिये सहानुभूति पनप सकती है।**

## आर.एस.एस. की आलोचना पर सदन में नाराज़ हुये उपराष्ट्रपति

नई दिल्ली, 31 जुलाई। राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को आर.एस.एस. पर टिप्पणी करने पर कड़ी आपत्ति जताई। राज्यसभा की कार्यवाही के दौरान उन्होंने कहा कि यह राष्ट्र की सेवा में लगा संगठन है और संगठन से जुड़े लोग निस्वार्थ भाव से काम करते हैं। उन्होंने कहा कि देश के काम में लगे संगठन की आलोचना करना संविधान के खिलाफ है और उसे देश की विकास यात्रा का हिस्सा बनने का अधिकार है। इस पर कांग्रेस अध्यक्ष

- **राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को आर.एस.एस. पर टिप्पणी करने पर कड़ी आपत्ति जताई और कहा कि यह संगठन हमेशा निस्वार्थ भाव से देशसेवा में लगा रहा है।**

(शेष पृष्ठ 11 पर)

## राष्ट्रदूत

## चौहत्तरवां स्थापना दिवस

**राजनीति के संक्रमण काल में निष्पक्ष, जुझारू, संघर्षशील व जन समर्पित पत्रकारिता की चौहत्तरवीं वर्षगांठ पर राष्ट्रदूत अपने पाठकों, लेखकों, संवाददाताओं, पत्रकारों, विज्ञापन-दाताओं और प्रशंसकों को हार्दिक बधाई देता है। साथ ही सरलता, सादगी व उच्च मूल्यों व आदर्शों के रास्ते पर चलते रहने के लिए पुनः संकल्प लेता है।**

- प्रधान सम्पादक




## 'सरकारी बैंक निर्धन व "मीडिल क्लास" से निर्दयता से साढ़े आठ हजार करोड़ वसूल कर चुके हैं'

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 31 जुलाई। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने आज केन्द्र सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक खातों में औसत मासिक बैलेंस न रखने पर ग्राहकों से अर्थ-दंड के रूप में करोड़ों रुपये इकट्ठा कर रहे हैं। उन्होंने मोदी सरकार पर आरोप लगाया कि सरकार ने गरीब और मध्यम वर्ग की जेब खाली करने के लिये कमर कस ली है। सरकार पर किये गये उनके हमले से पहले, लोकसभा में एक प्रश्न के उत्तर में यह लिखित उत्तर सामने आया था कि सार्वजनिक बैंकों ने वित्त वर्ष 2019-20 से लेकर 2024-25 तक वे पाँच वर्षों में इस मद के अन्तर्गत करीब 8,500 करोड़ रुपये वसूल किये हैं।

- **प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया कि ये बैंक इन लोगों से पैनल्टी के रूप में यह राशि इसलिए वसूल करते हैं, क्योंकि ये लोग अपने बैंक अकाउन्ट में हर महीने मिनिमम बैलैन्स नहीं रख पाये हैं।**
- **प्रियंका गांधी का कहना था कि इंदिरा गांधी ने बैंकों को "नैशनलाइज़" इसलिए किया था कि गरीबों को मदद मिल सकेगी। "राष्ट्रीयकरण" 'नैशनलाइज़ेशन) इसलिए नहीं किया था कि गरीबों से पैनल्टियां वसूल करके उन पर डबल मार मारी जाए।**

केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सोमवार को लोकसभा में यह जानकारी भी दी कि सरकार द्वारा संचालित बैंकों ने औसत मासिक न्यूनतम बैंलेस न रखने पर, वित्त वर्ष 2024 में खाताधारकों से 2,331 करोड़ रुपये वसूल किये हैं।

हिन्दी में की गई एक पोस्ट में, प्रियंका गांधी ने कहा, "(औसत मासिक न्यूतम बैलेंस) राशि खाते में न रखने पर गरीब आम लोगों पर जुर्माना लगाया जाना संवेदनहीनता की पराकाष्ठा है। (अपने खाते में) न्यूनतम बैलेंस न रखने पर, 5 वर्ष में सरकारी बैंकों ने आम आदमी से 8,500 करोड़ रुपये वसूल किए हैं।" कांग्रेस महासचिव ने कहा कि बैंकों में न्यूनतम बैलेंस रख पाने की असमर्थता का सामना समाज के उन वर्गों के लोग कर रहे हैं, जिनके पास पैसा नहीं है तथा जिनकी आमदनी सीमित है तथा जैसे-जैसे अपने परिवार चला रहे हैं।

प्रियंका गांधी ने कहा कि इन्दिरा गांधी ने बैंकों का राष्ट्रीयकरण इसलिये किया था ताकि गरीबों को मदद मिल सके तथा उनसे इस प्रकार की वसूली (रिकवरी) न हो। उन्होंने कहा, "भाजपा सरकार, जिसने अपने उद्योगपति मित्रों के 16 लाख करोड़ रुपये माफ कर दिये हैं, गरीबों और मध्यम वर्ग की जेबें खाली करने पर तुली हुई हैं।"

## विचार बिन्दु

**त्याग यह नहीं कि मोटे और खुरदरे वस्त्र पहन लिए जायें और सूखी रोटी खायी जाये, त्याग तो यह है कि अपनी इच्छा अभिलाषा और तृष्णा को जीता जाये। –सुफियान सौरी**

# बारिश हो रिमझिम रिमझिम तो बढ़े भूजल का स्तर

श्रावण का महिना और रिमझिम रिमझिम बरसात आज बीते जमाने की बात हो गई है। सही मायने में देखा जाए तो पिछले दो–तीन दशक की पीढ़ी तो रिमझिम बरसात या यों कहे कि सावन की झड़ी को तो देखना दूर की बात, जानती भी नहीं होगी। एक समय था जब श्रावण में बरसात की झड़ी लग जाती थी और कई कई बार तो तीन–तीन, चार–चार दिन तक भगवान भास्कर के दर्शन मात्र को तरश जाते थे। इससे होता क्या था झरी लगती थी तो पानी सीधे जमीन में जाता था, जमीन की प्यास बुझती थी और जब प्यास बुझने लगती तो भूजल का स्तर बढ़ने लगता था। आज हालात दूसरे हैं। तेज बरसात आती हैं और बरसात का पानी भूमि की प्यास बुझाने के स्थान पर बह कर चला जाता है। कहने को तो वर्षा का ओसत तो पूरा दिखाई दे जाता हैं, सामान्य वर्षा के आंकड़ें भी पूरे हो जाते हैं पर बरसात का अधिकांश पानी बह कर निकल जाता है या फिर बाढ़ या शहरों की खराब ड्रेनेज व्यवस्था के कारण एकत्रित हो जाता है और फिर मक्खी–मच्छरों का स्थल बनकर बीमारी का प्रमुख कारण बन जाता है। क्योंकि अब तो रिमझिम बरसात का स्थान तेज वर्षा लेती जा रही है, एक दिन में ही रेकार्ड बरसात के समाचार आते हैं और इस कारण पानी भूजल स्तर को बढ़ाने की जगह बह जाता है।

दरअसल यह सब जलवायु परिवर्तन का कारण है तो दूसरी और अंधाधुंध पेड़ों की कटाई, वनों और गांवों को शहरों में तब्दील कर कंक्रिट का जंगल विकसित करने और इससे भी दो कदम आगे प्राकृतिक जल स्रोतों को नष्ट करना या उन्हें लगभग समाप्त कर कॉलोनियां विकसित कर देना रहा है। दरअसल हमारे वास्तुकारों ने शहरों को डिजाइन करते समय यह सोचा ही नहीं की पानी संग्रहण के लिए भी कोई जगहें विकसित हो। यह तो उनके दिमाग में ही नहीं रही। बाकी कसर शहरों में कच्ची जगह तो छोड़ने के प्रयास ही नहीं हुए यहां तक कि फुटपाथ तक पक्के कर दिए गए और सड़क किनारे लगे पेड़ों को भी चारों तरफ से पक्का कर दिया गया ताकि पानी भूमि में कहीं से जा ही नहीं सकें। अन्य कारणों के साथ यह भी एक बड़ा कारण है कि मौसम चक्र पूरी तरह से गड़बड़ाता जा रहा है। सर्दी में सर्दी नहीं, गर्मी में गर्मी नहीं और बरसात में बरसात के हालात नहीं दिखाई देने लगे हैं। हांलाकि आज मानसून के प्रेडिक्शन यानी की संभाव्यता तो लगभग सही सही बताई जाने लगी है पर प्रकृति ने जो अपना खेल दिखाया है वह अपने आप में गंभीर और चिंतनीय है। ऐसा नहीं है कि हालात जानते या समझते नहीं हो, और हालात पर चर्चा करने के लिए दुनिया के देशों के दिग्गज बैठते भी हैं और चर्चा भी करते हैं, कागजों में बड़ी–बड़ी रिपोर्ट और रोडमैप भी बनते हैं पर परिणाम सामने हैं।

> **आज पीने के पानी से कई गुणा पानी तो हमें फ्लस के लिए चाहिए। कूलर के लिए चाहिए। किचन गार्डन के लिए चाहिए। यानी कि पानी पीने के लिए उपयोग में आने की तुलना में कई गुणा अधिक अन्य कार्यो में हो रहा है। आवश्यकता इस तरह के फ्लस सिस्टम या अन्य विकल्पों के खोज की है जिससे हालात में सुधार हो।**

एक पहलू यह भी है कि भूजल का अत्यधिक दोहन किया गया और यह आज भी बदस्तूर जारी है। कम पानी वाले फसल चक्र के बारें में समय पर सोचा ही नहीं गया। जमीन से पानी खिंचने के लिए पहले कुएं होते थे, उनसे उतना ही पानी निकलता था जितना रिचार्ज हो जाता था, पर कुओं का स्थान बोरिंग और बोरवेल ने ले लिया और धरती में समाये पानी को निचोड़ने में कोई कमी नहीं छोड़ी। ऐसा नहीं है कि समस्या की गंभीरता से अनविज्ञ रहे हो पर जो उपाय किये गये वह नाकाफी होने के साथ ही कारगर सिद्ध नहीं हुए। पिछले तीन–चार दशक से शहरों में वाटर हारवेस्टिंग सिस्टम सरकार स्तर पर बनाने के साथ ही कोलोनाइजर्स को बनाने को कहा जाता रहा और आज भी कहा जा रहा है पर उसकी पोल इसी से पूरी हो जाती है कि कहने को तो वाटर हारवेस्टिंग सिस्टम बना दिये, पैसे भी पूरे लग गए पर उनका स्ट्रक्चर जाने–अनजाने ऐसे बन गए कि यह तो वे उंचे बन गए, उन तक पानी पहुंचने की संभावनाएं न्यूनतम रह गई या फिर ऐसी जगह बना दिये गये जहां उनकी उपयोगिता ही नहीं रही। आखिर यह सब कुछ सुनियोजित विकास के नाम पर अनियमित विकास हो कर रह गया। आज बैंगलोर में लोग पानी के लिए तरश रहे हैं। कमोबेस यही हालात देश के अधिकांश हिस्सों में हो रहे हैं या होने की तैयारी में हैं। हालात साफ है धरती को पानी संजोने के लिए मिल ही नहीं रहा। कारण साफ है विकास और सुविधाओं के विस्तार के नाम पर उसके पड़ने वाले साइड इफेक्ट के बारे में तो समय पर सोचा ही नहीं गया। आज पीने के पानी से कई गुणा पानी तो हमें फ्लस के लिए चाहिए। कूलर के लिए चाहिए। किचन गार्डन के लिए चाहिए। यानी कि पानी पीने के लिए उपयोग में आने की तुलना में कई गुणा अधिक अन्य कार्यों में हो रहा है। आवश्यकता इस तरह के फ्लस सिस्टम या अन्य विकल्पों के खोज की है जिससे हालात में सुधार हो। हो क्या रहा है मोटा पैसा खर्च करके एसटीपी बनाये जा रहे हैं। पानी रिसाईकिल का ट्रिटमेंट कर दूसरे कामों में उपयोग करने की भी योजनांएं बनती है। पर कहीं ना कहीं शहरों में थोड़ी–थोड़ी दूरी पर पानी संग्रहण के स्रोत विकसित करने ही होंगे ताकि भूजल का स्तर बढ़ सके। इसके साथ ही भूजल के अत्यधिक दोहन को रोकना ही होगा और ऐसी तकनीक विकसित करनी होगी जिससे पेयजल के अतिरिक्त अन्य कार्यों में पानी का सीमित उपयोग करते हुए बेहतर परिणाम प्राप्त कर सके।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**
**( वरिष्ठ लेखक )**

## राशिफल गुरूवार 1 अगस्त, 2024



पंडित अनिल शर्मा

सावन मास, कृष्ण पक्ष, द्वादशी तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2081, मृगशिरा नक्षत्र दिन 10:2 तक, व्याघात योग दिन 12:50 तक, तैतिल करण दिन 3:29 तक, चन्द्रमा आज मिथुन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–कर्क, चन्द्रमा–मिथुन, मंगल–वृष, बुध–सिंह, गुरू–वृष, शुक्र–सिंह, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

आज प्रदोष व्रत है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 7:35 तक, चर 10:53 से 12:33 तक, लाभ–अमृत 12:33 से 3:52 तक, शुभ 5:21 से सूर्यास्त तक।


**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 5:55, सूर्यास्त 7:11




### मेष
मेष: परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।



### वृष
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी बनी रहेगी। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।




### मिथुन
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मन:स्थिति में सुधार होगा। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। आर्थिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।




### कर्क
व्यक्तिगत परेशानियों के कारण मानसिक तनाव बना रहेगा। घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी।




### सिंह
आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों पर नियंत्रण बना रहेगा।




### कन्या
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित यात्रा संभव है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को बाहर जाना पड़ सकता है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। परिवार में शुभ–मांगलिक संदेश प्राप्त हो सकते हैं।



### तुला
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी।




### वृश्चिक
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा नहीं है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।




### धनु
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय रहेगा। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।



### मकर
स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।



### कुंभ
व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आय में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।



### मीन
घर–परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त–व्यस्त हो सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद बढ़ सकते हैं। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा।

# औसत की आधी से ज्यादा बारिश होने के बाद भी खाली पड़ा है झड़ू बांध

**भीण्डर,** (निसं)। मानसून का एक माह गुजर जाने के बाद भीण्डर क्षेत्र की औसत बारिश में से आधी से ज्यादा बारिश होने के बावजूद प्रमुख जलस्त्रोत झड़ू बांध अभी तक खाली पड़ा हुआ है। जबकि इसके भरने से ही भीण्डर में वर्षभर की जलापूर्ति हो सकती है। लेकिन पिछले वर्ष भी ओवरफ्लो नहीं होने के कारण मार्च माह के बाद पेयजल सप्लाई की उपलब्धता खत्म हो गई थी। इस बार तो अभी तक पूरे बांध का जमीनी स्तर भी सुखा पड़ा हुआ है। अब सभी को अगस्त माह की बारिश से ही उम्मीद है।

**भीण्डर की 600 मिमी औसत बारिश, अभी तक 342 मिमी बारिश दर्ज:** भीण्डर क्षेत्र में औसतन 600 मिमी वर्षा प्रतिवर्ष होती है, इसके मुकाबले 31 जुलाई तक 342 मिमी वर्षा हुई है। पिछले वर्ष औसत से 135 मिमी बारिश कम हुई थी। जिसके चलते भीण्डर क्षेत्र के जलाशय खाली रह गये थे। इस वजह से ही प्रमुख जलस्त्रोत झड़ू बांध भी 2023 में ओवरफ्लो नहीं हुआ था। इस बार भी भीण्डर क्षेत्र औसत से ज्यादा बारिश होने पर ही झड़ूबांध ओवरफ्लो हो सकता है।



भीण्डर के झड़ू बांध की पाल, जिसके पीछे नाममात्र का पानी भरा हुआ है।

पहाडों के बीच बना हुआ है झड़ू बांध:– भीण्डर से महज 5 किमी दूर स्थित झड़ू बांध पहाडियों के बीच निर्मित कर रखा है। 26 एमसीएफटी पानी की भराव क्षमता वाले झड़ू बांध के चारों तरफ पहाडियां स्थित है। वर्षभर होने

**■ भीण्डर का प्रमुख पेयजल स्त्रोत है झड़ू बांध, अगस्त माह की बारिश से उम्मीद**

वाली पेयजल सप्लाई का करीब 70 प्रतिशत पानी इस बांध से ही लिया जाता है। झड़ू बांध पिछले वर्ष को छोडकर पिछले 12 वर्षों से लगातार छलकता आ रहा है। इस बार भी अगस्त माह की बारिश से उम्मीद हैं कि बांध में पानी आ जाएं और छलक जाएं ताकि वर्षभर तक भीण्डर क्षेत्र में पेयजल के लिए परेशानी नहीं झेलनी पडे।

मदनसिंह शक्तावत, कृषि अधिकारी भीण्डर का कहना कि पिछले 15 वर्ष के बारिश के आंकडों के अनुसार भीण्डर में औसत 600 मिमी बारिश होती है। पिछले वर्ष औसत से 135 मिमी वर्षा कम हुई थी, इस बार जुलाई माह तक 342 मिमी वर्षा हो चुकी है। अगस्त माह में अच्छी बारिश होने पर औसत बारिश का आंकडा पार हो सकता हैं और जलाशयों में भी अच्छी आवक हो जायेगी।

## प्रेमचन्द जयंती के अवसर पर परिचर्चा

**उदयपुर,** (निसं)। भूपाल नोबल्स विवि के भूपाल नोबल्स स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय के हिन्दी विभाग की ओर से प्रेमचन्द जयंती की अवसर पर आयोजित परिचर्चा के मुख्य वक्ता डॉ.ललित श्रीमाली ने मुंशी प्रेमचन्द का स्मरण करते हुए उनके रचनात्मक अवदान को हिन्दी साहित्य की अनुपम निधि बताया।

उन्होंने कहा कि प्रेमचन्द ने हिन्दी कथा साहित्य को आमजन के साथ जोडा और वे सच्चे अर्थो में मानवता के पक्षधर रचनाकार थे। उनकी कहानियां और उपन्यास साहित्य में समाज के सभी वर्गो का चित्रण देखने को मिलता है। प्रेमचन्द का साहित्य आज भी प्रासंगिक है। इससे पूर्व महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉ. शिल्पा राठौड ने स्वागत करते हुए कहा कि प्रेमचन्द की कहानियां आज भी लोगों की स्मृति में है। वे एक बार पढी जाने पर उसकी छाप पाठक के मन और मस्तिष्क पर सदा के लिए अंकित हो जाती है। हर भारतीय को उनकी कहानियां और उपन्यास जीवन में एक बार अवश्य पढना चाहिए। हिन्दी विभाग के अध्यक्ष डॉ.हुसैनी बोहरा ने प्रेमचन्द के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रेमचन्द ने आमजन की पीढीयों और वेदनाओं को आमजन की भाषा में अभिव्यक्त किया है। यही कारण है कि प्रेमचन्द के साहित्य ने सभी को प्रभावित और प्रेरित किया है।

## प्रो. सारंगदेवोत अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में होंगे शरीक

**उदयपुर,** (निसं)। विश्व में द्वितीय रैंक प्राप्त कैम्ब्रिज विवि युके की ओर से आगामी 8–11 अगस्त को आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय 'ग्लोबल रिसर्च कॉन्फ्रेंस' में जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विवि के कुलपति कर्नल प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत मुख्य वक्ता के रूप में भाग लेंगे। संगोष्ठी में विश्व के प्रमुख शिक्षाविद, नीति निर्माता और विशेषज्ञ विश्व के विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा और समाधानों की खोज करेंगे। इसका उद्देश्य सामयिक अनुसंधान और रणनीतियों को ज्ञात करना है, जिन्हें विश्व की बेहतरी के लिए लागू किया जा सके।

प्रो. सारंगदेवोत सतत विकास के महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करते हुए मुख्य वक्तव्य देंगे। सतत् विकास भारत के हजारों वर्ष पुराने शुभ शब्द से जन्मा है। भारत में इस शब्द को सनातन, सतत् ( शुभ ) विकास जैसे शब्दों के साथ जोड़ा गया है। भारत में शुभ शब्द लाभ के साथ इसलिए जोड़ा जाता है जिससे व्यक्ति लालची बनकर प्रकृति को कष्ट ना पहुंचाए। प्रकृति हमें विरासत में मिली है। इसका रक्षण–संरक्षण हमारी जिम्मेदारी है। हम इससे जो ले रहे हैं वह हमारे बच्चों का हम पर उधार व कर्ज है। हमें जीवित रहते हुए ही इसे पुन: आने वाली पीढ़ी में हस्तांतरित करनी है। प्रो. सारंगदेवोत ने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा को सम्पूर्ण विश्व अपनाने को लालायित हैं और यही ज्ञान गंगा भारत को पुन: विश्व गुरू बनाने में सहायक होगी। भारतीय मूल ज्ञान मंत्र में सतत विकास का अर्थ सनातन है। भारतीय शास्त्रों में सनातन विकास के बारे में कहा गया है कि जिसका कोई अंत न हो। जिसमें सदैव नित्य नूतन निर्माण होता रहे। लेकिन ऐसा निर्माण जिसमें विनाश, बिगाड़ और विस्थापन ना होता हो, वही सतत विकास है। उनके वक्तव्य में, उच्च शिक्षा और अनुसंधान में सतत विकास, जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय गिरावट, स्थायी आर्थिक विकास हेतु रणनीतियां, संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने में अंतरराष्ट्रीय सहयोग की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषय सम्मिलित हैं।

## निजी सेंटरों पर गर्भवती की होगी नि:शुल्क सोनोग्राफी जांच

**■ मां वाउचर योजना की क्रियान्विति के लिए निजी सोनोग्राफी सेंटर का प्रशिक्षण**

**उदयपुर,** (निसं)। मां वाउचर योजना की क्रियान्विति को लेकर निजी सोनोग्राफी सेंटर संचालकों की कार्यशाला जिला कलक्टर अरविंद पोसवाल के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शंकर एच बामणिया के सानिध्य में जिला परिषद सभागार में हुई।

सीएमएचओ डॉ बामणिया ने बताया कि मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य वाउचर योजना के तहत गर्भवती महिलाओं के द्वितीय एवं तृतीय तिमाही में एक सोनोग्राफी निजी सोनोग्राफी सेंटर पर निशुल्क की जाएगी।

कार्यशाला में सीएमएचओ डॉ बामनिया, डीपीओ सदाकत अहमद, डीपीसी पीसीपीएनडीटी मनीषा भटनागर और डीएनओ प्रताप सिंह सीएमएचओ कार्यालय की ओर से उपस्थित थे। सीएमएचओ मां वाउचर योजना की जानकारी के देते हुए बताया कि 9, 18 और 27 तारीख को आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत आने वाली गर्भवती महिलाओं को उनके द्वितीय और तृतीय तिमाही में एक सोनोग्राफी जांच आवश्यक होती है। जिन क्षेत्रों में सरकारी चिकित्सालय में सोनोग्राफी सुविधा उपलब्ध नहीं है उन्हें पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत पंजीकृत निजी सोनोग्राफी केंद्र पर भेजकर निशुल्क सोनोग्राफी सेवा उपलब्ध करवाई जाएगी। इसके तहत गर्भवती की पीसीटीएस एंट्री कर उसे एक वाउचर दिया जाएगा। पीसीटीएस सॉफ्टवेयर में पंजीकृत मोबाइल नंबर पर उसे एक क्यूआर कोड भेजा जाएगा जिसे वह निजी सोनोग्राफी केंद्र पर ले जाकर दिखाएंगे उससे उसकी सोनोग्राफी की जांच नि:शुल्क हो जाएगी। सरकार द्वारा ओजस सॉफ्टवेयर के माध्यम से 450 रुपए निजी सोनोग्राफी सेंटर को भुगतान किए जाएंगे।

## कोटपा अधिनियम के उल्लंघन पर बनाए चालान

**उदयपुर,** (निसं)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शंकर एच बामनिया के निर्देशानुसार डिप्टी सीएमएचओ डॉ अंकित जैन एवं राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ प्रणव भावसार के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी और पुलिस विभाग के साथ शिक्षण संस्थान के 100 गज दायरे में तंबाकू उत्पाद विक्रेताओं पर एवं अन्य तंबाकू उत्पाद विक्रेता पर कोटपा अधिनियम के अंतर्गत चालान कार्यवाही की गई।

सीएमएचओ डॉ बामनिया ने बताया कि राजस्थान में प्रत्येक महीने के अंतिम दिन तंबाकू उत्पादों की बिक्री एवं उपभोग न करने की राज्य सरकार द्वारा अपील की गई है जिससे तंबाकू से होने वाली हानि के संबंध में समाज मे जागरूकता फैल सके। डिप्टी सीएमएचओ डॉ अंकित जैन ने बताया कि जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में पान एसोसिएशन के अध्यक्ष और किराणा व्यापारी के अध्यक्ष से अपील की थी कि जिले मे महीने के अंतिम दिन तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध रहे और तंबाकू उत्पाद विक्रेता कोटपा अधिनियम की पालना करते हुए ही तंबाकू उत्पादों की बिक्री करें। उसके उपरांत भी इसकी शत प्रतिशत अनुपालना नहीं हो रही है जो कि चिंताजनक है।

# स्वच्छता को लेकर अधिकारी और जनप्रतिनिधि नहीं हैं गंभीर : के. के. गुप्ता

**उदयपुर/डूंगरपुर,** (निसं)। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) भारत सरकार एनएसएससी के गैर सरकारी सदस्य और स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) राजस्थान सरकार में प्रदेश समन्वयक के के गुप्ता ने दोवडा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत दामडी, नरणिया और पुनाली तथा पंचायत समिति बिछीवाडा और पंचायत समिति पाल देवल की ग्राम पंचायत थाना, कनबा, बिछीवाडा और गामडी देवल का आकस्मिक निरीक्षण किया। जहां उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के तहत विभिन्न कार्यो का अवलोकन किया और ग्रामवासियों के साथ संवाद भी किया।




भारत मिशन के तहत कार्यक्रम में उपस्थित के.के.गुप्ता व अन्य अतिथि।

इस अवसर पर गुप्ता ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण राजस्थान के मुख्यमंत्री विजन है और इसे धरातल पर उतारने के लिए शत प्रतिशत प्रयास करते हुए सकारात्मक और उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत के कार्यो में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मिशन से जुड़े हुए अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि अब सिर्फ कागजों पर आंकडे दिखाने से कार्य नहीं चलेगा बल्कि यह एक्शन का समय है और गांव की जनता को स्वच्छ भारत मिशन का लाभ मिले इसके लिए कार्मिकों को अन्य सरकारी योजनाओं के साथ–साथ इस मिशन को भी प्राथमिकता में रखते हुए कार्य करने होंगे अन्यथा उनके विरुद्ध उचित विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही की सिफारिश भी की जाएगी।

गुप्ता ने बताया कि ग्राम पंचायत दामडी में निरीक्षण के दौरान कई प्रकार की कमियां पाई गई है जैसे कि, गांव में कचरा घरों से नहीं उठाया जा रहा है, पूरे गांव में जगह–जगह गंदगी फैली हुई है और स्ट्रीट लाइट लगी हुई नहीं है तथा किसी भी घर पर प्लास्टिक घर उपलब्ध नहीं कराया गया है। ग्राम पंचायत नरणिया में सार्वजनिक शौचालय पूर्ण नहीं हुआ है, गांव में नालियां गंदगी से भरी हुई है, प्लास्टिक घर कहीं भी उपलब्ध नहीं कराया गया। ग्राम पंचायत पुनाली के ग्राम पंचायत भवन तक पहुंचने का मार्ग क्षतिग्रस्त है और मार्ग में दोनों तरफ कंटीली झाड़ियां और गंदगी है सडक के दोनों ओर कचरा फैला हुआ था। गांव का श्मशान घाट भी बहुत खराब स्थिति में है। इसी क्रम में आकस्मिक निरीक्षण के दौरान पाया कि ग्राम पंचायत थाना में गंदगी का अंबार लगा हुआ है, रोड लाइट बंद पडी हुई है और घरों से नियमित रूप से कचरा नहीं उठाया जा रहा है, प्लास्टिक घर कहीं भी उपलब्ध नहीं कराया गया। इन सभी को लेकर ग्राम विकास अधिकारी को पाबंद किया कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के कार्यो में गति लाते हुए प्राथमिकता के साथ लक्ष्य पूरे करें। ग्राम पंचायत कनबा में नालियां गंदगी से भरी पडी है। रोड लाइट भी बंद है और यहां भी घरों से कचरा संग्रहण नहीं किया जा रहा है प्लास्टिक के उपलब्ध नहीं कराया गया है नालियों का गंदा पानी सडकों पर फैल रहा है। ग्राम पंचायत बिछीवाडा में आरआरसी प्लांट के लिए भूमि का आवंटन नहीं किया गया है। गांव में अतिक्रमण चरम सीमा पर है और गांव के अंदर की मुख्य सडक भी क्षतिग्रस्त हालत में है तथा नालियां गंदगी से भरी हुई है, खाली प्लॉट पर कचरा भरा पड़ा है।

ग्राम पंचायत गामडी देवल में घरों से कचरा संग्रहण नहीं हो रहा है और गांव में जगह–जगह प्लास्टिक फैला हुआ है। सामुदायिक शौचालय मूत्रालय गंदा पाया गया है। प्लास्टिक घर कहीं भी उपलब्ध नहीं कराया गया।

**■ स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण समन्वयक गुप्ता ने ग्राम पंचायतों का किया आकस्मिक निरीक्षण**

इसको लेकर बैठक में उपस्थित अतिरिक्त विकास अधिकारी मनोज शर्मा, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण ब्लॉक कोऑर्डिनेटर अरविंद चौबीसा और ग्राम विकास अधिकारी ईशान को निर्देशित किया। उक्त सभी ग्राम पंचायत के निरीक्षण में यह भी देखा गया कि किसी भी ग्राम पंचायत में प्रत्येक घर – घर तक प्लास्टिक संग्रहण बैग अभी तक वितरित नहीं हुआ है और सभी गांव में बने हुए सामुदायिक शौचालय भी बहुत गंदे हैं। निरीक्षण के पश्चात गुप्ता द्वारा डूंगरपुर जिला कलेक्टर को पत्र लिखते हुए उक्त ग्राम पंचायतों में स्वच्छ भारत मिशन कार्यो की वास्तविकता से अवगत कराया गया है। गुप्ता ने बताया कि किसी भी ग्राम पंचायत में अभी तक आरआरसी प्लांट कंप्लीट नहीं किया है, इससे कचरा इकट्ठा करने का स्थान चिन्हित नहीं हो पाया है। गुप्ता द्वारा जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी और पंचायत समिति के विकास अधिकारियों को भी पत्र की प्रतिलिपि प्रेषित की है।

# PIMS HOSPITAL UMARDA

# पिम्स हॉस्पिटल उमरड़ा, उदयपुर
## सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल

# गुणवत्तापूर्ण उपचार न्यूनतम दरो पर!



## हमारे सुपरस्पेशलिस्ट रखें हर पल आपके स्वास्थ्य का खयाल



- **डॉ. महेश जैन** – इन्टरनेशनल कॉर्डियोलोजिस्ट
- **डॉ. विवेक रावत** – कॉर्डियो - थॉयरोयेक एवं वेसक्युलर सर्जन
- **डॉ. राजेश खोईवाल** – न्यूरोलॉजिस्ट
- **डॉ. अनुराग पटेरिया** – न्यूरोसर्जन
- **डॉ. सचिन जैन** – ऑनकोलोजिस्ट



- **डॉ. साहिल परमार** – गेस्ट्रोएट्रोलोजिस्ट
- **डॉ. कौशल कुमार गुप्ता** – युरोलॉजिस्ट
- **डॉ. अतुल मिश्रा** – पिडियाट्रीक सर्जन
- **डॉ. एम.पी. अग्रवाल** – प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जन

24/7 Emergency Services

## सुपरस्पेशियलिटी सुविधाएँ

- कार्डियक केयर सेन्टर
- न्यूरो सर्जरी
- नेफ्रोलोजी
- कैंसर सर्जरी
- यूरोलॉजी
- गेस्ट्रोएटरोलॉजी
- न्यूरोलॉजी
- प्लास्टिक एवं बर्न सर्जरी
- जनरल एवं लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी

## निःशुल्क जाँचे

मेमोग्राफी | इकोकार्डियोग्राफी | टीएमटी | लीवर इलास्टोग्राफी (फैटी लीवर) | प्रेगनेंसी सोनोग्राफी | एनोमली स्कैन | एनटी स्कैन | फीटल इको | फीटल कलर डॉपलर | फेफड़ों की दूरबीन से जांच (ब्रोंकोस्कॉपी) | दूरबीन से पेट व आंतों की जांच (एंडोस्कोपी) | ऑडियोमेट्री | बेरा | सुनने की जांच | खून की जांच | सीबीसी | कोलेस्ट्रॉल | कैल्शियम | किडनी लीवर व थायराइड की जांच | बच्चेदानी के मुंह की जांच (पैप स्मीयर) | फ्री डायलिसिस | फ्री नॉर्मल व सिजेरियन डिलीवरी 24*7 | फ्री हर्निया हाइड्रोसील फिशर अपेंडिक्स ऑपरेशन | सोनोग्राफी कंप्लीट | ईसीजी | रैंडम ब्लड शुगर (आर. बी. एस.)



ब्रोंकोस्कोपी | कैथ लेब | राजस्थान की प्रथम rTMS थेरेपी | डिलक्स वार्ड | आई.सी.यू. | 1.5 टेस्ला एम.आर.आई. | मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर | लेज़र टोनिंग

MAA-YOJANA | RGHS Rajasthan Government Health Scheme | ESIC | ECHS | जननी सुरक्षा योजना

## सरकारी योजनाओं में निःशुल्क इलाज

सभी इंश्योरेंस एवं टीपीए कैशलैस इलाज के लिए अधिकृत हॉस्पिटल।

# PIMS HOSPITAL UMARDA — पिम्स हॉस्पिटल

उमरड़ा रेलवे स्टेशन रोड़, उदयपुर (राज.) 313001

**फोन : 0294-3510000**

web : www.pacificmedicalsciences.ac.in | email : info@pacificmedicalsciences.ac.in | /pimsudaipur

# छात्रसंघ चुनाव व विभिन्न मांगों को लेकर मशाल जुलूस निकाला



छात्रसंघ चुनाव व विभिन्न मांगों को लेकर एनएसयूआई ने बुधवार को मशाल जूलूस निकाला।

**उदयपुर**, (निसं)। छात्रसंघ चुनाव व विभिन्न मांगों को लेकर एनएसयूआई ने बुधवार को मशाल जूलूस निकाला।

उदयपुर एनएसयूआई अध्यक्ष देवेंद्र सिंह राठौड के नेतृत्व में प्रदेश सरकार के विरोध में विभिन्न मुद्दों को लेकर बुधवार को विश्वविद्यालय मार्ग से सुखाडिया प्रतिमा तक मशाल जुलूस निकाला। मशाल जुलूस के माध्यम से उदयपुर एनएसयूआई ने प्रदेश सरकार से मांग की विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव को जल्द से जल्द बहाल कर चुनाव की तिथि जारी की जाए। सरकार नए नेतृत्व को खत्म करने की कोशिश कर रही है, सरकार की यह मंशा युवा विरोधी है। इसके अलावा प्रमुख समस्याओं में उदयपुर में कई समय से अघोषित बिजली कटौती चल रही है जिससे छात्र एवं आमजन बेहाल है। मशाल जुलूस के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि प्रदेश सरकार जल्द से जल्द इन मामलों में त्वरित कार्यवाही करें अन्यथा छात्र शक्ति जल्द ही आंदोलन करेगी। मशाल जुलूस के दौरान एनएसयूआई नेता व अध्यक्ष देवेंद्र सिंह राठौड़, महासचिव गोमाराम जाट, छात्र नेता समीर मेघवाल, सूर्यपाल सिंह देवड़ा अभिषेक सिंह राव, गगन दर्जी आदि मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### शोरूम से चोरी करने वाले गिरफ्तार

**उदयपुर,** (निसं)। शहर के सुखेर थाना पुलिस ने अरबन स्क्वायर मॉल से स्पाईकर शोरूम से कपडे चोरी करने वाली गैंग के तीन आरोपी गिरफ्तार किये गये। प्रकरण के अनुसर 29 जुलाई को प्रमोद शर्मा ने पुसिल थाने में रिपोर्ट दी कि अरबन स्क्वायर मॉल में मेरी दुकान हैं जहां पर मैने स्पाईकर कम्पनी के कपड़ों की फ्रेंचाईजी ले रखी है। जहां तीन लडके कपड़े खरीदने के लिए आए तथा ट्रायल रूम में कपडे लेकर गए और कपडे बदलने के बहाने अंदर कपड़ों में छुपाकर जिंस, अंडर गारमेंट चोरी कर ले गए। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक कैलाश चन्द्र के सुपरविजन में सुखेर थानाधिकारी हिमांशु सिंह राजावत के नेतृत्व में हेडकांस्टेबल सुनिल विश्नोई मय टीम ने बत्तीलाल मीणा पुत्र मोहरसिंह निवासी सादपुराटोडा भीम गंगापुर, सुनील मीणा पुत्री छुट्टन मीणा निवासी टोडभीम, अशोक कुमार मीणा पुत्र प्यारेलाल मीणा निवासी माकटोट थाना टोडाभीम गंगापुर को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से चोरी किए कपड़े बरामद किए। आरोपी बत्तीलाल के खिलाफ पूर्व में भरतपुर, करौली तथा जयपुर के विभिन्न पुलिस थानो में 7 प्रकरण दर्ज है तथा अशोके के खिलाफ 2 अपराधिक प्रकरण दर्ज है।

### धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**उदयपुर,** (निसं)। कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसर पीडित लालूराम पुत्र वैणीराम ब्राह्मण निवासी चिरवा सुखेर ने नंदलाल पुत्र किशनलाल ब्राह्मण निवासी ब्राह्मणों की हुंदर डालचंद पुत्र खुशहाल तेली तथा पुष्पा बाई के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि 1982 में जारी ताज कुमार के नाम के पट्टे के आधार पर मैंने भूखण्ड खरीद अपने नाम पर 1997 में रजिस्ट्री करवाई। इस दौरान आरोपी वहां पर रहे थे। कुछ समय बाद कब्जा मांगने पर आरोपियों ने पुष्पाबाई के नाम पर पट्टा प्रस्तुत कर जमीन अपना होना बताया। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### दुष्कर्म का मामला दर्ज

**उदयपुर,** (निसं)। विवाहिता के साथ दुष्कर्म करने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडिता ने आरोपी रामसिंह के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि 27 जुलाई को आरोपी मुझे बहला फुसला कर एकांत में ले गया। जहां उसने मेरे साथ दुष्कर्म किया। एतराज कर चिल्लाने पर आरोपी फरार हो गया। वहां से घर पहुंच कर परिजनों को घटना की जानकारी दी। इस पर पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसकी जांच पुलिस उपाधीक्षक छगनपुरोहित कर रहे है।

### वृक्षारोपण 4 अगस्त को

**उदयपुर,** (निसं)। मेवलिया प्रजापति समाज के मेवाड़ चौखले की मासिक बैठक 4 अगस्त रविवार को ग्राम पंचायत दरौली स्थित श्रीयादे मंदिर परिसर में आयोजित होगी। मेवाड चौखला अध्यक्ष गणेशलाल प्रजापत ने बताया कि मासिक बैठक में समाज के रजिस्ट्रेशन पर चर्चा, जिला सम्मेलन पर विचार के साथ टेलीफोन डायरेक्टरी प्रकाशन के लिए कार्य योजना बनाई जाएगी। संयुक्त महामंत्री डीसी प्रजापत ने बताया कि हरित क्रांति एवं हरियालो राजस्थान के तहत एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण श्रीयादे देवी मंदिर परिसर में किया जाएगा।

### हमले में युवक घायल

**उदयपुर,** (निसं)। आपसी रंजिश के चलते तीन आरोपियों ने चाकू से हमला कर युवक को घायल कर दिया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 29 जुलाई शाम किसी बात को लेकर विवाद होने पर ओम बन्ना निवासी मुकेश ओड व साथियों ने संजय कुमार पुत्र कल्याण सिंह निवासी ओम बन्ना मंदिर के पास सुरो का फला चाकू से हमला कर फरार हो गए। चिल्लाने पर आए परिजनों ने घायल संजय को उपचार के लिए चिकित्सालय पहुंचाया। पुलिस ने संजय की रिपोर्ट पर आरोपी व साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच एएसआई प्रतापसिंह को सौंपी है।

### संभागीय आयुक्त ने हटवाया अतिक्रमण

**बांसवाड़ा,** (निसं)। संभागीय आयुक्त डॉ नीरज के पवन ने लोधा पंचायत क्षेत्र के सब्जी मंडी मार्केट में अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध प्रशासन के साथ मिलकर कार्यवाही की। इस दौरान सब्जी मंडी की दुकानों के बाहर छज्जे, होर्डिंग एवं अवैध निर्माण को समझाईश के बाद हटाकर आमजन को राहत प्रदान की गयी। डॉ. पवन ने उक्त क्षेत्र में साफ-सफाई को लेकर भी निर्देश दिए। ध्यान रहे कि इस क्षेत्र में अतिक्रमण को लेकर आमजन परेशान थे जिसको देखते हुए मंगलवार को कार्यवाही कर राहत प्रदान की गयी।

### कार्यकारिणी का विस्तार

**उदयपुर,** (निसं)। विप्र सेना प्रदेश अध्यक्ष दिनेश शर्मा, प्रदेश महामंत्री गोविंद दीक्षित,उपाध्यक्ष घनश्याम मेनारिया, संभाग अध्यक्ष मोहन मेनारिया के साथ बैठक कर शहर जिलाध्यक्ष प्रदीप श्रीमाली ने मांगीलाल मेनारिया, गिरजा शंकर मेनारिया व जमना शंकर मेनारिया को जिला संरक्षक व जिला सांस्कृतिक पद पर रामेश्वर नेतावत को मनोनीत किया गया है। यह जानकारी विप्र सेना संभाग मिडिया प्रभारी राजेश भट्ट ने दी।

### जनसुनवाई के कार्यक्रम तय

**राजसमंद,** (निसं)। जिले में माह अगस्त में त्रिस्तरीय जनसुनवाई शिविर आयोजित किए जाएंगे। जनसुनवाई शिविर की तिथियां निम्नानुसार हैं- ग्राम पंचायत स्तर पर प्रथम गुरुवार 1 अगस्त, उपखण्ड स्तर पर द्वितीय गुरुवार 8 अगस्त, जिला स्तर पर शुक्रवार 16 अगस्त। कलक्टर ने निर्देश दिए हैं कि जिला स्तरीय जनसुनवाई शिविर में जिले के समस्त विभागीय अधिकारी निर्धारित तिथि को प्रातः 11 बजे राजस्थान सम्पर्क पोर्टल, सीएम हेल्प लाइन-181 पर अपने विभाग के विभिन्न स्तरों पर लंबित और निस्तारित शिकायतों की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट के साथ स्वयं उपस्थित होंगे। साथ ही वें अपने विभाग से संबंधित संभावित प्रकरणों को पूर्व से चिन्हित कर संबंधित परिवादी को जनसुनवाई शिविर में उपस्थित होने के लिए पूर्व में ही सूचित करेंगे। कलक्टर ने यह भी निर्देश दिए हैं कि सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज ऐसे प्रकरणों की सूची सहित अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं जिनका एक से अधिक विभागों के समन्वय से समाधान किया जाना है। ग्राम सरदारगढ में आज होगी रात्रि चौपाल : जिले की ग्राम पंचायत सरदारगढ तहसील सरदारगढ में रात्रि चौपाल का आयोजन गुरुवार को किया जाएगा। चौपाल शाम 7 बजे शुरू होगी। जिसमें जिला कलक्टर डॉ भंवरलाल आमजन की समस्याएं सुनकर मौके पर ही समाधान करेंगे। इस दौरान सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहेंगे।

## मुंशी प्रेमचंद जयंती पर समारोह का आयोजन

**उदयपुर,** (निसं)। राजस्थान साहित्य अकादमी की ओर से कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद जयंती पर समारोह का आयोजन किया गया। समारोह अध्यक्ष डॉ. कृष्ण कुमार शर्मा ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि प्रेमचंद साहित्य को शस्त्र मानते थे। वे साहित्य, समाज और राजनीति तीनों को एक साथ देखते थे। उनका साहित्य तत्सामायिक चेतना का मुखर दस्तावेज है। जिस भाषा का साहित्य अच्छा होगा उनके निवासी श्रेष्ठ होंगे। डॉ. शर्मा ने प्रेमचंद के उपन्यास निर्मला, गोदान कर्मभूमि, गबन आदि पर विस्तार से चर्चा की। प्रांरभ में अकादमी सचिव डॉ. बसंत सिंह सोलंकी ने स्वागत उद्‌बोधन में अकादमी की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इकबाल हुसैन इकबाल ने सरस्वती वंदान प्रस्तुत की।

## 'अन्नपूर्णा रसोई के सफल संचालन हेतु करें निरीक्षण'

- **सभापति ने रसोई निरीक्षकों की ली बैठक**

**डूंगरपुर,** (निसं)। गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लोगो को रियायती दर पर भोजन उपलब्ध कराने वाली अन्नपूर्णा रसोई के बेहतर संचालन को लेकर सभापति अमृत कलासुआ ने बुधवार को परिषद कार्मिकों की बैठक ली। बैठक में सभापति ने कहां कि राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजना से गरीब और जरूरतमंद परिवार को जोडे एवं इस योजना का व्यापक रूप से प्रचार प्रसार कर इस योजना से जरूरतमंदो लोगो को जोडे। उन्होंने कहा कि शहर में 9 अन्नपूर्णा रसोईया संचालित है और प्रत्येक रसोई पर परिषद का कार्मिक निरीक्षक हैए उनकी ड्यूटी बनती है कि वह प्रतिदिन रसोइयां का निरीक्षण करे और रसोई के सफल संचालन हेतु रसोई संचालक को निर्देशित करें । गौरतलब है कि मंगलवार को सभापति अमृतलाल कलासुआ ने पार्षदो के साथ रसोइयों का निरीक्षण किया था और वहा स्वच्छता एवं सुंदरता बनाए रखने हेतु निर्देशित किया था उस संबंध में ही बुधवार को सभापति ने रसोई के निरीक्षकों की बैठक ली एवं आव्यशक निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कार्मिकों से कहा कि रसोई में भोजन की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाएए स्वच्छता और सुंदरता बनाए रखने के निर्देश दिए। मीनू अनुसार ही भोजन मिले, सुबह और शाम साम्य पर भोजन उपलब्ध होए रसोई संचालक का कुशल व्यवहार होए कचरे का समय पर निस्तारण हो और मेरे एवं परिषद अधिकारी द्वारा कभी भी रसोई का निरीक्षण किया जा सकता है अगर रसोई के संचालन में कोई अनियमितता पाई गई तो निरीक्षक के साथ साथ संचालन करता पर भी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। बैठक में उपसभापति सुदर्शन जैन, परिषद कार्मिक हरीश पटेल, पराग मोदी, हरदिल अजीज, प्रकाश जैन, राकेश पांडोर मौजूद रहे।

## देवर की हत्या की आरोपी महिला गिरफ्तार

- **कुल्हाडी से किया था वार, छेडछाड करने पर दिया वारदात को अंजाम**

**डूंगरपुर,** (निसं)। धंबोला थाना पुलिस ने राजपुर गांव में चचेरे देवर की हत्या के आरोप में आरोपी भाभी को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी भाभी ने चचेरे देवर द्वारा उससे छेडछाड और ज्यादती की कोशिश करने पर कुल्हाडी मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त कुल्हाडी को भी जब्त कर लिया है। वहीं पुलिस आरोपी महिला से पूछताछ कर रही है।

धम्बोला थानाधिकारी ने बताया कि राजपुर गांव निवासी चंदूलाल पुत्र कालूजी ननोमा ने 29 जुलाई को रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट में बताया था कि 28 जुलाई को शाम के समय बहू बसंती देवी पत्नी नरेश ननोमा ने फोन कर बताया था कि उसके जेठ मणिलाल पुत्र कालू उर्फ रणछोडलाल ननोमा मीणा और जेठानी लक्ष्मी पत्नी कन्हैयालाल ननोमा मीणा के बीच किसी बात को लेकर झगडा हो गया है। इस दौरान लक्ष्मी ने मणिलाल की कुल्हाडी मारकर हत्या कर दी है। वहीं मौके से फरार हो गई है। जिसके बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू की।

पुलिस ने बुधवार को आरोपी महिला लक्ष्मी ननोमा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी महिला ने बताया कि चचेरा देवर मणिलाल उसके घर पर आया था। उसे अकेला पाकर उससे छेडछाड करने लगा और उससे ज्यादती करने की कोशिश की। जिस पर उसने कुल्हाडी से उसके सिर पर वार कर दिया था। जिससे उसकी मौत हो गई थी। पुलिस आरोपी महिला से पूछताछ कर रही है।

## बालाजी मंदिर पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन

**राजसमंद,** 31 जुलाई। जिला मुख्यालय के समीपतर्वी मोही कस्बे के श्री नृसिंह द्वारा मंदिर में मंगलवार को सुन्दरकाण्ड का पठन किया गया। इससे पूर्व पंडित दिनेश खंडेलवाल ने पूर्व मूखी बालाजी का आकर्षक श्रृंगार कर आरती कर भोग लगाया गया। इस दौरान लक्ष्मणसिंह, दिलिप कुमार, मदनलाल, मुकेश कुमार, नीरज मेहता, उत्तम जैन, मुरली मनोहर सोनी, अभिषेक शर्मा, पिरू माली, मधु सुदन आचार्य, राजू टांक, जितेन्द्रसिंह भाटी, शक्तिसिंह भाटी, एचएससिंह भाटी, अरूणसिंह, राजेश सांखला, नारायण खंडेलवाल, दीपक महात्मा, अनिल प्रजापात सहित राम हनुमान भक्त उपस्थित थे।

## बलात्कार का आरोपी गिरफ्तार

**भीम,** (निसं)। एक महिला के साथ एक निजी फाइनेंस कर्मचारी द्वारा बलात्कार करने पर भीम थाने की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बलात्कार के आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पीड़ित महिला ने थाने में रिपोर्ट दिए की मुझे पैसों की जरूरत होने से मैं एलएनटी फाइनेंस कार्यालय भीम पहुंची यहां पर मुझे समूह द्वारा 80000 का लोन स्वीकार हुआ। मैं गटकाई महीना से समय पर लोन की किस्त देने के बावजूद भी एलटी फाइनेंस कर्मचारी गिरिराज मेघवाल पुत्र भेरूलाल जाति मेघवाल निवासी राजबास जिला बूंदी बार-बार मुझे मोबाइल द्वारा फोन करता था कई बार मुझे दबाने का कार्य करता था एक दिन मुझे कार्यालय बुलाया जहां पर पदार्थ में कुछ मिलाकर मुझे बेहोश कर दिया और मेरे साथ बलात्कार किया मेरे द्वारा आरोपी को कहने पर मुझे ब्लैकमेल करने लगा और कहा कि तेरा वीडियो मेरे पास है किसी को बोली तो सोशल मीडिया पर चला दूंगा। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तुरंत प्रभाव से आरोपी गिरिराज सिंह को गिरफ्तार कर लिया।

## नाबालिक बच्ची से बलात्कार का आरोपी गिरफ्तार

**भीम,** (निसं)। भीम पुलिस ने नाबालिक बच्ची के साथ बलात्कार करके गर्भवती करने पर 65 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया है।

भीम थाना अधिकारी ने बताया कि भीम थाने में 25 जुलाई 2024 को नाबालिक बच्ची की मां ने मुकदमा दर्ज कराया कि मेरी 16 वर्षीय पुत्री जिसकी मानसिक स्थिति खराब है उसकी तबीयत खराब होने के कारण मैं हॉस्पिटल लेकर आई जहां पर जांच में पाया गया कि वह गर्भवती है। बच्ची को इशारों में कई बार पूछने पर उसने बताया कि दो-तीन महीने पहले मैं जंगल में बकरियां चराने गई थी उसे समय आरोपी प्रताप सिंह पुत्र दुर्ग सिंह रावत ने मेरे साथ दुष्कर्म किया जिस पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए जांच की जिस पर भीम पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी प्रताप सिंह पुत्र दुर्ग सिंह जाति रावत निवासी कुंडली की ग्वार को गिरफ्तार किया जहां पर न्यायालय में पेश किया गया न्यायालय ने 15 दिन तक के लिए डिमांड पर भेज दिया।

## सार-समाचार

### परिषद ने आवारा पशु पकड़े

**डूंगरपुर,** (निसं)। शहर की सडकों के मध्य विचरण करने वाले गुमंतु पशुओं को पकडने की कार्यवाही दूसरे दिन भी जारी रही। सभापति अमृत कलासुआ के निर्देश पर सफाई निरीक्षक रामसिंह राजावत के निर्देशन में शहर की स्वच्छता और सुंदरता को खराब कर रहे गुमंतु पशुओं को पकडने की कार्यवाही दूसरे दिन भी जारी रही। सभापति ने बताया कि शहर की स्वच्छता और सुंदरता को बनाए रखने हेतु आमजन की सहभगिता जरूरी है और उसमें पशु पालक की भी जिम्मेदारी है कि वह अपने पशुओं को खुल्ला न छोडे और सडकों के मध्य न आने देवे क्योंकि पशु सडकों पर आकर गंदगी करते वहीं एवं यातायात को भी बाधित करते है । उन्होंने कहा कि सडकों के मध्य अगर पशु पाया गया था पशुपालक से जुर्माना वसूला जाएगा साथ ही उस पर कानूनी कार्यवाही भी की जाएगी। सभापति ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शहर की स्वच्छता एवं सुंदरता के साथ कोई समझोता नहीं किया जाएगा। अगर कोई पशु पालना चाहता है तो वह जरूर पाले पर उसको खुल्ला न छोडे, अब कोई भी पशु सडकों के मध्य पाया गया तो उसको गोशाला में छोडा जाएगा और पशु मालिक से जुर्माना वसूला जाएगा। उन्होंने कहा कि ये शहर हम सभी का है और स्वच्छता एवं सुंदरता बनाए रखना हम सभी का कर्तव्य है।

### सुखाड़िया को नमन किया

**उदयपुर,** (निसं)। बुधवार आधुनिक राजस्थान के निर्माता व राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री मोहनलाल सुखाडिया की जयंती पर उन्हें याद किया गया। उदयपुर में सुखाडिया परिवार, कांग्रेस नेता और सुखाडिया से उस समय जुडे लोगों ने सुबह शहर के दुर्गानर्सरी रोड स्थित सुखाडयिा समाधि पर नमन किया। समाधि पर सुबह 9 बजे से लोगों का जुटना शुरू हो गया। सभी ने सुखाडयिा की समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी ने वहां पहुंचकर सुखाड़िया की समाधि पर पुष्प अर्पित किए।सीपी जोशी ने कहा कि आज हम जो विकसित राजस्थान की तस्वीर देख रहे हैं वह सुखाडयिा के मुख्यमंत्री काल में किए गए विकास कार्यो की देन है। देहात अध्यक्ष कचरू लाल चौधरी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सुरेश श्रीमाली,महासचिव गोपाल कृष्ण शर्मा,पंकज कुमार शर्मा,पीसीसी सचिव दिनेश श्रीमाली,राजस्थान हायर एजुकेशन काउंसिल के पूर्व उपाध्यक्ष डा.दरियाव सिंह चुंडावत,इंदौर यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति डॉ.भरत छापरवाल पुत्र अरुण,पुत्रवधु सुधा सुखाडिया,पौत्र दीपक सुखाडयिा,पुत्री चंदा सिंघल,दामाद एपी सिंघल आदि ने पुष्पांजलि अर्पित की।

### खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

**राजसमंद,** (निसं)। जिला मुख्यालय के समीपवर्ती पीईओ पुठोल के प्राथमिक विद्यालय एयोनियॉस स्कूल में संकुल स्तरीय प्राथमिक विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न हुई। खेलकूद कार्यालय प्रभारी ललिता पालीवाल ने बताया कि खेलकूद प्रतियोगिता मंगलवार को प्रधानाध्यापिका शीतल पालीवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। दो दिवसीय प्रतियोगिता में खो-खो छात्रवर्ग में प्रथम स्थान पर प्रावि भील बस्ती खारंडिया, दूसरे स्थान पर एयोनियॉस स्कूल पुठोल, कबड्डी छात्रवर्ग में प्रावि भील बस्ती खारंडिया प्रथम तथा द्वितीय स्थान पर प्रावि सार्दुल खेडा रहा। साहित्यिक प्रतियोगिता हिंदी वाद -विवाद में प्रथम स्थान पर एयोनियॉस स्कूल पुठोल, द्वितीय स्थान पर कीरो का ओडा रहा। सांस्कृतिक प्रतियोगिता में प्रावि खारंडिया प्रथम व द्वितीय स्थान पर कीरो का ओडा रहा। प्रथम व द्वितीय स्थान पर आने वाले खिलाडियों को ओलम्पिया जिम राजसमंद के सौजन्य से पारितोषिक वितरण किया गया। निर्णायक के रूप में मनोहर पालीवाल, हरीश माली ने अपनी भूमिका निभाई। कार्यालय की व्यवस्था राजेश गुर्जर, पुरणमल दाधीच, कुलदीप चौधरी, कमलसिंह गौरवा, सचिन गौरवा, भावेश सनाढ्य, कविता, रवीना रेगर के सानिध्य में हुई।

### किसान संघ ने सरकार को धन्यवाद दिया

**राजसमंद,** (निसं)। राजस्थान सरकार द्वारा भारतीय किसान संघ जिला राजसमन्द से बजट पूर्व चर्चा में मांगे गए सुझाव के अन्तर्गत जिले में चाही गई किसान हितैषी मांगों को सरकार द्वारा बजट में कार्यरूप में परिणित करने की घोषणा पर जिले के भारतीय किसान संघ व जिले की सम्पूर्ण किसान बिरादरी ने सरकार का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया है। गौरतलब है कि बजट में खारी फीडर की चौडाई केलिए 150 करोड की राशि आवंटित की गई है। चारभुजा, कुम्भलगढ में रिछेड के पास प्रस्तावित बेडच का नाका परियोजना को मूर्त रूप देकर चारभुजा, आमेट, सरदारगढ क्षेत्र की भूमि को सिंचाई व उपज बढाने लाभ देने को 60 करोड स्वीकृत किये गये है। साथ ही इस योजना का अतिरिक्त पानी गोमती नदी के मार्फत राजसमन्द तालाब में भी भराव के लिए डाला जा सकेगा।

### वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारम्भ

**उदयपुर,** (निसं)। केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार सघन वृक्षारोपण के तहत पीएम श्री राजकीय फतह उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ के अवसर पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय प्रबंधक मनीष कुमार भारद्वाज, प्रबंधक मानव संसाधन एवं प्रशासन शरद गोराणा प्रधानाचार्य चेतन पानेरी राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी गोपाल सिंह आसोलिया, खेल प्रभारी धर्मेंद्र सिंह शक्तावत योगेंद्र सिंह भाटी दिग्विजय सिंह राणावत डॉ महेश्वर पाल सिंह पन्नालाल जोशी स्वयंसेवक छात्र-छात्रा स्थानीय विद्यालय के शिक्षक गण एवं विद्यार्थी आदि सभी ने सहयोग दिया।

### आवासीय लीडरशिप ट्रेनिंग सम्पन्न

**उदयपुर,** (निसं)। सीमेट गोनेर (जयपुर) के आदेशों की अनुपालना में डाइट उदयपुर द्वारा राजकीय विद्यालयों के प्रिंसिपल्स की 10 दिवसीय आवासीय लीडरशिप ट्रेनिंग का समापन बुधवार को हुआ। समापन समारोह की अध्यक्षता योजना एवं प्रबंध प्रभाग की प्रभाध्यक्ष डॉ मृदुला तिवारी ने की। डाइट उदयपुर के उप प्रधानाचार्य डॉ ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि इस प्रशिक्षण में उदयपुर, चित्तौड़गढ़, बांसवाड़ा, डूंगरपुर तथा प्रतापगढ़ जिले से कुल 52 प्रधानाचार्यों ने भाग लिया।

### केन्द्रीय कारागृह का निरीक्षण

**उदयपुर,** (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के माननीय सदस्य सचिव जयपुर के तत्वाव धान मे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष श्री ज्ञान प्रकाश गुप्ता के निर्देशन में एडीजे कुलदीप शर्मा एवं एडीजे नंबर 3 प्रवीण कुमार ने केन्द्रीय कारागृह उदयपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता, चिकित्सा, भोजन, नाश्ते, मुलाकात, एस टी डी इत्यादि की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एडीजे कुलदीप शर्मा ने महिला जेल का भी औचक निरीक्षण किया।

## आदिवासियों की जमीनों पर भू-माफियाओं के कब्जे, जांच की मांग

- **कम्युनिस्ट पार्टी के राज्यव्यापी आव्हान पर कलेक्ट्रेट कार्यालय के बाहर 12 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना दिया**

**डूंगरपुर,** (निसं)। कम्युनिस्ट पार्टी के राज्यव्यापी आव्हान पर कलेक्ट्रेट कार्यालय के बाहर 12 सूत्रीय मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन बापुराम बरंडा के नेतृत्व में दिया गया।

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी जिला कमेटी के रामलाल कलासुआ ने बताया कि धरने को सम्बोधित करते हुए कॉ.अमृतलाल ने कहा कि किसानों को किसान सम्मान निधि का पैसा समय पर नही मिल रहा है न ही राशि बढाई गई हैं ऐसे में किसानो को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है जिले में हर घर नल से जल योजना को तुरन्त लागू करना होगा, लेकिन कई ग्राम पंचायत में टँकीया नही बनी है न ही पाईप बिछाई गई है न नल लगे हैं, जल जीवन मिशन के तहत जो काम चल रहे हैं जिला प्रशासन सभी जगहों पर निरक्षण करें और जांच करें कि धरातल पर पर नियमों के तहत काम हो रहे हैं या भ्रष्टाचार हैं,जिला सचिव गौतमलाल डामोर ने कहां कि जिले के ग्रामीण इलाकों में अघोषित बिजली कटौती से आम जनता त्रस्त हैं, बिना सूचना के रात में कई बार बिजली कटौती की जा रही हैं जिसकी कोई समय सीमा नही हैं जिससे ग्रामीण इलाके में काफी आक्रोश व्याप्त है। जिले में कई काश्तकारों का पडत जमीन में पुराना कब्जा हैं इन्हें कब्जे दिए जाने चाहिए, लेकिन अभी तक इस पर प्रशासन का रवैया सुस्त हैं। शहर के आसपास व कई जगहों पर आदिवासियों के जमीनों पर भू-माफियाओं के कब्जे मकान गिराये जा रहे हैं,बेदखल किये जा रहा है इस पर रोक लगनी चाहिए लेकिन प्रसाशन की कानों पर जूं नही रेंग रही हैं,पूरी तरीके से मिलीभगत है यह सब हो रहा है।

ज्ञापन में बतया कि मनरेगा में 200 दिन का काम हर साल दिया जावे तथा 300 रूपया न्यूनतम मजदुरी दी जावे। मनरेगा के सारे बकाया पेमेन्ट तुरन्त किये जावे, गत वर्ष हुए फसल खराबे का मुआवजा तुरन्त दिया जावे,काश्तकारों के सभी कर्जे समाप्त किये जावे, शहर के आसपास व अन्य जगहो पर आदिवासियों की जमीनों पर भू-माफियाओं द्वारा कब्जा किया जा रहा है, मकान गिराये जा रहे है एवं आदिवासियों को उनकी जमीनों से बेदखल किया जा रहा है उन्हे तत्काल रोका जावे। प्रशासन उनके विरूद्ध तत्काल कार्यवाही कराने सहित मांगो के निराकरण की मांग की है। ज्ञापन देते समय प्रतिनिधि मण्डल में शंकरलाल, सन्तोष बंशीलाल खराडी, जीवनलाल खराडी सोमा भाई, शम्भु दयाल, वालजी, भगवती, नानूराम कटारा, अजय कटारा, रोशन, फाल्गुन भराडा अन्य साथी मौजूद रहे।

## गुरुकुल स्कूल में मनाया अलंकरण समारोह

**राजसमंद,** (निसं)। जिला मुख्यालय के समीपवर्ती रिको इंडस्ट्रियल एरिया धोइंदा स्थित करियर पॉइंट गुरुकुल विद्यालय में बुधवार को अलंकरण समारोह का योजन किया गया। जिसमें सभी कक्षाओं को मिलाकर चार टीमें तैयार की गयी। इस दौरान विद्यार्थियों को कैप्टेन व वाइस कैप्टेन पदों से नवाजा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इसके बाद विद्यालय परिसर में सभी निर्वाचित छात्रों को बैच व पट्टी पहनाकर सम्मानित किया गया। सभी हाउसों के नाम पर्वतों के आधार पर रखे गए। रघुवीरसिंह को हैड बॉय तथा हर्षिता जैन को हेड गर्ल बनाया गया। इसके अलावा अन्य पदक विजेता छात्र -छात्राओं को प्रतिक चिन्ह व शैशे देकर सम्मानित किया गया।

## थोरिया के तालाब में डूबे युवक का शव निकाला

**राजसमंद,** (निसं)। एसडीआरएफ की टीम ने जिले के ग्राम थोरिया के तालाब में डूबे 22 वर्षीय युवक के शव को बरामद करने में बुधवार को सफलता प्राप्त की। थानाधिकारी केलवाडा विशाल ने बताया मंगलवार को सांय 6 बजे जिले के पुलिस कंट्रोल रूम से पुलिस थाना केलवाडा के अन्तर्गत ग्राम थोरिया के तालाब में एक युवक के डूबने की सूचना एसडीआरएफ राजस्थान कंट्रोल रूम जयपुर को मिलने पर एसडीआरएफ कंट्रोल रूम द्वारा कमाण्डेंट राजेन्द्रसिंह सिसोदिया के निर्देशानुसार मानसून सत्र 2024 में आपदा राहत एवं बचाव के लिए एसडीआरएफ कम्पनी जोधपुर की रिजर्व पुलिस लाईन जिला राजसमन्द पर तैनात रेस्क्यू टीम एफ-07 के प्रभारी हैड कानि. सुखाराम को अविलम्ब घटनास्थल के लिए रवाना होने के निर्देश दिए।

इस तरह हुई एसडीआरएफ की कार्रवाई : रेस्क्यू टीम प्रभारी 10 जवानों की टीम तथा आपदा राहत उपकरणों के साथ सांय 6:45 बजे घटनास्थल पर पहुंचे। टीम कमाण्डर ने स्थिति का जायजा लिया तथा एसडीआरएफ कमाण्डेन्ट को बताया कि पुलिस थाना केलवाडा के अन्तर्गत ग्राम थोरिया के तालाब में स्नान करने के दौरान गहराई में जाने के कारण एक युवक डूब गया था। इस युवक के शव को बाहर निकालने के लिए स्थानीय प्रशासन एवं ग्रामीणों द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, किन्तु अभी तक सफलता नहीं मिल पाई है। तालाब की लम्बाई 600 मीटर, चौडाई 300 मीटर तथा गहराई लगभग 30 फीट है। टीम कमाण्डर के निर्देश पर रेस्क्यू टीम के जवानों - लालचन्द, कन्हैयालाल, राजेन्द्र, सुरेश कुमार, दौलतराम, सुन्दरलाल, विजेन्द्रसिंह, विद्यानन्द तथा सुनील कुमार ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। सबसे पहले रेस्क्यू टीम ने मोटर बोट को तेज गति से चलाकर तालाब के पानी का हिलाया। उसके बाद रेस्क्यू टीम ने बांस, बिलाई तथा रेस्क्यू रोप की सहायता से गहन सर्च ऑपरेशन चलाया। सांय 7:45 बजे अंधेरा होने कारण स्थानीय प्रशासन के निर्देशानुसार सर्च ऑपरेशन बुधवार प्रातः तक स्थगित कर दिया गया। बुधवार को रेस्क्यू टीम द्वारा प्रातः 6:45 बजे घटनास्थल पर पहुंचकर सर्च ऑपरेशन पुनः शुरू किया गया। टीम ने मोटर बोट, लाईफ बॉय, बिलाई, बांस तथा रेस्क्यू रोप की सहायता से गहन सर्च ऑपरेशन चलाया।


एक बेहतर कल के लिए, ज़िंक हमेशा आपके साथ
देश का ज़िंक – हिन्दुस्तान ज़िंक
विश्व की अग्रणी एकीकृत ज़िंक उत्पादक
शीर्ष 3 एकीकृत चांदी उत्पादको में से एक
CRUSHER CHAMBER
vedanta
transforming for good
HINDUSTAN ZINC
Zinc & Silver of India
SAFE
SMART
SUSTAINABLE
www.linkedin.com/company/hindustanzinc
www.Instagram.com/hindustan_zinc
www.facebook.com/HindustanZinc
www.twitter.com/hindustan_zinc
Hindustan Zinc Limited Yashad Bhawan, Udaipur - 313004 Rajasthan, India. T: +91 294 6604000 - 20 | www .hzlindia.com


GMCH
GEETANJALI HOSPITAL
HEALTH IS HAPPINESS
HOSPITAL
LABORATORY
BLOOD BANK
EMERGENCY
नन्हीं खुशियों
का करें स्वागत और पायें
अपनेपन का अहसास
हमारी विशिष्ट जच्चा-बच्चा सुविधाओं के साथ।
सुरक्षित मातृत्व के लिए हमारी 24X7 सेवाएं
उच्च प्रशिक्षित स्टाफ
पेनलेस डिलीवरी
हाई रिस्क प्रेग्नेन्सी संबंधित उपचार एवं ICU सुविधा उपलब्ध
नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई (NICU)
नि:शुल्क टीकाकरण
जन्म से 1 साल तक के बच्चों का
*नेशनल इम्यूनाइज़ेशन प्रोग्राम के तहत
मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना
राजस्थान गवर्नमेंट हैल्थ स्कीम (RGHS)
जननी सुरक्षा योजना (JSY)
सभी सरकारी, निजी, टी.पी.ए. (TPA) व इन्श्योरेन्स से अधिकृत।
गीतांजली मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल, उदयपुर (राज.)
नेशनल हाईवे-8 बायपास, एकलिंगपुरा चौराहा के पास
91161 70342
0294 2500044

# उपलब्धिपरक सेवाकाल के बाद राजस्व मंडल अध्यक्ष राजेश्वर सिंह सेवानिवृत्त

## सफलता अर्जित करने के लिये सजगता, संयम, सहजता एवं निर्मलता के गुणों को आत्मसात करने की जरूरत : राजेश्वर सिंह

**अजमेर।** राजस्व मंडल अध्यक्ष राजेश्वर सिंह ने कहा कि हर क्षेत्र में सफलता अर्जित करने के लिये सजगता, संयम, सहजता एवं निर्मलता के गुणों को आत्मसात करने की जरूरत है। राजेश्वर सिंह बुधवार को राजस्व मंडल सभागार में अपनी सेवानिवृत्ति के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि कर्मक्षेत्र में सफलता के लिये सदाशयता एवं सहजता के मानवतावादी गुणों के आधार बनाने की महती आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमें बगैर किसी को कष्ट पहुंचाये सर्व कल्याणकारी सोच के साथ कार्य करने का संकल्प लेना चाहिये। हम परस्पर सांस्कृतिक धार्मिक आस्थाओं का सम्मान करें। आपसी सौहार्द एवं सहयोग की भावना से आगे बढते हुए स्वस्थ परिवेश की स्थापना करें। समारोह में अध्यक्ष राजेश्वरसिंह, तहसीलदार शंकर लाल बलाई एवं जमादार हेमा का सेवानिवृत्ति के अवसर पर माल्यार्पण, पुष्प गुच्छ, साफा, शॉल, स्मृति चिह्न एवं गीता भेंट कर अभिनंदन किया गया।



राजस्व मंडल सभागार में सेवानिवृत्ति पर आयोजित समारोह को राजेश्वरसिंह ने संबोधित किया।

■ समारोह में अध्यक्ष राजेश्वरसिंह, तहसीलदार शंकर लाल बलाई एवं जमादार हेमा का सेवानिवृत्ति पर अभिनंदन किया गया

समारोह में मंडल निबंधक महावीर प्रसाद, सदस्य सुरेंद्र परिहार, अविनाश चौधरी, भंवर सिंह सांदू, भवानी सिंह पालावत, महेंद्र लोढ़ा, कमला अलारिया, आरआरटीआई निदेशक ऋषिबाला श्रीमाली, अति. निबंधक प्रिया भार्गव, उप निबंधक सुनीता यादव एवं सलीम खान वित्तीय सलाहकार शैलेंद्र परिहार, सांख्यिकी निदेशक बीना वर्मा, अमित शर्मा, सुधीर शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। स्वागत विभागीय समिति अध्यक्ष अजय गुर्जर ने, जबकि आभार सचिव राजकुमार बाघमार ने जताया।

राजेश्वर सिंह के 4 अगस्त 2021 को मंडल अध्यक्ष का कार्यभार संभालने के बाद निरंतर रूप से मंडल की बेहतरी के लिये प्रभावी कदम उठाकर प्रदेश के राजस्व न्यायालयों के लिये मिसाल कायम की। राजस्व न्यायालयों के निर्णयों की गुणवत्ता को परखने के लिये सर्वश्रेष्ठ निर्णय लेखन प्रतियोगिता, पीठासीन अधिकारियों की निर्णय लेखन कार्यशालाएं, राजस्व न्यायालयों की कार्यप्रणाली में गुणात्मक सुधार के लिये निबंध लेखन प्रतियोगिताएं व विजेताओं का सम्मान, अन्य राज्यों के राजस्व न्यायालयों की कार्यप्रणाली का अध्ययन सहित अनेक नवाचारों से राजस्व मंडल को नयी पहचान मिली। उन्होंने राजस्व न्यायालयों के कामकाज को विधिसम्मत ढंग से सम्पादित कराने को लेकर समय समय पर महत्वपूर्ण परिपत्र एवं दिशा निर्देश भी जारी किये।

## मधुमक्खियों के हमले में 30 विद्यार्थी, दो शिक्षक घायल

**भानपुर कलां, (निसं)।** ग्राम पंचायत नांगल तुलसीदास स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल के बाहर विद्यार्थियों पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया, जिससे दो शिक्षक व 30 विद्यार्थी घायल हो गए। घायलों का भानपुर कलां सीएचसी में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को नांगल तुलसीदास स्कूल में एक शिक्षक के सेवानिवृत्त कार्यक्रम के बाद विद्यार्थी व शिक्षक घर जा रहे थे। तभी स्कूल गेट के सामने हनुमानजी मंदिर के पास पीपल के पेड़ में पहले से मौजूद मधुमक्खियों के छाते से मधुमक्खियों ने पेड़ के नीचे मौजूद शिक्षकों व विद्यार्थियों पर हमला बोल दिया। जिसके बाद अफरा तफरी से मच गई। मधुमक्खियों के हमले से दो शिक्षक सहित 32 विद्यार्थी घायल हो गए।

तभी मौजूद ग्रामीणों व शिक्षकों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को अपने निजी वाहन से करीब दो किमी दूर भानपुर कलां सीएचसी में भर्ती करवाया, जहां पर डॉ. ऋत्विका ब्याडवाल की टीम ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया। सूचना के बाद विद्यार्थी के अभिभावक भी मौके पर पहुंचे व अपनों की कुशलक्षेम जानी। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करके सभी को घर भेज दिया।

## अमित शाह से मदन राठौड ने की मुलाकात

**जयपुर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। राठौड़ ने राजस्थान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के रूप में मिली नई जिम्मेदारी के लिए गृहमंत्री शाह का आभार जताया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश भाजपा को नई उंचाईयों पर ले जाने का विश्वास दिलाया।

### राजस्थान सरकार निदेशालय खान एवं भूविज्ञान विभाग, राजस्थान, उदयपुर

क्रमांक निदे/अ.ख.अ.नीलामी / निलामी ( ERCCXII ) /2024/ई-07584

**ई-नीलामी विज्ञिप्त संख्या-ERCC (XII/2024)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली, 2017 के नियम-36 व 37 के तहत विभाग द्वारा इस विज्ञिप्त से अप्रधान खनिजों के प्रभावशील खनन पट्टों/क्वारीं लाईसेसों व परमिट क्षेत्रों से निर्गमित होने वाले खनिजों पर अधिशुल्क / अधिक अधिशुल्क, परमिट शुल्क, प्रिमीयम शुल्क, डी.एम.एफ.टी., आर.एस.एम.ई.टी. एवं अन्य शुल्क संग्रहण के कुल 21 ठेके खुली ई-नीलामी के माध्यम से दिये जाने हेतु इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म पर इच्छुक बोलीदाताओं से बोली आमंत्रित की जाती है। ठेकों से संबंधित विस्तृत विवरण जैसे-ठेका क्षेत्र, खनिज, अमानत राशि, बोली प्रस्तुत करने की तिथि व समय इत्यादि का विवरण व ई-ऑक्शन की प्रक्रिया एवं मुख्य शर्तें विभागीय वेबसाइट www.mines.rajasthan.gov.in एवं इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म प्रदाता कंपनी MSTC की वेबसाइट www.mstcecommerce.com पर उपलब्ध हैं।

DIPR/C/6842/2024 ( भगवती प्रसाद ) IAS निदेशक

### Office of The Program Officer (EGS) Cum BDO Panchayat Samiti Sayla (Jalore)

No.- 101 Date-29.04.2024

**Notice Inviting Bid- 01/2024-25**

Bid for Supply Work of Material and Equipments & Work tenders for various work as below are invited from interested bidders under various Gram Panchayats of Panchayat samiti sayla. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://proc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state; and notice board of this office.

| Name of Gram Panchayat | approximate value of the procurement | UBIN |
|---|---|---|
| Thalwad | 100.00 Lakh | ZJR2425GLRC00252 |
| Thalwad | 10.00 Lakh | ZJR2425WSOB00265 |
| Thalwad | 10.00 Lakh | ZJR2425WSOB00266 |
| Toora | 100.00 Lakh | ZJL2425GLRC00256 |
| Sanfada | 90.00 Lakh | ZJR2425GLRC00276 |

Programme Officer (EGS) Cum BDO Panchayat Samiti Sayla (Jalore)

DIPR/C/6865/2024

## बड़े भाई के 12वें की रस्म के दिन छोटे की भाई की हत्या

**बीकानेर, (निसं)।** जामसर थाना इलाके में देर रात को दो परिवारों में आपसी विवाद के चलते हुए झगड़े में एक युवक की हत्या कर दी गई। हत्या के बाद गांव में तनाव का माहौल है। परिजन और ग्रामीण आक्रोशित हैं। पीबीएम अस्पताल की मोर्चरी के सामने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन भी हुआ। आरोपी व मृतक आपस में चाचा-ताऊ व भाई बताए जा रहे हैं। घटना कालासर गांव में हुई। कालासर निवासी किशन सिंह पुत्र पन्ने सिंह राजपूत की ओर से उम्मेदसिंह, योगेन्द्र सिंह, शंकरसिंह, गोविंद सिंह, प्रभुसिंह के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया गया है।

■ दो परिवारों में आपसी विवाद के चलते हुए झगड़े में हत्या की

जानकारी के अनुसार परिवादी किशनसिंह के बड़े भाई अमान सिंह की 18 जुलाई को मौत हो गई थी। 29 जुलाई को 12वें की रस्म के बाद परिवादी, उसके पिता पन्ने सिंह, माता, बहन प्रेम कंवर, बहनोई नत्थूसिंह व उसका भानजा गिरधारी सिंह एवं भाभी शांति कंवर व संजू कंवर घर पर थे। बताया जा रहा है कि शोक तोड़ने के लिए शाम को परिवार के लोगों ने शराब पी। तभी गणेश सिंह का आरोपियों से विवाद हो गया। आरोपियों ने कहा कि अमान सिंह की मौत के बारे में तू ज्यादा ही खोजबीन कर रहा है। इस बात को लेकर दोनों पक्षों में झगड़ा हो गया। पन्नेसिंह के बड़े बेटे की भी 18 जुलाई को नहर में डूबने से मौत हो गई थी। परिजनों को उसकी मौत पर भी आशंका थी। 10-12 दिनों में उसके बुढ़ापे के सहारे दो बेटों की मौत हो गई। बड़े बेटे अमानसिंह का 29 जुलाई को 12वां था और इसी रात को आरोपियों ने छोटे बेटे की गर्दन तोड़कर हत्या कर दी।

डॉ. प्यारेलाल शिवरान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण बीकानेर का कहना है कि प्रथमदृष्टया पारिवारिक मामला है। सोमवार रात को हुए झगड़े में गणेश सिंह की हत्या कर दी गई। मौत कैसे हुई, यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर स्पष्ट होगा। तीन-चार व्यक्तियों को डिटेन कर रखा है, जिनसे पूछताछ की जा रही है।

# विधायक रविन्द्र सिंह भाटी ने युवाओं को रोज़गार और विकास के लिए आवाज़ उठाई

## विधायक रविन्द्र सिंह भाटी ने अपने विधानसभा क्षेत्र की मौजूदा स्थिति पर चिंता जताई और इसे मुख्य धारा से पिछड़ा हुआ बताया

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा के मौजूदा सत्र में शिव विधायक रविन्द्र सिंह भाटी ने नियम संख्या 295 के तहत एक विशेष उल्लेख करते हुए मल्टी नेशनल कंपनियों द्वारा स्थानीय युवाओं को रोजगार प्रदान करने की अहम मांग उठाई। भाटी ने अपने विधानसभा क्षेत्र की मौजूदा स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की और इसे मुख्यधारा से पिछड़ा हुआ बताया, जहां बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है।

उन्होंने कहा कि जिस विधानसभा क्षेत्र का मैं प्रतिनिधित्व करता हूं, वह मूलभूत सुविधाओं जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर, रोजगार, बिजली, पानी और शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़ा हुआ है। किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए, इंफ्रास्ट्रक्चर का मजबूत होना अत्यंत आवश्यक है। भाटी ने अपने क्षेत्र के निवासियों की कठिनाइयों को उजागर करते हुए कहा कि पाकिस्तान की सीमा पर 55 डिग्री तापमान में भी हमारे लोग अपने अदम्य साहस और संकल्प के बल पर राष्ट्र प्रथम की भावना को जीवित रखते हैं। आजादी के 77 वर्ष बाद भी वे सड़कों, पानी, बिजली, शिक्षा, रोजगार, संचार और परिवहन जैसी सरकारी सुविधाओं से वंचित हैं। उन्होंने सदन में बताया कि वर्तमान समय में उनके क्षेत्र में कई नामी कंपनियां सोलर प्लांट स्थापित कर रही हैं, लेकिन इसका फायदा स्थानीय लोगों को न तो रोजगार के रूप में मिल रहा है और न ही उत्पादित बिजली का उपयोग करने के रूप में। आखिर क्या कसूर है उन वाशिंदों का जो प्रकृति के प्रतिकूल थपेड़ों के साथ-साथ सरकारी उदासीनता के थपेड़े भी झेल रहे हैं? भाटी ने भावुक होकर सवाल उठाया।



शिव विधायक रविन्द्र सिंह भाटी।

■ 'जिस विधानसभा क्षेत्र का मैं प्रतिनिधित्व करता हूं, वह मूलभूत सुविधाओं जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर, रोजगार, बिजली, पानी और शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़ा हुआ है'

भाटी ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि इन कंपनियों के सीएसआर (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी) फंड भी उन स्थानीय लोगों तक नहीं पहुंच रहा, जिनकी भूमि, चारागाह और स्वच्छ वायु इन कंपनियों ने छीन ली है। सूर्य देवता के प्रचंड ताप और लू के थपेड़ों के बीच हमारे लोग प्यासे हैं, शिक्षा के लिए स्कूल नहीं हैं, और जहां हैं, वहां भी एक-एक अध्यापक के भरोसे चल रहे हैं। चिकित्सा सुविधाओं का हाल और भी बुरा है, बिजली का आना त्योहार की तरह हो गया है, और रोजगार के लिए लोग दक्षिण भारत की ओर पलायन कर रहे हैं, उन्होंने कहा। भाटी ने सरकार से निवेदन किया कि क्षेत्र के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने और बाहरी कंपनियों द्वारा संचालित प्लांटों में स्थानीय युवाओं को आवश्यक रूप से रोजगार देने के लिए विशेष कदम उठाए जाएं।

उन्होंने कहा कि मैं सरकार से अपील करता हूं कि वे हमारे क्षेत्र की समस्याओं को गंभीरता से लें और इनका समाधान निकालें ताकि शिव क्षेत्र के लोगों के जीवन में सुधार हो सके, उन्होंने सदन में कहा। उन्होंने अंत में कहा कि मुझे आशा है कि सरकार मेरी बात को गंभीरता से लेकर शिव क्षेत्र के लोगों के लिए उम्मीद की किरण जगाएगी। भाटी की इस मांग ने सदन में एक नई बहस को जन्म दिया और यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि सरकार इस पर क्या कदम उठाती है।

### कार्यालय अधिशाषी अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड सांचौर

क्रमांक : अअ/सांचौर/2024-25/650 दिनांक : 30.07.2024

**निविदा सूचना संख्या : 06 वर्ष 2024-2025**

**NIB No. : PWD2425A0962**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से **विभिन्न सड़क मरम्मत कार्यों** हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवम् दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में कुल 5 सड़क मरम्मत कार्य जिनकी लागत राशि रु. 135.00 लाख है के लिए ई-टेंडरिंग प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन वार्षिक दर अनुबंध निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| ऑनलाईन निविदा आवेदन डाउनलोड एवं अपलोड करने की तारीख | : | 31 जुलाई, 2024, 9.30 बजे से 12 अगस्त 2024, दोपहर 12.00 बजे तक |

निविदा से संबंधित विवरण वेब साईट http://dipr.rajasthan.gov.in व http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया http://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन सम्पादित की जायेगी। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट पर http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। कार्यवार यू.बी.एन. संख्या निम्नानुसार है।

| | |
|---|---|
| 1. UBN : PWD2425WSOB03629 | 2. UBN : PWD2425WSOB03630 |
| 3. UBN : PWD2425WSOB03631 | 4. UBN : PWD2425WSOB03632 |
| 5. UBN : PWD2425WSOB03633 | 6. UBN : PWD2425WSOB03634 |

( ओम प्रकाश )
अधिशाषी अभियंता, सा.नि.वि. खंड सांचौर

DIPR/C/6860/2024

### जयपुर विकास प्राधिकरण

इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरु मार्ग, जयपुर-302004

क्रमांक : जविप्रा / अधि.अभि. / RRP-2 / 2024-25 / डी-1 दिनांक 31.07.2024

**बिड आमंत्रण सूचना**

**बिड संख्या-JDA/EE(RRP-2)/2024-25/NIB-1**

जयपुर विकास प्राधिकरण अधिशाषी अभियंता (RRP-1) में "Road site plantation on Southern Ring Road from Tonk Road to Ajmer Road Chainage 19+700 to 46+700 including 2 year maintenance. JDA Jaipur" कार्य जिसकी लागत रू. 302.11 लाख के लिए दिनांक 07.08.2024 सांय 6.00 बजे तक ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं। विस्तृत विवरण, जो कि निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है, अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में अथवा राजस्थान सरकार के उपापन पोर्टल www.sppp.raj.nic.in व www.eproc.rajasthan.gov.in एवं जयपुर विकास प्राधिकरण की वेबसाइट www.jda.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No. JDA2425WSOB00205

निविदादाता को निविदा में भाग लेने हेतु आवश्यक है कि :-

1. जयपुर विकास प्राधिकरण की वेबसाइट www.jda.rajasthan.gov.in पर पंजीकृत हो। निविदा शुल्क व आर.आई.एस.एल. प्रक्रिया शुल्क केवल ऑनलाइन ही देय होगी। बोली प्रतिभूति ऑनलाईन अथवा बैंक गारन्टी के द्वारा दी जा सकती है।
2. ऑनलाईन निविदा में भाग लेने हेतु राजस्थान सरकार के पोर्टल www.eproc.rajasthan.gov.in पर पंजीकृत हो।

राज.संवाद / सी / 24 / 3118 अधिशाषी अभियन्ता (RRP-2)

### Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd.JAIPUR

No.NIT/2024-25/8889-8903 **अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 093/2024-25** Date:31.07.2024

निम्नलिखित परियोजनाओं पर राजस्थान राज्य सड़क विकास एवं निर्माण निगम लि. (RSRDC Ltd.) में पंजीकृत टोल कलेक्शन ठेकेदारों से पथकर वसूली हेतु ई-टेन्डिरिंग प्रक्रिया से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है-

| कार्य का विवरण | आरक्षित राशि (रू.) |
|---|---|
| Collection of Toll Tax on following Road for the period of 02 years | |
| (1) On "Bikaner Byepass Road." UBN : RRC2425SLOB00209 | 4034.25 Lakh |
| (2) On "Hanumangarh-Suratgarh Road" UBN : RRC2425SLOB00210 | 3465.74 Lakh |
| (3) On "Pratapgarh-Mandsaur Road" UBN : RRC2425SLOB00211 | 1021.54 Lakh |

निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र में निविदा शुल्क, धरोहर राशि, डाउनलोड करने व खोलने की तारीख सहित सम्पूर्ण विवरण एवं संशोधन वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.nic.in तथा http://roads.rajasthan.gov.in/rsrdc पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

### कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सानिवि जिला खण्ड प्रथम बीकानेर

क्रमांक - 1276 दिनांक-29.07.2024

**Notice Inviting Bid :02/2024-25**

Bids for Renewal of Various roads under Package No. RJ-08-01-Khajuwala /CMBA/2024-25 & Deposit work [MP LAD] are invited from interested bidders upto 01.08.2024 [09:30 AM] to 14.08.2024 [06:00 PM] & Open date 16.08.2024 [11:00 AM], other particulars of the bid may be visited on the procurement portal http://www.pwd.rajasthan.gov.in & eproc. rajasthan.gov.in & http://sppp.rajasthan.gov.in of the state and departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 204.00 Lakh.

UBN No.
1 PWD 2425 WSOB03584
2. PWD 2425 WSOB03585

Executive Engineer,
PWD Distt. Dn-i, Bikaner

DIPR/C/6832/2024

### OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DIV. HINDAUN

File No. 1487-96 Date:-23/7/24

**Notice Inviting Bid**

Bid (E-NIT No. 03/2024-25) for Major road repair work on "Annual rate Contract basis" are invited from Registard & Interested bidders up to 6.00 PM on 10.08.2024. procurement portal (http://eproc. rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state departmental website may be Visited for Other Details of Bid. The approximate value of the procurement is Rs. 67.20 lacs.

UBN No.
1. PWD 2425 WSRC03512
2. PWD2425 WSRC03513

(Hari Narayan Meena)
Executive Engineer
PWD Division Hindaun

DIPR/C/6765/2024

### बीकानेर नगर निगम

नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान) फैक्स :- 0151-2226906, फोन :- 0151-2226902, 0151-2226905
E-Mail Address :- nagarnigambikaner@gmail.com, Web Site :- www.bikanermc.org

क्रमांक :- विद्युत/2024/11137 दिनांक :- 30/07/2024

**ई-निविदा सूचना संख्या 02/विद्युत/2024**

नगर निगम कार्यालय, बीकानेर द्वारा विद्युत सम्बन्धित कार्य (राशि रूपये 19.20 लाख) हेतु इच्छुक सम्भरणकर्ता जो कार्य करने/सामग्री संभरण करने के लिए अनुभवी हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्योरमेंट प्रक्रिया से ऑनलाईन निविदाएँ आंमत्रित की जाती हैं। निविदा कार्य से सम्बन्धित सम्पूर्ण विवरण एवं तिथि राज्य सरकार की ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **http://eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in** तथा नगर निगम बीकानेर की वेबसाईट **www.bikanermc.org** पर देखी व डाउनलोड की जा सकती है तथा निर्धारित अवधि तक ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **http://eproc.rajasthan.gov.in** पर अपलोड की जा सकती है। **UBN Number :- DLB2425WSOB04528**

आयुक्त,
नगर निगम, बीकानेर

राज.संवाद/सी/24/3102

### कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति कैलाश नगर हिण्डौन सिटी जिला करौली (राज.)

कृषि विपणन राजस्थान

E-mail - Kums.hndon@rajasthan.gov.in

क्रमांक :- राजकाज 9379460 दिनांक :- 30/07/2024

**बोली आमंत्रण सूचना संख्या-03/2024-25**

ईच्छुक बोलीदाताओं से बागवानी ठेका, प्रकाश व्यवस्था ठेका, मोटर पम्प चालक ठेका, इन्टरनेट डाटा ठेका, जीप किराया ठेका, गौण मण्डी प्रांगण करौली एवं टोडाभीम में केन्टीन संचालन ठेका (खुली बोली नीलामी) हेतु बोली /निविदा दिनांक 08.08.2024 सांय 05:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा के सबंध के अन्य विवरण राजस्थान राज्य की उपापन पोर्टल **https://sppp.rajasthan.gov.in** पर और विभागीय वेबसाईट **www.agriculture.rajasthan.gov.in/dam** पर देखे जा सकते है। UBN - क्रमशः **DAM2425SSOB00562, DAM2425SSOB00563, DAM2425SSOB00564, DAM2425SSOB00565, DAM2425SSOB00566, DAM2425SSOB00567, DAM2425SSOB00568**

प्रशासक
कृषि उपज मण्डी समिति, हिण्डौन सिटी

सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति, हिण्डौन सिटी

राज.संवाद/सी/24/3110

# डबल चैकिंग के बावजूद एक व्यक्ति जोधपुर जेल में मोबाइल लेकर पहुंचा

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर केंद्रीय कारागार में मंगलवार को बाहरी व्यक्ति ने किसी अन्य के नाम से रजिस्ट्रेशन करवाया फिर एक सजायाफ्ता आजीवन कारावास पॉक्सो एक्ट के बंदी से मिलने पहुंच गया। कांच की दीवार बनी होती है जिसके बीच उसने इस बंदी को की-पेड फोन पकड़ा दिया। जेल प्रहरी की नजर पड़ी तो वह वहां से भाग गया। सबसे बड़ी बात यह रही कि जिस स्थान से वह भागा वह जेल दरवाजे से तकरीबन 400 मीटर की दूरी तय करती है। पुलिस में अब इस बाबत सजायाप्ता बंदी के साथ वहां आए शख्स को नामजद किया गया है। की-पेड फोन बरामद कर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार गंगाणी का धर्मेंद्र चौधरी ने जेल में किसी व्यक्ति से मिलने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया था। मगर उसे जिस शख्स से मिलना था, उससे ना मिलकर वह एक सजायाप्ता बंदी रमेश पुत्र हुकमाराम से मिलने चला गया। जेल प्रशासन द्वारा इनकी बातचीत करवाई गई। इनके बीच कांच की दीवार बनी रहती है। मगर यह अपने साथ लाए एक की-पेड को रमेश को देते पकड़ा गया। इसकी नजर वहां मौजूद जेल प्रहरी की पड़ गई। तब धर्मेंद्र वहां से भाग गया। रातानाडा थानाधिकारी प्रदीप डांगा ने बताया कि धर्मेंद्र भागने में सफल हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है। मोबाइल को बरामद कर लिया गया है। रमेश सजायाप्ता मुल्जिम है।

**द्विस्तरीय होती है जांच :-** दरअसल जेल में आने वाले फरियादियों की जांच के लिए जेल प्रहरी नियुक्त हो रहे है। जेल में एंट्रेंस के समय वे फरियादियों और उनके सामान अच्छे से चैकिंग करते हुए फिर उन्हें प्रवेश दिया जाता है। मगर धर्मेंद्र फिर फोन लेकर अंदर तक पहुंच गया। यहां जेल के बाहर ही स्थानीय पुलिस का भी पहरा रहता है। मगर यह पुलिस केवल जेल स्टाफ की चैकिंग के लिए कार्यरत है। वह फरियादियों की चैकिंग नहीं करती है। इस द्विस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद भी लोग अवांछनीय सामग्री लेकर जेल में आ रहे हैं, जोकि अपने आपमें कई सवाल खड़े कर रहे हैं। जेल उपाधीक्षक सौरभ स्वामी की तरफ से विचाराधीन बंदी रमेश और गंगाणी निवासी धर्मेंद्र चौधरी के खिलाफ केस दर्ज करवाया गया है।

### कार्यालय सहायक निदेशक महिला अधिकारिता विभाग, करौली

क्रमांक-570 **ई-बिड सूचना 03/2024-25** दिनांक-23/7/24

इस कार्यालय द्वारा संचालित वन स्टॉप सेन्टर (सखी केन्द्र) करौली हेतु मानव संसाधन उपलब्ध के लिये प्रतिष्ठित एवं सुस्थापित फर्मों से मोहरबंद निविदाएं निर्धारित प्रपत्र में आमंत्रित की जाती है-

NIB CODE : WMP2425A0063
UBN : WMP2425SLRC00067

| क्र. सं. | मानव संसाधन सेवाओं का विवरण | अनुमानित लागत रू. (लाखों में) | बोली प्रतिभूति राशि (रूपये में) | बोली शुल्क (रूपये में) | बोली प्रपत्र डाउनलोड की तिथि एवं समय | बोली प्रपत्र अपलोड की अंतिम तिथि एवं समय | तकनीकी बोली खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | CENTER ADMINISTRATIVE-1 | 28.20 लाख | 56400/- | बोली फॉर्म की मूल्य 500/- ई-टेंडरिंग प्रोसेसिंग फीस 500/- बजट मद 8443-00-103 (सिविल विभाग) -00-00 | 23.7.2024 सायं 5.00 बजे से | 6.8.2024 प्रातः 6.00 बजे तक | 7.8.2024 सायं 2.00 बजे |
| 2 | Case Workers-2 | | | | | | |
| 3 | Para Legal/Lawer-1 | | | | | | |
| 4 | Para Medical-1 | | | | | | |
| 5 | Psycho-social counseller-1 | | | | | | |
| 6 | Office Assistance-1 | | | | | | |
| 7 | Multi purpose staff-3 | | | | | | |
| 8 | Security Guard-3 | | | | | | |

5. प्राप्त ई-निविदाऐं उपापन समिति द्वारा निर्धारित तिथि एवं समय पर खोली जायेगी।
6. ई-निविदा संबंधी प्रपत्र व शर्तें कार्यालय सहायक निदेशक महिला अधिकारिता विभाग, करौली मे कार्यालय समय में एवं www.sppp.raj.nic.in, http://eproc.rajasthan.gov.in अथवा http://wcd.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।
7. निविदा प्रपत्र शुल्क कार्यालय सहायक निदेशक, महिला अधिकारिता विभाग, करौली के नाम से देय केवल चालान (बजट मद 8443-00-103 (सिविल विभाग)-00-00) द्वारा जमा करवाई जा सकती है।
8. किसी भी निविदा को या उस निविदा के किसी भी भाग को बिना कोई कारण बताये रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा।

(सत्यनारायण नावरिया)
सहायक निदेशक, महिला अधिकारिता विभाग, करौली

DIPR/C/6917/2024

## स्मैक तस्कर जयपुर से गिरफ्तार, कार जब्त

**करौली, (निसं)।** करौली की लांगरा थाना पुलिस ने स्मैक सप्लाई कर क्षेत्र के युवाओं को नशे की लत लगाने के आरोपी को जयपुर से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से कार भी जब्त की है। लांगरा थानाधिकारी वासुदेव बसवाल ने बताया कि आरोपी गंगापुर, महावीरजी, हिण्डौन, करौली, मासलपुर, धौलपुर क्षेत्र में कार से स्मैक की सप्लाई करता है। तस्कर के तार बारां, झालावाड़, जयपुर के तस्करों से जुड़े हुए हैं। सचिन कार से स्मैक लाकर पूर्व में गिरफ्तार किए आरोपी समय सिंह मीना को सप्लाई करता था। स्मैक की खरीद का लेन देन फोन-पे के माध्यम से करते थे। स्मैक के खरीद फरोख्त के करीब 15 फोन पे ट्रांजेक्शन मिले हैं, जो करीब 2 लाख 40 हजार रुपए का लेनदेन है। आरोपी सचिन पढ़ाई के नाम पर परिजनों को झांसा देकर स्मैक की अवैध खरीद-फरोख्त करता था।

### कार्यालय अतिरिक्त मुख्य अभियंता एवं परियोजना प्रबन्धक, वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर जिला परिषद अजमेर

क्रमांकः- निविदा / 2024-25 / 2012-23 दिनांकः- 27.07.2024

**अल्पकालीन ई- निविदा सूचना संख्या 01, 02, 03, 04, 01 / 2024-25 / केकड़ी, सरवाड़, भिनाय, मसूदा, किशनगढ़**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से अजमेर जिले की निम्न पंचायत समितियों में मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान 2.0 के अन्तर्गत जलग्रहण विकास कार्यो के संपादन करने हेतु सक्षम श्रेणी मे पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र मे खुली ई टेण्डरिग प्रकिया द्वारा आर्नलाईन निविदाऐं आंमत्रित की जाती है। कार्य का विस्तृत विवरण बेवसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in और www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र.स. | पंचायत समिति एवं योजना का नाम | निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाखों में) | धरोहर राशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र शुल्क (रूपये में) | प्रोसेसिंग शुल्क (रूपये में) | आन लाईन फार्म अपलोड व जमा / डाउनलोड करने की दिनांक | धरोहर राशि निविदा शुल्क, प्रोसेसिंग फीस व निविदा प्रपत्र अपलोड कराने की अंतिम दिनांक | ऑनलाईन निविदा खोलने की दिनांक | NIB CODE | UBN CODE | EPROC TENDER ID |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | केकड़ी (मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान 2.0) | 01/24-25/Kekri | Construction of Farm Ponds | 99.50 | 1,99,000/- | 1000/- | 1500/- | 29.07.2024 09.30 AM | 07.08.2024 06.00 PM | 08.08.2024 11.00 AM | WSC2425A0154 | WSC2425WSOB00239 | 2024_WDSC_409027_1 |
| 2 | सरवाड़ (मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान 2.0) | 02/24-25/Sarwar | Construction of Farm Ponds | 76.09 | 1,52,175/- | 1000/- | 1500/- | 29.07.2024 09.30 AM | 07.08.2024 06.00 PM | 08.08.2024 11.00 AM | WSC2425A0156 | WSC2425WSOB00240 | 2024_WDSC_409249_1 |
| 3 | भिनाय (मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान 2.0) | 03/24-25/Bhinai | Construction of Farm Ponds, Nadi Desilting, Anicut Renovation | 58.88 | 1,77,777/- | 1000/- | 1500/- | 29.07.2024 09.30 AM | 07.08.2024 06.00 PM | 08.08.2024 11.00 AM | WSC2425A0159 | WSC2425WSOB00244 | 2024_WDSC_409337_1 |
| 4 | किशनगढ़ (मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान 2.0) | 04/24-25/ Kishangarh | Construction of Anicut, RTWHS, Farm Ponds | 21.70 | 43,400/- | 500/- | 500/- | 29.07.2024 09.30 AM | 07.08.2024 06.00 PM | 08.08.2024 11.00 AM | WSC2425A0160 | WSC2425WSOB00245 | 2024_WDSC_409344_1 |
| 5 | मसूदा (मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान 2.0) | 01/24-25/ Masuda | Construction of RTWHS, Khadin, Farm Ponds, Sunken Pond | 26.09 | 52,194/- | 500/- | 500/- | 29.07.2024 09.30 AM | 07.08.2024 06.00 PM | 08.08.2024 11.00 AM | WSC2425A0157 | WSC2425WSOB00242 | 2024_WDSC_409294_1 |

नोट - उपरोक्त तालिका में किसी प्रकार की त्रुटि होने पर ई-प्रोक पोर्टल पर दर्शाई गई सूचना ही सही मानी जावे।

(इन्दर चन्द खण्डेलवाल)
अतिरिक्त मुख्य अभियंता एवं परियोजना प्रबन्धक
वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर
जिला परिषद अजमेर।

DIPR/C/6791/2024

# पेसिफिक में बिजनेस एनालिटिक्स और डेटा माइनिंग पर कार्यशाला


पेसिफिक इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में बिजनेस एनालिटिक्स और डेटा माइनिंग पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

**उदयपुर , (निसं)।** पेसिफिक इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट ने बिजनेस एनालिटिक्स और डेटा माइनिंग पर एक दिवसीय प्रमाणन कार्यक्रम आयोजित किया, जो विशेष रूप से स्नातक छात्रों के लिए तैयार किया गया है।

संस्थान के परिसर में आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को बिजनेस एनालिटिक्स के उभरते क्षेत्र में आवश्यक ज्ञान और कौशल से लैस करना था। बिजनेस एनालिटिक्स और डेटा माइनिंग के विशेषज्ञ डॉ. मनुज जोशी ने कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के

- **कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को बिजनेस एनालिटिक्स के उभरते क्षेत्र में आवश्यक ज्ञान और कौशल से लैस करना था**

रूप में प्रतिभागियों को बिजनेस एनालिटिक्स की मूलभूत अवधारणाओं और व्यावहारिक अनुप्रयोगों में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान की। पेसिफिक इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के डीन प्रो. दिपिन माथुर ने कार्यक्रम की सफलता पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा, "हमारा लक्ष्य छात्रों को व्यवसाय जगत की उभरती मांगों के लिए तैयार करना है और उनके करियर में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक कौशल विकसित करना है। यह प्रमाणन कार्यक्रम हमारे छात्रों को सशक्त बनाने की दिशा में एककदम है।

कार्यक्रम समन्वयक डॉ. आशीष अधोलिया ने बताया की पेसिफिक इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट आज के गतिशील कारोबारी माहौल में सफलता के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल से छात्रों को लैस करने के लिए नवीन कार्यक्रमों और पहलों के लिए कटिबद्ध है। कार्यक्रम में छात्रों को बिजनेस एनालिटिक्स में प्रमुख अवधारणाओं, उपकरणों और तकनीकों एवं डेटा माइनिंग के महत्व और क्षेत्र में उपयोग की जाने वाली विभिन्न तकनीकों से परिचित कराया गया। प्रमाणन कार्यक्रम को विभिन्न विषयों के स्नातक छात्रों द्वारा खूब सराहा गया, जो बिजनेस एनालिटिक्स और डेटा माइनिंग में शिक्षा की बढ़ती रुचि और आवश्यकता को उजागर करता है। उपस्थित लोगों को सफल समापन पर प्रमाण पत्र दिए गए, जिससे नौकरी बाजार में उनकी योग्यता और प्रतिस्पर्धात्मकता में वृद्धि हुई।

## उदयपुर से आगरा तक चलेगी वंदे भारत ट्रेन

**उदयपुर, (निसं)।** उदयपुर से जयपुर के बीच चलने वाली वंदे भारत ट्रेन को अब आगरा तक चलाया जाएगा। इसकी शुरूआत दो सितंबर से होगी।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार रेलवे टूरिज्म सेंटरों को जोडने की सोच के साथ रेलवे इस रूट पर वंदे भारत की शुरूआत करने जा रहा है। इससे उदयपुर और आगरा आने वाले टूरिस्ट को सीधे कनेक्टिविटी वाली ट्रेन मिलेगी, जो कम समय में सफर पूरा कराएगी। उदयपुर से आगरा और उदयपुर से जयपुर के बीच चलने वाली वंदे भारत ट्रेन अब सप्ताह में तीन-तीन दिन चलेगी। उन्होंने बताया कि गाडी संख्या 20981,उदयपुर सिटी-आगरा कैंट त्रि.साप्ताहिक चलेगी। इसके तहत ट्रेन सोमवार,गुरुवार और शनिवार को वंदे भारत सुपरफास्ट रेल सेवा इस रूट पर चलेगी। ये ट्रेन 2 सितंबर 2०24 को उदयपुर सिटी से 5.45 बजे रवाना होकर 14.30 बजे आगरा कैंट पहुंचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 20982, आगरा कैंट-उदयपुर सिटी सोमवार, गुरुवार और शनिवार को ही वंदे भारत 2 सितंबर को ही रवाना होगी। ये ट्रेन आगरा कैंट से 15 बजे रवाना होकर 23.45 बजे उदयपुर सिटी पहुंचेगी।

# विश्व स्तनपान सप्ताह कल से, पुस्तक का विमोचन


पीएमसीएच के चेयरमेन राहुल अग्रवाल ने पुस्तक का विमोचन किया।

**उदयपुर, (निसं)।** पेसिफिक मेडीकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की ओर से 1 अगस्त से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह का आयोजन किया जाएगा।

स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.राजरानी शर्मा ने बताया कि इस बार विश्व स्तनपान दिवस की थीम 'अंतराल को कम करना - सभी के लिए स्तनपान सहायता ' है। विश्व स्तनपान सप्ताह का उद्देश्य माताओ को स्तनपान के महत्व के साथ ही उनके शिशुओं कों स्तनपान से होने बाले लाभों के बारे में बताना है।

इस अवसर पर पुस्तक का विमोचन का विमोचन पीएमसीएच के चेयरमेन राहुल अग्रवाल, ऐक्जीक्यूटिव डॉयरेक्टर अमन अग्रवाल,सीईओ शरद कोठारी, प्रिसिंपल एवं डीन डॉ.एम.एम. मंगल एवं स्त्री एवं प्रसुति रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.राजरानी शर्मा ने किया। डॉ.राजरानी शर्मा ने बताया कि इस सप्ताह के दौरान 10 से 7 अगस्त तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाऐगें जिसके अंतर्गत पीजी के विधार्थीयों के लिए निबन्ध, एमबीबीएस के छात्रों के लिए पोस्टर प्रतियोगिता, फिजियोथेरेपी के विधार्थीयो के लिए स्लोगन/ पोस्टर प्रतियोगिता एवं नर्सिंगकर्मियों के लिए स्लोगन लेखन प्रतियोगिता के आयोजन के साथ ही हॉस्पिटल पेराफेरी के गॉवों में जाकर एमबीबीएस के विधार्थीयों द्वारा महिलाओं को स्तनपान के बारें में जागरूक किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान की समीक्षा बैठक

**उदयपुर, (निसं)।** राज्य सरकार के आदेशानुसार मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान (हरियालो राजस्थान) अन्तर्गत राजकीय भवनों एवं राजकीय भूमि पर पौधारोपण के सम्बन्ध में आज जिला परिषद सभागार में मुख्य कार्यकारी अधिकारी कीर्ति राठौड की अध्यक्षता एवं अंजुम ताहिर सम्मा, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी के सानिध्य में विकास अधिकारियों एवं सहायक अभियंताओं के साथ समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा विकास अधिकारियों को पंचायत समिति स्तर पर राजीविका, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग के अधिकारियों, गौशाला संचालकों, स्वयंसेवी संस्थाओं, भामाशाहों के साथ बैठक कर विभागीय निर्देशानुसार आवंटित लक्ष्य अनुसार नियत समयावधि में पौधारोपण करायें जाने के तथा अब तक लगाएं गये पौधों की जियो टेंग हरियालो राजस्थान एप पर करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में राजीव प्रकाश माथुर, अधिशाषी अभियंता, ग्यारसी लाल शर्मा, अतिरिक्त विकास अधिकारी, जिले के समस्त विकास अधिकारी एवं सहायक अभियंताओं सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित हुए।

# पेसिफिक में बी.बीए-बी.कॉम के नए सत्र का शुभारंभ


पेसिफिक इंस्टिट्यूट ऑफ़ बिज़नस स्टडीस के तत्वावधान में तीन दिवसीय इंडक्शन एवं ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

**उदयपुर , (निसं)।** पेसिफिक इंस्टिट्यूट ऑफ़ बिज़नस स्टडीस के तत्वावधान में तीन दिवसीय इंडक्शन एवं ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

इसके अंतर्गत नव आगंतुक विद्यार्थियों का कॉलेज के वर्तमान विद्यार्थियों द्वारा तिलक और लच्छा बांधकर स्वागत किया। कार्यक्रम के आरंभ में डॉ. रचना पालीवाल ने वाणिज्य संकाय में अध्यापन करवा रहे प्रोफेसरों का संक्षिप्त परिचय दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि हर बीस विद्यार्थियों पर एक प्रोफेसर की नियुक्ति मैंटर के रूप में की गई है जो की उनकी शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक सभी समस्याओं का त्वरित समाधान करते हुए उन्हें करियर से संबंधित मार्गदर्शन प्रदान करेंगें। प्राचार्य डॉ. अनुराग मेहता ने कॉलेज एवं पेसिफिक विवि के नियमों एवं विविध सुविधाओं के बारे में बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को केस स्टडी के माध्यम से प्रैक्टिकल तरीके से पढ़ाई की जानकारी दी।

साथ ही नई शिक्षा नीति के अनुसार एग्जाम पद्धति, सेशनल परीक्षाओं एवं असाइनमेंट स्कीम के बारे में समझाया। मेहता ने कॉलेज द्वारा संचालित किये जा रहे विविध हॉबी क्लब तथा स्टडी सर्किल से भी जुड़ने का आव्हान विद्यार्थियों से किया। विद्यार्थियों को नए शैक्षणिक सत्र की समय सारणी भी बताई गई जिसमें की परीक्षाओं का समय, खेल गतिविधियों व प्रतिस्पर्धाओं का समय तथा अक्टूबर माह में होने वाली राष्ट्रीय कांफ्रेंस के बारे में बताया गया। द्वितीय व तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने नवागंतुक विद्यार्थियों के स्वागत में आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियां भी दी। खेल-खेल में प्रबंधन के सिद्धांतों की जानकारी देने के उद्देश्य से सोफ्ट स्किल ट्रेनर नीलिमा बजाज के निर्देशन में मैनेजमेंट गेम्स भी विद्यार्थियों को खिलवाएं गए। व्यक्तिगत तथा सामूहिक दोनों ही श्रेणी के खेलों में विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। । कार्यक्रम का संचालन बीबीए के छात्र इदरिस मुखिया और रिषिका माहेश्वरी ने किया।

# जनजाति बच्चों के लिए अध्ययन सुविधा के बढ़ेंगे अवसर

- **आश्रम छात्रावास व आवासीय विद्यालयों में 675 की बढ़ी क्षमता**
- **37.95 करोड़ रूपए की प्रशासनिक स्वीकृति जारी**

**उदयपुर, (निसं)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार जनजाति वर्ग के बच्चों की अध्ययन सुविधाएं बढ़ाने के लिए सतत प्रयास है। जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी के संवेदनशील प्रयासों से टीएसपी क्षेत्र में उदयपुर, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, प्रतापगढ़ और बारां जिलों में आश्रम छात्रावास और आवासीय विद्यालयों में कुल 675 की क्षमता बढ़ाने के लिए 37.95 करोड़ रूपए की प्रशासनिक स्वीकृति जारी की गई है।

टीएडी आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी ने बताया कि उदयपुर, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, प्रतापगढ़ और बारां जिले के कुल 30 आश्रम छात्रावासों में 156 नए डोरमेट्री के लिए 31.55 करोड़ रूपए की स्वीकृति जारी हुई, इससे उक्त छात्रावासों में 555 अतिरिक्त बालक-बालिकाओं के लिए आवास सुविधा का विस्तार हो सकेगा। वहीं डूंगरपुर और बांसवाड़ा के एक-एक आवासीय विद्यालय में 15-15 अतिरिक्त डोरमेट्री के लिए 6.40 करोड़ रूपए स्वीकृत हुए हैं। उदयपुर जिले में जनजाति बालिका छात्रावास गोगुन्दा, डबोक एवं झाड़ोल में में 25-25 अतिरिक्त छात्राओं की आवास सुविधा का विस्तार होगा। इसी क्रम में जनजातीय बालक छात्रावास ओडा, गोराणा, नालवा, पाटिया, आड़ीवली, कल्याणपुर, बारापाल में 10-10 छात्रों हेतु अतिरिक्त आवास व्यवस्था एवं सरेरा जनजाति छात्रावास में 25 छात्रों हेतु अतिरिक्त आवास व्यवस्थाओं का निर्माण किया जाएगा। सलूम्बर जिले के बालिका छात्रावास सलूम्बर व बालक छात्रावास सराड़ा में 25-25 की क्षमता बढाई जाएगी। बांसवाड़ा जिले में आश्रम छात्रावास बड़ी सरवा में 15, बालक छात्रावास वजवाना में 10, बालक छात्रावास भुंगड़ा में 25, सरेड़ी बड़ी में 15 तथा बालिका छात्रावास बडलिया में 25 बालिकाओं के लिए अतिरिक्त व्यवस्था प्रस्तावित है। डूंगरपुर जिले में बालक छात्रावास ओबरी में 15, बालिका छात्रावास बिछीवाड़ा में 5 तथा बालक छात्रावास सीमलवाड़ा में 15 की क्षमता बढ़ाई जाएगी।

प्रतापगढ़ जिले के बालिका छात्रावास देवगढ़ में 25 व बालिका छात्रावास सालमगढ़ में 15 की क्षमता बढ़ाई जाएगी। बारां जिले के बालक छात्रावास समरानिया में 50, बालक छात्रावास आगर, खाण्डा सहरोल, हाटरी व खण्डेला में 25-25 तथा कस्बा थाना और बजरंगढ में 10-10 छात्रों की क्षमता बढ़ाई जाएगी।टीएडी आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी ने बताया कि राजकीय जनजाति बालिका आवासीय विद्यालय सागवाड़ा डूंगरपुर में 60 तथा राजकीय जनजाति बालिका आवासीय विद्यालय हरेंगजी का खेड़ा में 60 सीटों की बढ़ोतरी होगी। इससे जनजाति वर्ग के बच्चों को अध्ययन सुविधाओं के अधिक अवसर मिल सकेंगे।

## मजिस्ट्रेट ने किया कारागृह का निरीक्षण

**राजसमंद, (निसं)।** जिला प्राधिकरण अध्यक्ष राघवेन्द्र काछवाल के निर्देशानुसार जिला प्राधिकरण सचिव संतोष अग्रवाल ने जिला कारागृह का निरीक्षण कर कारागृह की भोजन, सफाई, आवास, सुरक्षा इत्यादि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अग्रवाल ने बताया कि निरीक्षण के समय कारागृह में कुल 97 बंदी निरुद्ध मिले। कुछ बंदियों को अन्यत्र जिले के कारागृहों में स्थानांतरित करना बताया। नवीन प्रवेशित बंदियो से संवाद किया गया। सभी ने अपने प्रकरण में पैरवी के लिए अधिवक्ता नियुक्त होना बताया। कारागृह में कोई भी बंदी 18 साल से कम उम्र का निरूद्ध नहीं पाया गया। निरीक्षण के समय डॉ पीनल द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा था। बंदियों को यूटीआरसी कैम्पेन के बारे में जानकारी प्रदान की गई। अग्रवाल ने कारागृह में सजायाफ्ता बंदियों की जानकारी प्राप्त की। साथ ही कारागृह की साफ-सफाई, बंदियों के स्वास्थ्य, चिकित्सा सुविधा, भोजन, इन्फ्रास्ट्रक्चर, पर्यावरण, विधिक सहायता, शिकायतों, पेरोल, संप्रेषण, पुस्तकालय, शिक्षा, कपडों, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, सीसीटीवी कैमरा, इत्यादि विषयों पर जानकारी प्राप्त की।

# लाखों रुपये के खाद-बीज चोरी करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**राजसमंद, (निसं)।** कांकरोली थाना पुलिस ने लाखों रुपये की खाद-बीज चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्रकरण में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। थानाधिकारी हनवन्तसिंह सोढा ने बताया कि एसपी मनीष त्रिपाठी द्वारा वांछित अपराधियों की धरपकड के लिए चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत 14 जनवरी को प्रार्थी अंकित माहेश्वरी (37) पुत्र अशोक कुमार माहेश्वरी निवासी महादेव कॉलोनी, जलचक्की, कांकरोली ने रिपोर्ट पेश की कि स्टेशन रोड पर महेश सीडस के नाम से मेरी खाद- बीज कृषि कीटनाशक व स्पे. पम्प की हॉलसेल व रिटेल की दुकान है। दुकान के 500 मीटर के दायरे में 3 गोदाम भी है। करीब 3 वर्ष पूर्व रघुनन्दन उर्फ प्रभुलाल सालवी पुत्र मोहनलाल निवासी धोईन्दा मेरे यहां काम मांगने के लिए आया। जिसको करीब साल भर बाद ही मैने मुनीम के पद पर रख दिया था।

जो गोदाम से हॉलसेल व रिटेल माल- खाद, बीज कीटनाशक स्पे पम्प सप्लाई करने का कार्य कर रहा था। जिसने दूसरे साथियों के साथ मिलकर बिल की आड में गोदाम से लाखों रुपये के अतिरिक्त खाद, बीज, कीटनाशक व स्पे. पम्प के कट्टे व कार्टुन चोरी छिपे निकाल कर विक्रय कर दिये। मैने स्टॉक रजिस्टर में आयात-निर्यात माल का मिलान किया तो लाखों रुपये का माल कम पाया गया। रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर गठित पुलिस टीम द्वारा प्रकरण में आरोपी रघुनन्दन उर्फ प्रभुलाल सालवी (25) पुत्र मोहनलाल निवासी सालवी मोहल्ला धोइन्दा की पतारसी की जाकर आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई तो आरोपी ने मुनीम के पद पर कार्य करते हुए करीब 2 साल से दिगर मुल्जिमान के साथ मिलकर दुकान से सप्लाई के लिए काटे गये बिल की आड में गोदाम से अतिरिक्त खाद -बीज के कट्टे चोरी छिपे निकालकर विक्रय करना स्वीकार किया। प्रकरण में आरोपी रघुनन्दन की सूचना पर साथी आरोपी सुनील कुमावत पुत्र भैरुलाल कुमावत निवासी धोईन्दा मयूर कृषि केन्द्र, की पतारसी कर बाद अनुसंधान गिरफ्तार किया गया। प्रकरण में अन्य आरोपी विकास प्रजापत पुत्र रामचन्द्र प्रजापत निवासी कैलाश चौराहा धोईन्दा, विकास कुमावत पुत्र परसराम कुमावत निवासी कैलाश चौराहा धोईन्दा विकास कृषि केन्द्र की तलाश की जा रही है।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अनुराग ठाकुर का पुतला फूंका

**उदयपुर, (निसं)।** संसद सत्र में मंगलवार को भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर की एक टिप्पणी को लेकर आज कांग्रेस ने उदयपुर में प्रदर्शन किया और कांग्रेस नेताओं ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भी दिया और इससे पहले अनुराग ठाकुर का पुतला दहन किया। उदयपुर में कलेक्ट्रेट के बाहर उदयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी की और से प्रदर्शन किया गया। शहर अध्यक्ष फतह सिंह राठौड ने कहा कि संसद में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर की गई टिप्पणी बर्दाश्त योग्य नहीं है। उन्होंने कहा कि उस टिप्पणी को लेकर कांग्रेस ने अपना विरोध जताया।कांग्रेस नेताओं ने कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन करते हुए भाजपा के खिलाफ नारेबाजी की और बाद में ठाकुर का पुतला जलाया गया। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा,कांग्रेस नेता सुरेश श्रीमाली आदि मौजूद थे।

## केन्द्रीय संचार ब्यूरो का कार्यालय स्थानान्तरित

**उदयपुर , (निसं)।** भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय का केन्द्रीय संचार ब्यूरो-क्षेत्रीय कार्यालय , उदयपुर जो की विगत 10 वर्षो से 326 अम्बामाता उदयपुर में संचालित था अब 1अगस्त से आकाशवाणी परिसर दूरदर्शन अनुरक्षण केन्द्र बिल्डिग में स्थानान्तरित हो गया है और कल से आकाषवाणी परिसर में संचालित होगा।

ब्यूरो के सहायक निदेशक रामेश्वर लाल मीणा ने बताया की केन्द्रीय संचार ब्यूरो सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की एक मीडिया इकाई है और 1960 से उदयपुर में संचालित है। ब्यूरो की स्थापना तत्कालीन विज्ञापन और दृष्य प्रचार निदेषालय (डीएवीपी) , क्षेत्रीय प्रचार निदेषालय (डीएफपी ) और गीत और नाटक प्रभाग (एसएंडडी) के एकीकरण से की गई है । सहायक निदेषक रामेष्वर लाल मीणा ने बताया की केन्द्रीय संचार ब्यूरो के देष में 23 क्षेत्रीय कार्यालय एवं 148 फिल्ड कार्यालय संचालित है। राजस्थान में एक क्षेत्रीय कार्यालय जयपुर में है एवं उदयपुर अजमेर, सिरोही, जोधपुर, कोटा सवाईमाधोपुर एवं डूगरपुर में फिल्ड कार्यालय संचालित है । उन्होने कहा की ब्यूरो का उददेष्य मंत्रालयों /विभागों / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों /स्वायत्त निकायो को 360 डिग्री संचार समाधान प्रदान करना है। इसके अलावा केन्द्र सरकार की नीतियो और कार्यक्रमों के बारे में ग्रामीण एवं शहरी दोनो क्षेत्र के लोगो को जागरूक कर लाभ लेने के लिए प्रेरित करना है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत जेमली,**
**पंचायत समिति सायरा, जिला-उदयपुर ( राज. )**

क्रमांकः-ग्रा.प./नरेगा/निविदा/2024-25/35 दिनांक-26.07.2024

**-: ई निविदा सूचना:-**

ग्राम पंचायत जेमली में महानरेगा व अन्य योजनाओं में वर्ष 2024-25 में करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं दिनांक 05.08.2024 सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

विस्तृत विवरण/ जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

**UBN No. ZUD2425GLRC00319**

| सरपंच | ग्राम विकास अधिकारी |
|---|---|
| ग्राम पंचायत जेमली | ग्राम पंचायत जेमली |
| पंचायत समिति सायरा | ,पंचायत समिति सायरा |
| जिला- उदयपुर ( राज. ) | जिला- उदयपुर ( राज. ) |


# रेजीडेंट डॉक्टर्स की हड़ताल से सबसे बड़े एमबी हॉस्पिटल की व्यवस्था चरमराई

- **हड़ताल के कारण कई ऑपरेशन टालने पडे, सीनियर डॉक्टर्स ने मोर्चा संभाला**

**उदयपुर, (निसं)।** आरएनटी मेडिकल कॉलेज से जुडे 6 हॉस्पिटल्स के सभी रेजीडेंट डॉक्टर बुधवार से हडताल पर चले जाने से संभाग के सबसे बडे एमबी हॉस्पिटल व्यवस्थाएं चरमरा गई हैं। हॉस्पिटल में ओपीडी, आईसीयू सहित आपातकालीन सेवाएं पूर्ण रूप से बाधित रही।

अस्पताल में कार्यरत 650 रेजीडेंट डॉक्टर्स के साथ हडताल पर चले जाने से सीनियर डॉक्टर ने मोर्चा संभाला लेकिन मरीजों की संख्या अधिक होने से ओपीडी के बाहर लम्बी.लम्बी कतारें लग गई। खासकर मेडिसिन सहित अन्य कुछ विभागों के बाहर मरीजों की संख्या अधिक होने अपने नम्बर का घंटो इंतजार करना पडा। सीनियर डॉक्टर्स के मोर्चा संभालने के बाद मरीजों को कुछ हद तक राहत मिली लेकिन रेजीडेंट डॉक्टर्स के मुकाबले सीनियर डॉक्टर्स की संख्या बहुत कम होने से मरीजों को परेशानी का सामना करना पडा।

उदयपुर रेजीडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन के आव्हान पर रेजीडेंट के सम्पूर्ण कार्य बहिष्कार के निर्णय के बाद बुधवार को सभी रेजीडेंट हॉस्पिटल के मेन पॉर्च में इकठ्ठा हुए और हॉस्पिटल प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. दीपक निनामा और महासचिव डॉ. जतिन प्रजापति ने संयुक्त रूप से बताया कि एमबी हॉस्पिटल में कार्यरत सभी रेजीडेंट डॉक्टर्स का पिछले एक साल से स्टाइफंड,वेतन,एचआरए,एरियर का भुगतान नियमित रूप से नहीं किया जा रहा हैं। कई बार प्रशासन को अवगत करवाया गया लेकिन प्रशासन के रवैये में कोई परिवर्तन नहीं आया। इस तरह की समस्या राजस्थान में कई पर भी नहीं है लेकिन उदयपुर में इन समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा हैं। रेजीडेंट डॉक्टर्स के अचानक हडताल पर चले जाने से बुधवार को कई ऑपरेशन को टालना पडा और कई मरीजों को ऑपरेशन की नई तारीख दी गई हैं। हांलाकि यह तय नहीं है कि यह हडताल कब तक चलेगी लेकिन रेजीडेंट डॉक्टर्स का मानना है कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होती तब तक वे काम पर नहीं लौटेंगे। रेजीडेंट यूनियन अध्यक्ष डॉ दीपक निनामा ने बताया कि जब तक वेतन भुगतान नहीं होता हडताल जारी रहेगी। रेजीडेंट डॉक्टर्स की हडताल को इंटर्न डॉक्टर्स ने भी समर्थन दे दिया हैं। इससे वार्ड में भर्ती मरीजों को खासी परेशानी का सामना करना पड रहा हैं। इंटर्न डॉक्टर्स के हडताल में शामिल होने से अब एमबी हॉस्पिटल की व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई हैं। इंटर्न डॉक्टर्स का मानना है कि इनके साथ जो समस्याएं आ रही है आगे चलकर हमारी साथ भी आ सकती हैं इसलिए रेजीडेंट डॉक्टर्स की समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण होना चाहिए।

इधर इस मामले में आरएनटी मेडिकल प्रिंसिपल डॉ विपिन माथुर का कहना है कि हमने रेजीडेट्स को खूब समझाया कि एक-दो दिन की हडताल भी मरीजों के लिए ठीक नहीं है। यहां तक कि हमने जयपुर स्थित डायरेक्टर की से रेजीडेंट यूनियन अध्यक्ष की वार्ता करवाई। जहां से उन्हें एक-.दो दिन में पैसा रिलीज करने की बात कही गई। इसके बावजूद रेजीडेंट्स ने हठधर्मिता नहीं छोडी। ये बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि जो बच्चे भविष्य में हमारा स्थान लेंगे। वो गैर जिम्मेदाराना तरीके से हडताल पर चले जाएंगे।




# राष्ट्रदूत के स्थापना दिवस पर सभी देशवासियों को बहुत-बहुत बधाईयां और शुभकामनाएं...



**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री-भारत सरकार

**अमित शाह**
गृहमंत्री-भारत सरकार




**मदन राठौड**
प्रदेश अध्यक्ष-भाजपा

**भजनलाल शर्मा**
मुख्य मंत्री-राजस्थान सरकार

## स्वच्छ भारत मिशन
## राजस्थान सरकार


### स्वच्छ भारत मिशन





स्वच्छता अपनाओं
बीमारी भगाओं

### स्वच्छ भारत मिशन





पानी बचाना होगा हर घर में
वाटर हार्वेस्टिंग लगाना होगा ।







वृक्ष लगाओ, देश सुरक्षित बनाओं

स्वच्छता, पर्यावरण, जल संचय व जल संरक्षण अपनाये

आओं हम सब मिलकर राजस्थान को स्वच्छ-हराभरा जल युक्त बनाने का संकल्प लें ।

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर



## के.के. गुप्ता

सदस्य – एन.एस.एस.सी. स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) भारत सरकार
कोर्डिनेटर : स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) राजस्थान सरकार





कप्तान सूर्यकुमार यादव के साहसिक निर्णय से टीम को जीत मिली। उनकी कप्तानी की क्षमता अद्भुत है। इस जीत का काफी हद तक श्रेय उन्हें ही जाता है। - वॉशिंगटन सुंदर

भारतीय क्रिकेटर, सूर्यकुमार यादव की प्रशंसा की।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** ▶ **यशस्वी जयसवाल**



श्रीलंका के खिलाफ 20 श्रृंखला में अपने अच्छे प्रदर्शन के बाद यशस्वी जयसवाल नवीनतम 20 रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं। उन्होंने सीरीज के तीन मैचों में 177.78 की स्ट्राइक रेट और लगभग 27 की औसत से 80 रन बनाए। दिलचस्प बात यह है कि भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव तीन मैचों में 195.74 की शानदार स्ट्राइक रेट से 92 रन बनाने के बावजूद दूसरे स्थान पर बने हुए हैं, जबकि ट्रेविस हेड अभी भी उनसे 39 अंक आगे हैं। इस बीच, जयसवाल ने रैंकिंग में बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को पछाड़ दिया।

**क्या आप जानते हैं ?...** बेसबॉल में औसतन 108 टांके होते हैं क्रिकेट बाल में 65 से 70 के बीच तथा फुटबॉल में 642 से अधिक टांके लगाये जाते हैं।

## आज सात खेलों में भारतीय खिलाड़ी भाग लेंगे

**गोल्फ :** पुरुष व्यक्तिगत फाइनलः गगनजीत भुल्लर और शुभंकर शर्मा - दोपहर 12.30 बजे

**निशानेबाजी :** पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (फाइनल): स्वप्निल कुसाले - दोपहर 1.00 बजे

महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (क्वालीफिकेशन): सिफत कौर सामरा और अंजुम मौदगिल - दोपहर 3.30 बजे

**हॉकी :** भारत बनाम बेल्जियम (ग्रुप चरण मैच): दोपहर 1.30 बजे

**मुक्केबाजी :** महिला फ्लाईवेट (प्री-क्वार्टरफाइनल): निकहत जरीन बनाम यू वू (चीन) - दोपहर 2.30 बजे

**तीरंदाजी :** पुरुष व्यक्तिगत (1/32 एलिमिनेशन): प्रवीण जाधव बनाम काओ वेनचाओ (चीन) - दोपहर 2.31 बजे

पुरुष व्यक्तिगत (1/16 एलिमिनेशन): दोपहर 3.10 बजे से

**टेबल टेनिस :** महिला एकल (क्वार्टर फाइनल): दोपहर 1.30 बजे से

**नौकायन :** पुरुष डिंगी रेस एक:विष्णु सरवनन : दोपहर 3.45 बजे

पुरुष डिंगी रेस 2:विष्णु सरवनन : रेस 1 के बाद

महिला डिंगी रेस एक:नेथ्रा कुमानन : शाम 7.05 बजे

महिला डिंगी रेस दो:नेथ्रा कुमानन : रेस 1 के बाद होगी।

**ओलिंपिक दिन-6** शूटिंग व मुक्केबाजी में पदक की उम्मीद, दीपिका, सिंधु, लक्ष्य, श्रीजा अपने-अपने इवेंट्स में आगे बढ़े

# शूटिंग में एक और मेडल की आस, स्वप्निल फाइनल में पहुंचे

## स्वप्निल कुसाले ने 50 मीटर राइफल थ्री में छठा स्थान हासिल किया

### ऐश्वर्य, श्रेयसी व राजेश्वरी कुमारी महिला फाइनल में जगह बनाने में नाकाम



पेरिस, 31 जुलाई। भारतीय शूटर स्वप्निल कुसाले पेरिस ओलिंपिक निशानेबाजी के 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा के क्वालीफाइंग राउंड में शानदार प्रदर्शन करते हुए बुधवार को फाइनल में अपनी जगह बना ली है। आज यहां 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन क्वालीफाइंग स्पर्धा में कुसाले सातवें स्थान पर रहे। इस स्पर्धा में कुल 40 निशानेबाजों ने भाग लिया जिसमें शीर्ष आठ ने फाइनल के लिए क्वालीफाई किया हैं।

स्वप्निल ने नीलिंग पोजीशन (बैठकर निशाना लगाना) की दोनों सीरीज में 99 प्वाइंट हासिल करते हुए कुल 198 अंक बनाए और छठे स्थान पर रहे। वहीं एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने पहली सीरीज में 98 और दूसरी सीरीज मे 99 अंक हासिल करते हुए कुल 197 अंक के साथ नौवें स्थान पर रहे। स्पर्धा की प्रोन पोजीशन (झुककर निशाना लगाना) के पहले राउंड में एश्वर्य ने परफेक्ट 100 पर निशाना साधते हुए स्वप्निल को पीछे छोड़ दिया। दूसरे राउंड में ऐश्वर्य और स्वप्निल दोनों ने 99 पर निशाना साधा और फाइनल की दौर में बने रहे। प्रोन सीरीज के बाद एश्वर्य कुल 396 अंकों के साथ छठे स्थान पर थे, तो वहीं स्वप्निल 395 अंकों के साथ 10वें स्थान पर थे।

इसके बाद स्वप्निल ने स्टैंडिंग पोजीशन (खड़े होकर निशाना लगाना) के पहले राउंड में 98 अंक के साथ शुरुआत की लेकिन दूसरी ओर ऐश्वर्य ने पहले 95 अंक हासिल किये और वह 15वें स्थान पर पहुंच गए। इसके बाद स्वप्निल ने 97 तो वहीं ऐश्वर्य ने 98 अंक जुटाए। तीनों राउंड के बाद भारतीय निशानेबाज स्वप्निनल कुसाले 590 अंकों के साथ सातवें स्थान पर रहे और प्रतियोगिता के फाइनल में जगह बनाई। ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने कुल 589 अंक के साथ 11वें स्थान पर रहे और फाइनल की दौड़ से बाहर हो गए।

संयुक्त विश्व रिकॉर्ड धारी चीन के युकुन लियू 594-38 के स्कोर के साथ राउंड में शीर्ष पर रहे और उनके बाद नॉर्वे के जॉन-हरमन हेग (593-36) और रियो 2016 के रजत पदक विजेता यूक्रेन के सेरही कुलिश (592-39) का स्थान रहा।

पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन का फाइनल गुरुवार को होगा। भारत ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में ओलिंपिक में कभी भी निशानेबाजी का पदक नहीं जीता है।

राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता भारतीय ट्रैप निशानेबाज श्रेयसी सिंह और एशियाई खेल 2023 महिला टीम की रजत पदक विजेता राजेश्वरी कुमारी महिला फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहीं। राजेश्वरी कुमारी और श्रेयसी सिंह 113-113 अंक बनाकर क्रमशः 22वें और 23वें स्थान पर रहीं। पृथ्वीराज टोंडइमन मंगलवार को पुरुषों के ट्रैप क्वालिफिकेशन राउंड में 21वें स्थान पर रहे थे। पेरिस ओलिंपिक में दो पदक जीतने वाली मनु भाकर और ईशा सिंह शुक्रवार को महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में हिस्सा लेंगी।



# तीरंदाजी में दीपिका ने प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया

### मेंस इंडीविजुअल मुकाबले में हारे तरुणदीप

पेरिस, 31 जुलाई। भारतीय तीरंदाज एवं विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी दीपिका कुमारी ने बुधवार को पेरिस 2024 ओलिंपिक खेलों में लगातार दो महिला व्यक्तिगत स्पर्धा में मैच जीतकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं भारतीय तीरंदाज तरुणदीप राय मेंस इंडीविजुअल मुकाबले में हार गए हैं। इंग्लैंड के टॉम हॉल ने जीत दर्ज की। वे अगले दौर में पहुंच गए हैं।

चार बार की ओलिंपियन दीपिका ने आज लेस इनवैलिड्स में राउंड ऑफ 32 में नीदरलैंड की तीरंदाज क्विंटी रोफेन को 6-2 से हराया। माँ बनने के बाद अपना पहला ओलिंपिक खेल रही दीपिका ने पहला सेट जीता लेकिन रोफेन ने दूसरे में स्कोर बराबर कर दिया। हालाँकि, भारतीय तीरंदाज ने अगले दो सेटों में अपनी प्रतिद्वंद्वी को पछाड़कर अपनी जीत सुनिश्चित की।

इससे पहले दिन में 23वीं वरीयता प्राप्त दीपिका ने राउंड ऑफ 64 में एस्टोनिया की रीना परनाट के खिलाफ़ एक करीबी मुकाबले में 6-5 से जीत हासिल की। पांच सेटों के बाद दोनों तीरंदाज अपना बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश कर रहे थे जहां दीपिका ने लगातार तीन 10 का निशाना लगाकर वापसी करते हुए मैच को शूट-ऑफ में पहुंचा दिया। दो बार की एस्टोनियाई खिलाड़ी ने शूट-ऑफ में आठ अंक हासिल किए वहीं दीपिका ने नौ अंक हासिल करते हुए मुकाबला जीत लिया।

दीपिका का मुकाबला शनिवार को भारतीय समयानुसार दोपहर एक बजकर 52 मिनट पर महिला व्यक्तिगत तीरंदाजी प्री-क्वार्टर फाइनल में टोक्यो 2020 में टीम इवेंट में कांस्य पदक विजेता जर्मन तीरंदाज मिशेल क्रॉपेन से होगा।

# टीटी में श्रीजा अकुला ने जन्मदिन पर रचा इतिहास

### श्रीजा प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंची, मनिका बत्रा जापान की हिरानो मिउ से हारी



पेरिस, 31 जुलाई। भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी श्रीजा अकुला बुधवार को पेरिस ओलिंपिक खेलों में टेबल टेनिस प्रतियोगिता के प्री क्वार्टरफाइनल में पहुंच कर बहुत खुश हुई। अकुला आज अपना 26वां जन्मदिन मना रहीं है। अकुला ने साउथ पेरिस एरिना में सिंगापुर की जेंग जियान को 4-2 से हराकर प्री-क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई एवं यह उपलब्धि हासिल करने वाली दूसरी एकल भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी बन गईं। भारत की शीर्ष क्रम की खिलाड़ी ने कहा, मैं बहुत खुश हूं कि मैंने वास्तव में अच्छा खेला। शुरुआत में मैंने कुछ गलतियां की लेकिन धीरे-धीरे जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ा मैं पूरी तरह से केंद्रित हो गई और मैच पर ध्यान दिया। मुझे ख़ुशी है कि मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। अकुला का अगला मुकाबला गुरुवार को शीर्ष वरीयता प्राप्त सुन यिंगशा से होगा।

वहीं मनिका बत्रा बुधवार को पेरिस ओलंपिक 2024 खेलों में महिला एकल चरण के प्री क्वार्टर फाइनल मैच में हारकर बाहर हो गयी। स्टार पैडलर बत्रा को महिला व्यक्तिगत स्पर्धा के अंतिम 16 चरण में जापान की हिरानो मिउ के साथ मैच में करीबी मुकाबला में 01-04 से हार का सामना करना पड़ा। मिउ ने बत्रा को 6-11 , 9-11 , 14-12 , 11-08 , 11-06 से हराया।

# बैडमिंटन में सिंधु व लक्ष्य सेन ने इतिहास रचा

## प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

### सिंधु ने क्रिस्टिन कुब्बा को 33 मिनट में रौंदा, लक्ष्य ने विश्व नंबर 3 के खिलाड़ी को दी मात





पेरिस, 31 जुलाई। पेरिस ओलिंपिक 2024 के 5वें दिन का आगाज पीवी सिंधु की बेहतरीन जीत के साथ किया। स्टार महिला शटलर पीवी सिंधु ने बैडमिंटन ग्रुप स्टेज में दमदार खेल दिखाते हुए एस्टोनिया की क्रिस्टन कुब्बा को सीधे गेम में हरा दिया। पीवी सिंधु ने पहला गेम 21-5 और दूसरा गेम 21-10 से अपने नाम किया। पहले गेम को सिंधु ने सिर्फ 14 मिनट के भीतर अपने नाम कर लिया था। हालांकि, दूसरे गेम को जीतने में उन्हें 19 मिनट का समय लगा गया।

इस तरह भारत की स्टार शटलर प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। सिंधु ने क्रिस्टिन कुबा को 21-5,21-10 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। उन्होंने 34 मिनट में ये मैच जीत लिया। इससे पहले भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु ने पेरिस ओलिंपिक में अपने अभियान की दमदार शुरुआत की थी। सिंधु ने 28 जुलाई को विमेंस सिंगल्स के ग्रुप- में अपने पहले मुकाबले में मालदीव की फातिमा नबाहा अब्दुल रज्जाक को आसानी से शिकस्त दी। सिंधु ने वर्ल्ड नंबर-111 खिलाड़ी के खिलाफ ये मैच 21-9, 21-6 से जीता था। तब ये मुकाबला महज 29 मिनट चला था।

इसी प्रकार भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने पुरुष एकल मुकाबले में इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी को 21-18, 21-12 से हरा दिया। इस जीत के साथ ही भारतीय शटलर ने राउंड ऑफ-16 में एंट्री कर ली है। पहला ओलिंपिक खेल रहे लक्ष्य की क्रिस्टी के खिलाफ सिर्फ दूसरी जीत है। पहले हाफ में जोनाथन क्रिस्टी और लक्ष्य ने एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दी। ब्रेक तक मामला लगभग बराबरी का ही था। इसके बाद जोनाथन ने तेजी दिखाते हुए लक्ष्य से आगे निकलने में सफल रहे। लक्ष्य ने वापसी करते हुए सेट पॉइंट तक चले गए और 21-18 में सेट अपने नाम किया। दूसरे सेट में जोनाथन ने पहला अंक हासिल किया और लीड भी हासिल की लेकिन लक्ष्य ने बाद में अपने सही जजमेंट से शटल छोड़ते हुए कुछ अंक हासिल किए और लीड भी हासिल की। दूसरे सेट में लक्ष्य ने अपनी रफ्तार जारी रखते हुए जोनाथन को कोई मौका नहीं दिया। लगातार लीड बनाए रखी और उन्होंने 21-12 से मुकाबला जीतकर प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह हासिल कर ली। पहली बार खेलते हुए ओलिंपिक में उन्होंने धमाका कर दिया इससे पहले जोनाथन के खिलाफ वह लागातर हारते आए थे।

# मुक्केबाजी में लवलीना मेडल से एक कदम दूर

### 75 किग्रा. वर्ग के क्वार्टरफाइनल में पहुंची



पेरिस, 31 जुलाई। भारतीय महिला मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन ने बुधवार को पेरिस ओलिंपिक 2024 में अपने अभियान की धमाकेदार शुरुआत करते हुए क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया है। लवलीना ने आज यहां महिलाओं के 75 किग्रा वर्ग के राउंड ऑफ 16 मुकाबले में नॉर्वे की सुन्निवा हॉफस्टेड को 5-0 के सर्वसम्मत निर्णय से हराया।

टोक्यो ओलिंपिक2020 में 69 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीत चुकी लवलीना इस बार 75 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। उन्हें इस वर्ग में आठवीं वरीयता प्राप्त है। 27 वर्षीय बोरगोहेन ने इस मुकाबले में अपने अनुभव का बखूबी इस्तेमाल किया, खासकर जब नॉर्वे की मुक्केबाज ने पहले दो राउंड में आक्रामक रुख अपनाया।

हॉफस्टेड ने ओलिंपिक खेलों में पहली बार भाग लिया, उन्होंने आज के मुकाबले में शुरुआत में लवलीना के खिलाफ आक्रामक रूख अपनाया। हालांकि भारतीय मुक्केबाज ने अपने अनुभव का बखूबी फायदा उठाते हुए अपने रक्षात्मक रुख अख्तियार किया और तीसरे राउंड में अपना आक्रमक अंदाज में तेजी लाते हुए अपनी स्थिति को और मजबूत कर लिया। मुकाबले के दौरान लवलीना ने अपने प्रतिद्वंद्वी पर कई सटीक पंच लगाकर जजों को प्रभावित किया और इस कारण उन्हें सर्वसम्मत फैसले से जीत मिली।

### घुड़सवारी पुरुष ड्रेसेज स्पर्धा से बाहर हुए अनुष

पेरिस, 31 जुलाई। भारतीय घुड़सवार अनुष अग्रवाल पेरिस 2024 ओलिंपिक खेलों में घुड़सवारी ड्रेसेज ग्रुप चरण स्पर्धा में नौंवे स्थान पर रहे एवं प्रतियोगिता से बाहर हो गए है। भारतीय घुड़सवार अनुश अग्रवाल ने बुधवार को शैटॉ उे वर्सेल्स में ग्रुप चरण स्पर्धा में नौंवें स्थान पर रहे। उन्होंने 66.444 अंक बनाये। अनुष ने अपने घोड़े सर कारमेलो ओल्ड के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया। अनुष ओलिंपिक में ड्रेसेज में प्रतिस्पर्धा करने वाले पहले भारतीय घुड़सवार है। एवं पेरिस 2024 में भारत के अकेले घुड़सवार हैं। उन्होंने आज ओलिंपिक में ड्रेसेज व्यक्तिगत क्वालीफायर के ग्रुप ई में पर्दापण किया। 24 वर्षीय अनुष ने एशियाई खेलों में ड्रेसेज में भारत के लिए पहला व्यक्तिगत कांस्य पदक जीता था।

# अगर तीसरा मेडल नहीं जीत पाई तो मुझसे नाराज मत होना : मनु भाकर

### मनु भाकर ने देशवासियों से खास अपील की

पेरिस, 31 जुलाई। पेरिस ओलिंपिक 2024 में भारत को दो मेडल दिलाने वाली मनु भाकर ने देशवासियों से खास अपील की है। दरअसल, शूटिंग में भारत के लिए दो मेडल जीते।

मनु ने पेरिस ओलिंपिक में भारत के लिए पहला मेडल महिला 10 मीटर एरयर पिस्टल इवेंट में जीता जबकि दूसरा पदक उन्होंने अपने पार्टनर सरबजोत सिंह के साथ मिलकर मिक्स्ड 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में देश के लिए जीता। वहीं मनु ने देशवासियों से कहा कि अगर वो तीसरा मेडल नहीं जीत पाईं तो उनसे नाराज ना हों। बता दें कि, पेरिस ओलिंपिक में मनु भाकर को अब महिला 25 मीटर पिस्टल इवेंट में हिस्सा लेना है।

लेकिन इससे पहले उन्होंने एक भावुक अपील देशावासियों से की। मनु ने दो पदक जीतने के बाद साफ तौर पर कहा कि ये मेडल पूरे देश के लिए है और वो इस उपलब्धि को हासिल करके काफी खुश हैं, अगर मैं तीसरे इवेंट में देश के लिए मेडल नहीं जीत पाऊं तो प्लीज आप मेरे से गुस्सा मत होना। मनु भाकर ने ये बातें स्पोर्ट्स्टार से करते हुए कहीं। साथ ही मनु ने दूसरा पदक जीतने के बाद जियो सिनेमा से बात करते हुए कहा कि मुझे बहुत अच्छा महसूस हो रहा है और मुझे देश के लिए दो पदक जीतने का मौका मिला उसके लिए मैं ठोटफुल हूं। आगे मुझे एक और इवेंट में हिस्सा लेना है और मैं पदक जीतने की पूरी कोशिश करूंगी। आप सभी दुआ करिएगा कि मैं जीत संकू और मैंने जो मेडल जीता है उसके लिए आपने जो सपोर्ट और प्यार दिया उसके लिए आभारी हूं।

## श्रृंखला के लिए अपने फिटनेस और कौशल को ऊंचा रखें : गौतम गंभीर

श्रीलंका, 31 जुलाई। गौतम गंभीर और सूर्यकुमार यादव का युग शानदार ढ ंग से शुरू हुआ जब भारत ने श्रीलंका के खिलाफ टी20ई श्रृंखला में 3-0 से जीत हासिल की। कोच के रूप में सफल शुरुआत के बावजूद, गंभीर ने आगामी सीज़न के लिए इसके महत्व पर जोर देते हुए खिलाड़ियों को अपनी फिटनेस बनाए रखने के बारे में चेतावनी जारी की। भारत का श्रीलंका दौरा तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के साथ जारी रहेगा, जो शुक्रवार, 2 अगस्त से कोलंबो में शुरू होगी। बीसीसीआई ने एक्स (ट्विटर) पर भारतीय ड्रेसिंग रूम में गौतम गंभीर और हार्दिक पंड्या के भाषणों वाला एक वीडियो साझा किया। दोनों ने खिलाड़ियों को अपने संबोधन में सूर्यकुमार यादव का खास जिक्र किया। गंभीर ने ड्रेसिंग रूम को संबोधित करते हुए कहा कि सुनिश्चित करें कि आप बांग्लादेश श्रृंखला के लिए फिट होकर वापस आएं। आप ब्रेक ले सकते हैं, आप इसके हकदार हैं। लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि श्रृंखला के लिए अपने फिटनेस स्तर और कौशल को ऊंचा रखें। आप यह सोचकर श्रृंखला के लिए नहीं आ सकते कि मैं बस आ सकता हूं। हार्दिक पंड्या, जिन्हेंसीरीज से ठीक पहले 20 कप्तानी के लिए नजरअंदाज किया गया था, ने सूर्यकुमार यादव की कप्तानी को शानदार बताया। उन्होंने अपने गेंदबाजों का प्रभावी ढ ंग से उपयोग करने के लिए यादव की सराहना की।

## मैच के लिए चिरंजीवी और उनके परिवार का आना 'सुखद आश्चर्य' : पीवी सिंधु

पेरिस, 31 जुलाई। पेरिस ओलिंपिक में जीत से आगाज करने वाली दो बार की ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने कहा कि तेलुगु सिनेमा के अनुभवी अभिनेता चिरंजीवी और उनके परिवार का उनका पहला मैच देखने के लिए आना 'सुखद आश्चर्य' था। सिंधू ने रविवार को यहां महिला एकल ठ्रुप चरण के मैच में मालदीव की फातिमाथ अब्दुल रज्जाक पर सीधे गेम में शानदार जीत दर्ज की। इंस्टाठााम पर सिंधू ने भारतीय ध्वज के साथ चिरंजीवी, उनके बेटे और 'आरआरआर' स्टार राम चरण, उनकी बहू उपासना कामनेनी और उनकी पत्नी सुरेखा कोनिडेला की फोटो साझा की।

### रोइंग मुकाबले में बलराज पंवार फाइनल डी में पहुंचे



पेरिस, 31 जुलाई। भारतीय रोवर बलराज पंवार ने बुधवार को पेरिस ओलिंपिक 2024 में पुरुष एकल स्कल्स सेमीफाइनल सी/डी में 7:04.97 का समय लेकर छठा स्थान हासिल करते हुए फाइनल डी में पहुंच गये। आज यहां हुये मुकाबले में भारत के एकमात्र रोवर पंवार शानदार प्रदर्शन करते हुए अगले दौर फाइनल डी में प्रवेश किया। अब 25 वर्षीय सेना के जवान पंवार शनिवार को दोपहर दो बजे पदक के लिए स्पर्धा करेंगे।

नम्बर मिलाइए
9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

## इंडिया हाउस पहुंचे भारतीय खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत

नयी दिल्ली/पेरिस, 31 जुलाई। फ्रांस की राजधानी में पेरिस में चल रहे ओलिंपिक खेलों 2024 के लिए वहां डे ला विलेट पार्क में बने इंडिया हाउस में पहुंचे भारतीय खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया गया है।

अंतरराष्ट्रीय ओलिंपिक समिति (आईओसी) की सदस्य और रिलायंस फाउंडेशन की चेयरपर्सन नीता एम अंबानी ने इंडिया हाउस पहुंचे कांस्य पदक विजेता सरबजोत सिंह, रोहन बोपन्ना, शरत कमल, मनिका बत्रा और अर्जुन बाबूता जैसे शीर्ष भारतीय एथलीटों को सम्मानित किया।

उन्होंने कहा, ओलिंपिक में पहली बार बने इंडिया हाउस में आपका स्वागत है। भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले कई भारतीय खिलाड़ी आज यहां मौजूद हैं। आप में से हर एक ने हमारा सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। दूसरा पदक जीतकर हमें गौरवान्वित करने वाली मनु भाकर और सरबजोत सिंह को विशेष धन्यवाद। सरबजोत सिंह आज हमारे साथ हैं और हमें उनका खड़े होकर अभिवादन करना चाहिए। इस दौरान भारतीय खिलाड़ियों का ढोल की थाप के साथ स्वागत पारंपरिक टीका लगा कर किया गया।

अंबानी ने सभी खिलाड़ियों के प्रयासों और दुनिया के सबसे बड़े खेल मंच पर देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए आभार जताया। ओलिंपिक आंदोलन का समर्थन करने के लिए इंडिया हाउस में डिजिटल ज्योति भी जलाई गई।

### ओलिंपिक फुटबॉल मैच के दौरान सुरक्षा में चूक

पेरिस, 31 जुलाई। पेरिस ओलिंपिक खेलों में फुटबॉल मैच के दौरान फिर से सुरक्षा में चूक हुई जब अमेरिका और गिनी के बीच खेले गए मैच के दौरान एक दर्शक मैदान में घुस गया। यहां मंगलवार को स्टेड जियोफ़रॉय गुइचार्ड में अमेरिका की गिनी पर 3-0 की जीत के आखिर में एक व्यक्ति ने मैदान पर दौड़ लगाई। इसी स्टेडियम में अर्जेंटीना और मोरक्को के बीच खेले गए मैच के दौरान दर्शकों ने उपद्रव मचाया था। मोरक्को के प्रशंसक तब मैदान में घुस आए थे जिससे खेल दो घंटे तक रोकना पड़ा था।

### नोवाक जोकोविच क्वार्टरफाइनल में पहुंची

पेरिस, 31 जुलाई। सर्बियाई टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच ने बुधवार को पेरिस ओलिंपिक खेलों में कोर्ट फिलिप-चैटरियर में पुरुष एकल के तीसरे दौर में जर्मनी के डोमिनिक कोएफर को 7-5, 6-3 से हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। पेरिस 2024 ओलंपिक में शीर्ष वरीयता प्राप्त जोकोविच का क्वार्टरफाइनल में आठवीं वरीयता प्राप्त ग्रीस के स्टेफानोस सितसिपास से मुकाबला होगा। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता जोकोविच ने दूसरे दौर में बीजिंग 2008 के चैंपियन राफेल नडाल को सीधे सेटों में हराया। 37 वर्षीय जोकोविच ने 24 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं। वहीं 25 वर्षीय सितसिपास छह बार के ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनलिस्ट हैं।

## क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए चयन स्पर्धा का आयोजन

दुर्ग, 31 जुलाई। छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ की ओर से आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए चयन स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ द्वारा सत्र 2024-25 के लिए अंडर-14 एवं सत्र 2025-26 के लिए अंडर-16, 19, 23 एवं सीनियर क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रिकेट प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम भी भाग ले रही है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड, सिविक सेंटर, भिलाई में टीम के गठन हेतु चयन स्पर्धा आयोजित की गयी है। अंडर-14 (बालक) के लिए चयन स्पर्धा का आयोजन चार अगस्त को, अंडर-16 (बालक) के लिए चयन स्पर्धा 11 अगस्त को, अंडर-19 (बालक) के लिए चयन स्पर्धा 18 अगस्त को, अंडर-23 (बालक) तथा सीनियर वर्ग के लिए चयन स्पर्धा का आयोजन 25 अगस्त को किया जाएगा। भिलाई परिधि के युवा (बालक) खिलाड़ी, अंडर-14 के लिए जिनका जन्म एक सितंबर 2010 से 31 अगस्त 2012, अंडर-16 के लिए जिनका जन्म एक सितंबर 2009 से 31 अगस्त 2011 के बीच हुआ हो, अंडर-19 के लिए जिनका जन्म एक सितंबर 2006 के बाद हो तथा अंडर-19 के लिए जिनका जन्म एक सितंबर 2002 से 31 अगस्त 2006 के बीच हुआ हो वही चयन स्पर्धा में भाग लेने के लिए पात्र होंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए इच्छुक खिलाड़ियों को अपने साथ निम्न दस्तावेजों की मूल एवं प्रतिलिपि साथ लाना आवश्यक है- विगत छः वर्षों की अंकसूची (स्कूल की), डिजिटल या मैनुअल जन्म प्रमाण पत्र, पीवीसी आधार कार्ड (वतर्तमान का फोटो सहित) तथा नवीनतम दो पासपोर्ट साइज फोटो। अतः संयंत्रकर्मियों के बच्चे तथा भिलाई परिधीय क्षेत्र के प्रतिभागी जो इस चयन स्पर्धा में भाग लेना चाहते हैं, वे निर्धारित तिथियों पर बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड, सिविक सेंटर, भिलाई में आवश्यक दस्तावेजों के साथ निम्न चयनकर्ताओं वी मोहनदास (मो.न- 9407985888), के राजगोपालन (मो.न- 9131433662) तथा देवेश बनर्जी (मो.न- 9407984944) के पास अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। चयन स्पर्धा का आयोजन प्रातः नौ बजे से किया जाएगा। इस चयन स्पर्धा के प्रभारी उप प्रबंधक (क्रीडा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं) श्री अभिजीत भौमिक होंगे।

## आठवां ओलिंपिक देखने पहुंची 'सुपरफैन' ने पेरिस में खर्च की अपनी बचत

पेरिस, 31 जुलाई। ओलिंपिक के प्रति दीवानी लास एंजिल्स की 66 साल की विवियन रॉबिन्सन अपनी बचत खर्च कर यहां पेरिस में पहुंची है। ओलिंपिक की 'सुपरफैन' विवियन 40 वर्ष में सात ओलंपिक देख चुकी हैं। लेकिन पेरिस की यह यात्रा बहुत महंगी पड़ी। उन्होंने 38 प्रतिस्पर्धाओं के टिकट खरीदने के लिए अपने क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल किया और इस यात्रा के लिए दो नौकरी कीं। वह दिन में 'वेनिस बीच' पर काम करती थीं जिसमें वह चावल के दानों पर नाम लिखती थीं और रात में किराने का सामान पैक करती थीं। उन्होंने कहा कि पेरिस में ओलंपिक देखने के अपने जुनून को पूरा करने के लिए उन्होंने जो पैसे खर्च किए हैं उन्हें भरने के लिए उन्हें दो और साल काम करना होगा। वह कहती हैं, "पैसे बचाना मुश्किल था और यह एक बड़ा बजट था, लेकिन यहां आना हजार गुना शानदार है।" ओलिंपिक के प्रति रॉबिन्सन का आकर्षण तब शुरू हुआ जब उनकी मां ने 1984 के ओलंपिक के दौरान लॉस एंजिल्स के कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में खिलाड़ियों के लिए अनुवादक के तौर पर काम किया। उनकी मां काम के बाद खिलाड़ियों के 'पिन' लेकर आती थीं जिन्हें वह अपनी बेटी को देती थीं।

# Pacific Medical University, Udaipur

PMCH HEALTH ADVISORS

(Established by the Rajasthan state legislative assembly by an Act No. 6 of 2014 dated March 04, 2014 & approved under section 2(f) of the UGC Act, 1956)

## DISCOVER YOUR FUTURE WITH PMU

**Pacific Medical University** brings you a brilliant opportunity to make a career in medical profession. **Enroll Now.**
Take care of those who need the care most.
Take care of your career.

100% JOB ASSURANCE



## ADMISSION OPEN 2024-25

## COURSE OFFERED

### PACIFIC DENTAL COLLEGE & RESEARCH CENTER

**BDS** 4 Year+ 1 Year Internship
Eligibility : 10+2 in PCB & NEET

**MDS** 3 Years
Eligibility : BDS & NEET

### PACIFIC COLLEGE OF PHYSIOTHERAPY

**B.P.T.** 4 Year+ 6 Year Internship
Eligibility : 10+2 in (PCB)

**M.P.T.** 2 Years
Eligibility : B.P.T. with minimum 50% marks

### MEDICAL & ALLIED

**M.Sc. in Medical** 3 Years

- Anatomy
- Physiology
- Microbiology
- Biochemistry
- Pharmacology

Eligibility : MBBS, BDS, BPT, BOT, BSLP, B.Pharma, B.Sc.

**M.Phil Clinical Psychology** 3 Years
Eligibility : MBBS, BDS, BPT, BOT, BSLP, B.Pharma, B.Sc.

### FACULTY OF LIFE SCIENCE

**B.Sc. in Clinical Embryology** 3 Years
Eligibility : 10+2 Class with PCB

**M.Sc. in Clinical Embryology** 4 Sem.+ 1 Year Internship
Eligibility: B.Sc. in any discipline of Life Sciences, Biosciences, Bachelor's degree in any of Physic, Biological Sciences, M.B.B.S, BDS, BAMS, BHMS, B.Pharma.

### TIRUPATI SCHOOL OF NURSING

**GNM** 3 Years
Eligibility : 10+2 in (PCB)

### PACIFIC COLLEGE OF OCCUPATIONAL THERAPY

**BOT** 4 Years + 6 Months Internship
Eligibility : 10+2 in (PCB)

**MOT** 2 Years
Pediatrics, Neuroscience, Mental Health, Orthopedics, Hand Rehabilitation
Eligibility : Passed BOT with minimum 50% marks

### PH.D. & RESEARCH PROGRAMME

Minimum 3 Years
Eligibility : Post Graduation with 55% marks

1. Ph.D. (Medical)
2. Ph.D. (Nursing)
3. Ph.D. (Physiotherapy)
4. Ph.D. (Dentistry)
5. Ph.D. (Clinical Embryology)
6. Ph.D. (Clinical Psychology)
7. Ph.D. (Occupational Therapy)
8. Ph.D. (Paramedical Sciences)

### PACIFIC COLLEGE OF PARAMEDICAL SCIENCES

**DIPLOMA** Duration : 2 Year
Eligibility : 10+2 in PCB/PCM- Guidelines as per RPMC

1. Medical Laboratory Technology
2. Radiation Technology
3. Operation Theater Technology
4. Cath Lab. Technology
5. Orthopedic Technology
6. Dialysis Technology
7. Emergency & Trauma Care Technology
8. ECG Technology
9. Blood Bank Technology
10. Endoscopy Technology
11. EEG Technology
12. Opthalmic Technology

**BACHELOR** Duration : 3 Year + 1 Year
Eligibility : 10+2 in PCB/PCM- Guidelines as per RPMC

1. Medical Laboratory Technology
2. Radiation / Medical Imaging Technology
3. Opthalmic Technology
4. Operation Theater Technology
5. ECG Technology
6. Endoscopy Technology
7. Emergency & Trauma Care Technology
8. Dialysis Technology
9. EEG Technology
10. Orthopaedic Technology

For More Detail 7877936755

## PACIFIC MEDICAL UNIVERSITY, UDAIPUR

Bhilo ka bedla, (Amberi) Udaipur, Rajasthan | Ph. Contact : +91 9672978095, 9587892883

info@pacificmedicaluniversity.ac.in
www.pacificmedicaluniversity.ac.in

# नए राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागड़े ने शपथ ली

## मुख्यमंत्री भजनलाल ने मुख्यमंत्री निवास पर नए राज्यपाल का स्वागत किया

- शपथ ग्रहण से पूर्व राज्यपाल ने गोविन्द देव जी मंदिर में दर्शन किए।
- शपथ ग्रहण के बाद राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागड़े ने मीडिया से भी बात की और कहा कि कुलाधिपति के रूप में वे राजस्थान विश्वविद्यालय को ''वर्ल्ड क्लास'' बनाने का प्रयास करेंगे।



*मुख्यमंत्री निवास पर नव नियुक्त राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े का मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने स्वागत किया।*

जयपुर, 31 जुलाई (का.सं.)। राज भवन में आयोजित कार्यक्रम में हरिभाऊ किशन राव बागड़े ने राज्यपाल पद की शपथ ग्रहण की। मुख्यमंत्री भजनलाल ने मुख्यमंत्री निवास पर नवनियुक्त राज्यपाल का स्वागत किया। इससे पहले राज्यपाल बागड़े ने गोविंद देव जी के दर्शन किए। शपथ ग्रहण के बाद मीडिया से बात करते हुए, राज्यपाल ने कहा कि राजस्थान में उच्च शिक्षा के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा में गुणवत्ता के साथ विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता विकास के लिए कार्य होंगे। उन्होंने कहा कि कुलाधिपति के रूप में उनका प्रयास रहेगा कि राजस्थान के विश्वविद्यालय पूरे देश में और विश्व भर में रैंकिंग में आगे रहें। यहां के विश्वविद्यालय ऊंचाई पर जाएं, यह उनकी प्राथमिकता रहेगी।

इस अवसर पर उन्होंने यह भी कहा कि महाराष्ट्र में छत्रपति संभाजी नगर में और दूसरे स्थानों पर बहुत से राजस्थानी रहते हैं। महाराष्ट्र और राजस्थान का एक निकट का नाता बना हुआ है। प्रयास करेंगे कि दोनों के रिश्तों में मिलजुलकर सहकारिता की सोच के तहत, राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए कार्य किया जाए।

उन्होंने कहा कि दुग्ध व्यवसाय से भी उनका निकट का नाता रहा है। गरीब लोगों, जिनके पास खेती भी नहीं है, के लिए यह व्यवसाय बहुत लाभकारी हो सकता है। ऐसे लोगों को दुग्ध व्यवसाय में आगे बढ़ाने के लिए कार्य होगा।

राज्यपाल ने नई शिक्षा नीति के अंतर्गत उद्यमिता को प्रोत्साहन देने वाले पाठ्यक्रमों को बढ़ावा देकर कार्य करने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि युवाओं को कृषि और पारम्परिक व्यवसायों के लिए कौशल विकास से जोड़ा जाए, इसके लिए विश्वविद्यालयों में उद्योगों से समन्वय कर सी.एस.आर. के तहत युवाओं को लाभान्वित करने की दिशा में काम किया जाए। उन्होंने कहा कि कुलाधिपति के रूप में शिक्षा के व्यावसायीकरण और निजी क्षेत्र के अंतर्गत शिक्षा की अव्यवस्थाओं को दूर करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

राज्यपाल ने कहा कि कृषि क्षेत्र और सहकारिता क्षेत्र में राजस्थान महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। मेरा प्रयास रहेगा कि इन क्षेत्रों से जुड़ी गतिविधियों का जनजातीय बाहुल्य क्षेत्रों में विशेष क्रियान्वयन किया जाए।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर शुरु किए गए ''विकसित भारत 2047'' के लक्ष्य को जल्द से जल्द प्राप्त करने के लिए कृषि और सहकारिता को केन्द्र में रखकर कार्य करना मेरी प्राथमिकता रहेगी।

## राहुल गांधी पर जिन्ना जैसी राजनीति करने का आरोप

बेंगलुरु, 31 जुलाई (वार्ता) फिल्म निर्माता एवं राजनीतिक टिप्पणीकार विवेक अग्निहोत्री ने बुधवार को लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर पाकिस्तान के संस्थापक मुहम्मद अली जिन्ना की विभाजनकारी राजनीति करने का आरोप लगाया।

अग्निहोत्री की प्रतिक्रिया गांधी के देश में व्यापक जाति जनगणना की मांग करने पर आयी है।

अग्निहोत्री ने गांधी पर जिन्ना की याद दिलाने वाली रणनीति अपनाने का आरोप लगाया, जो भारत के भविष्य के लिए खतरनाक है। दरअसल, कांग्रेस नेता ने तर्क दिया कि सामाजिक असमानताओं को दूर करने के लिए व्यापक जाति जनगणना करना आवश्यक है।

- फिल्म निर्माता विवेक अग्निहोत्री ने कहा, राहुल गांधी का जातिगत जनगणना का तर्क जाति के मुद्दों के लिए वास्तविक चिंता के बारे में नहीं है, बल्कि ''विभाजन और जीत'' की एक सोची-समझी राजनीतिक रणनीति है।

अग्निहोत्री ने कहा कि गांधी का यह तर्क जाति के मुद्दों के लिए वास्तविक चिंता के बारे में नहीं है, बल्कि ''विभाजन और जीत'' की एक सोची-समझी राजनीतिक रणनीति है।

# बजट सौगातों के लिए पचपदरा की जनता ने मुख्यमंत्री का आभार जताया

## पचपदरा के लोगों को संबोधित करते हुए मं.मंत्री ने कहा, बजट में 5 साल का रोड मैप है

- पचपदरा से आए लोगों ने मुख्यमंत्री को साफा पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार जताया।
- इस दौरान क्षेत्रीय विधायक अरूण चौधरी और पूर्व केन्द्रीय मंत्री कैलाश चौधरी भी मौजूद थे।

जयपुर, 31 जुलाई (का.सं.)। बुधवार को पचपदरा विधानसभा क्षेत्र से बड़ी संख्या में आए लोगों ने बजट सौगातों के लिए मुख्य मंत्री का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि बुनियादी ढांचा एक विकसित राज्य की आधारशिला होता है। राज्य सरकार द्वारा इस आधारशिला को मजबूती देने के लिए बजट में स्वास्थ्य-शिक्षा के साथ सड़कों एवं बुनियादी ढ्रांचे के विकास पर भी जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि बजट में 5 साल के रोडमैप के साथ ''विकसित राजस्थान-2047'' की संकल्प सिद्धि को पूरा करने की कटिबद्धता दिखाई गई है।

उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने अपने कार्यकाल के अंतिम बजट में लोक, लुभावनी घोषणाएं कीं तथा उन घोषणाओं को धरातल पर नहीं उतारा गया, जबकि हमने सरकार गठन के बाद पहले ही बजट में महिला, युवा, किसान, गरीब सहित, सभी वर्गों के सशक्तीकरण के लिए पर्याप्त प्रावधान किए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधि आमजन की समस्याओं से वाकिफ होने के लिए लगातार आमजन से संपर्क एवं सवांद करें। उन्होंने कहा कि विधायक प्रत्येक 15 दिनों में तथा मंत्री प्रत्येक 7 दिनों में केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का धरातल पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए समीक्षा करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने पचपदरा के विकास के लिए बिजली, रिफाइनरी, चिकित्सा और कृषि प्रसंस्करण के क्षेत्र में अनेक घोषणाएं की हैं। पचपदरा एवं बोरावास में 132 के.वी. जी.एस.एस. का निर्माण किया जायेगा, जिससे इन क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति व्यवस्था बेहतर होगी। साथ ही, पचपदरा रिफाइनरी से निकलने वाले डाउनस्ट्रीम उत्पादों पर आधारित उद्योगों के लिए बालोतरा में राजस्थान पेट्रो ज़ोन (आर.पी. ज़ैड) की स्थापना होगी। यह कदम क्षेत्र की आर्थिक तरक्की में अहम साबित होगा। उन्होंने यह भी कहा कि रणछोड़राय खेड़ तीर्थ में विभिन्न विकास कार्य करवाए जाएंगे। अनूपगढ़, खेतड़ी, भिवाड़ी, बालोतरा, नाथद्वारा, रतनगढ़ व शाहपुरा (जयपुर) सहित 30 आई.टी.आई. में आधारभूत सुविधाएं तथा बालोतरा जिला अस्पताल के भवन निर्माण के कार्य किए जायेंगे। विधायक अरूण चौधरी तथा पूर्व केन्द्रीय मंत्री कैलाश चौधरी ने पचपदरा क्षेत्र को बजट में दी गई सौगातों के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद व्यक्त किया।

कार्यक्रम में, स्थानीय निवासियों ने मुख्यमंत्री को साफा पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर, उनका स्वागत किया गया।

## भारत में गरजेंगे...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

ले रहे हैं। वहीं, भारत के दो प्रमुख रक्षा साझेदार रूस और इज़रायल भाग नहीं ले रहे हैं। इसकी वजह युद्ध में व्यस्त होना बताया गया है। वायुसेना के उपप्रमुख (वायस चीफ ऑफ एयर स्टाफ) एयर मार्शल ए पी सिंह ने कहा कि यह अभ्यास भारत के सैन्य दमखम को प्रदर्शित करेगा और रक्षा क्षेत्र में उसे 'आत्मनिर्भरता' की ओर ले जाएगा। देश में 'तरंग शक्ति' नामक दुनिया का सबसे बड़ा बहुपक्षीय हवाई अभ्यास दो चरणों में आयोजित किया जाएगा। वायुसेना के एक वरिष्ठ अधिकारी बताया कि अभ्यास का पहला चरण 6 से 14 अगस्त तक तमिलनाडु के सुलूर हवाई अड्डे पर और 29 अगस्त से 14 सितंबर तक जोधपुर में आयोजित किया जाना है।

# 'मूड हमारे फेवर में है बस हमें आत्मविश्वासी और संतुष्ट बनकर नहीं बैठना है'

## सोनिया गांधी ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं नेताओं को यह मैसेज दिया

नई दिल्ली, 31 जुलाई। इस साल के अंत तक और अगले साल की शुरुआत में महाराष्ट्र सहित कई राज्यों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इसे ध्यान में रखते हुए कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ऐक्टिव दिख रही हैं। उन्होंने बुधवार को कहा कि ''जनता का मूड'' पार्टी के पक्ष में है, लेकिन लोकसभा चुनाव में पार्टी के लिए बनी गति और सद्भावना को बनाए रखने की जरूरत है। उन्होंने कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) में कहा, ''हमें आत्मसंतुष्ट और अति आत्मविश्वासी नहीं बनना चाहिए। मैं यह कहने की हिम्मत रखती हूं कि अगर हम लोकसभा चुनाव की तरह अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो राष्ट्रीय राजनीति में बदलाव आएगा।''

सोनिया गांधी ने मोदी सरकार पर लोकसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन से सबक नहीं लेने की बात कही है। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि समुदायों को विभाजित करने और भय और दुश्मनी का माहौल फैलाने का काम कर रही है।

सोनिया गांधी ने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकार द्वारा कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्थित भोजनालयों को मालिकों का नाम प्रदर्शित करने को लेकर दिए गए आदेशों पर रोक लगाने का जिक्र करते हुए कहा, ''सौभाग्य से सर्वोच्च न्यायालय ने सही समय पर हस्तक्षेप किया। लेकिन यह केवल एक अस्थायी राहत हो सकती है। देखिए कैसे नौकरशाही को आरएसएस की गतिविधियों में भाग लेने की अनुमति देने के लिए अचानक नियम बदल दिए गए हैं।

यह खुद को एक सांस्कृतिक संगठन कहता है, लेकिन पूरी दुनिया जानती है कि यह भाजपा का राजनीतिक और वैचारिक आधार है।''

चार राज्यों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इसे ध्यान में रखते हुए उन्होंने पार्टी नेताओं से लोकसभा चुनावों में पार्टी के लिए बनाई गई गति और सद्भावना को बनाए रखने का आग्रह किया। सोनिया गांधी ने कहा, ''हमें आत्मसंतुष्ट और अति आत्मविश्वासी नहीं बनना चाहिए।

## आर.एस.एस...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

मल्लिकार्जुन खड़गे ने उन्हें टोकने की कोशिश भी की। इस हंगामे के बाद बसपा और बीजद सहित विपक्षी दलों ने सदन से वॉकआउट कर दिया।

दरअसल सभापति जगदीप धनखड़ समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी सुमन द्वारा एनटीए अध्यक्ष की नियुक्ति पर की गई टिप्पणी से नाराज थे। उन्होंने सांसद के अध्यक्ष के आरएसएस से जुड़े होने की टिप्पणी पर नाराजगी जताई।

साथ ही उन्होंने कहा कि वह इस टिप्पणी को संसद के रिकॉर्ड पर नहीं आने देंगे। सभापति ने आगे कहा कि आर.एस.एस. की साख बेदाग है। उन्होंने कहा कि वह किसी को भी आर.एस.एस. को अलग-थलग करने की साजिश करने नहीं देंगे।

वहीं विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने जगदीप धनखड़ की इस टिप्पणी पर आपत्ति जताते हुए कहा कि जब तक किसी सांसद ने संसदीय कार्यवाही के नियमों का उल्लंघन नहीं किया है तब तक अध्यक्ष किसी सदस्य पर आपत्ति नहीं जता सकते है।

## मु.मंत्री स्टालिन के खिलाफ विशेषाधिकार हनन की कार्यवाही जारी रहेगी

चेन्नई, 31 जुलाई (वार्ता)मद्रास उच्च न्यायालय ने 2020 के एकल न्यायाधीश के आदेश को खारिज करते हुए बुधवार को कहा कि तमिलनाडु के वर्तमान मुख्यमंत्री एम के स्टालिन और 17 अन्य द्रविड मुनेत्र कषगम (द्रमुक) विधायकों के खिलाफ जुलाई 2017 में पिछली अन्नाद्रमुक सरकार के दौरान राज्य विधानसभा में प्रतिबंधित गुटखा पाउच प्रदर्शित करने के लिए शुरू की गई विशेषाधिकार हनन की कार्यवाही जारी रह सकती है।

## क्या लोकसभा स्पीकर...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

जहाँ केरल सरकार अभी केरल में मलबे को हटाने तथा लाशों की गिनती करने में लगी हुई है, वहीं कांग्रेस के के.सी.वेणुगोपाल ने एक ध्यानाकर्षण प्रस्ताव भी पेश कर दिया है, जिसमें केरल के वायनाड, जहाँ भूस्खलन के फलस्वरूप सैंकड़ों लोगों की जान जा चुकी हैं, में हुई इस बहुत बड़ी दुर्घटना पर चर्चा की माँग की गई है।

तेजस्वी सूर्या ने इस पर एक लम्बा भाषण दे डाला, जो कि ध्यानाकर्षण प्रस्ताव से जुड़े नियमों के विरुद्ध है। सूर्या ने कहा कि जो पिछले पाँच साल से वायनाड से सांसद हैं, उन्होंने अपने क्षेत्र की कभी कोई फिक्र नहीं की तथा अपने चुनाव क्षेत्र के मुद्दों के समाधान की दिशा में कुछ भी नहीं किया। तेजस्वी सूर्या के इस भाषण का मुख्य उद्देश्य राहुल गांधी पर हमला बोलना था। बोलने से पहले, अमित शाह एवं रिजिजू ने सूर्या को ब्रीफ किया था, तथा बोलने के बाद, वे अमित शाह से फिर मिले थे। शाह सदन में ही बैठे हुए थे।

दिलचस्प, बहुत अधिक दिलचस्प। सत्तारूढ़ दल राहुल गांधी से सचमुच ही बहुत घबराया हुआ है। हालाँकि, वायनाड अब उनका चुनाव क्षेत्र नहीं रहा, लेकिन वे कल केरल जा रहे हैं। वहाँ वे अपने एक दिन के दौरे में, राहत-शिविरों तथा अन्य सम्बन्धित स्थानों पर जायेंगे।

के.सी. वेणुगोपाल के अनुसार, पिछले पाँच सालों में, उनके चुनाव क्षेत्र से जुड़ा कोई भी मुद्दा जब सामने आया है, तब वे अत्यधिक सक्रिय रहे हैं।

लेकिन भाजपा का तो अपना निजी एजेंडा है। पार्टी नेता अनेक झूठी बातों की झड़ी लगाये जा रहे हैं।

# 'खिलाड़ीराम बैरवा की वापसी के साथ ही और भी कई हैं जिनकी घर वापसी होना तय'

## सचिन पायलट ने टोंक के एक दिवसीय दौरे पर मीडिया से वार्ता के दौरान कहा



*कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व टोंक विधायक सचिन पायलट बुधवार को एक दिवसीय टोंक दौरे पर एक निजी स्कूल, मांकुस प्री-स्कूल का उद्घाटन किया। पायलट का यह दौरा बहुत व्यस्त रहा, उन्होंने दिन भर में कई कार्यक्रमों में शिरकत की तथा विभिन्न स्थानों पर ग्रामीणजनों से भी मुलाकात की।*

- टोंक जिले की सीमा पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं व स्थानीय लोगों ने पायलट का शानदार स्वागत किया।
- टोंक प्रवास में पायलट ने मांकुस प्रीस्कूल, सड़कों, प्रतीक्षालय आदि का उद्घाटन किया।
- इस दौरान पायलट, नाथूलाल चौधरी और पार्षद रामदेव गुर्जर के घर जाकर उनके परिजनों से मिले। ज्ञातव्य है कि हाल ही में नाथूलाल चौधरी और रामदेव गुर्जर की मृत्यु हो गई थी।

टोंक, 31 जुलाई। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व टोंक विधायक सचिन पायलट ने आज अपने विधानसभा क्षेत्र टोंक का दौरा किया। उन्होंने यहाँ मांकुस प्री-स्कूल के उद्घाटन के साथ -साथ कई कार्यक्रमों में शिरकत की। टोंक जिले की सीमा पर पहुंचते ही कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा ने अपने दल-बल के साथ सचिन पायलट का भव्य स्वागत किया। इसके बाद प्रधानपति हसंराज फागणा, सउद सईदी ने बनास नदी के पास माला और साफा पहनाकर उनका स्वागत किया। इनके अलावा, हसंराज गुजंल व सतवीर गुर्जर ने सदर थाने के सामने, और छावनी चौराहे पर अकबर खान ने अपने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ पायलट को 51 किलो की माला पहनाकर भव्य स्वागत किया एवं आतिशबाजी की।

स्कूल के उद्घाटन के अवसर पर पायलट ने कहा कि शिक्षा की मजबूत नींव हर व्यक्ति के उज्ज्वल भविष्य का आधार बनती है। इस मौके पर उपस्थित मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि खिलाड़ीराम बैरवा की वापसी के साथ ही, और भी कई नेता हैं जो भाजपा के सिस्टम में सैट नही हो पा रहे हैं, उनकी घर वापसी होना तय है। शान्ति धारीवाल द्वारा अपशब्द कहे जाने एवं माफी मांगे जाने पर पायलट ने कहा कि उन्होंने माफी तो मांग ली, पर उनका व्यक्तिगत विचार है कि ऐसी अशोभनीय भाषा का प्रयोग नही किया जाना चाहिए, इससे युवा पीढ़ी पर गलत प्रभाव पड़ता है। दो-चार कोचिंग सेन्टरों पर कार्रवाई करने से समस्या का निदान नहीं होगा।

इस मौके पर ग्रामीणजनों से भी पायलट ने मुलाकात की तथा उनकी समस्याएं सुनीं।

इस एक दिवसीय दौरे में पायलट ने लाम्बा बावड़ी में नवनिर्मित सड़कों का लोकार्पण किया तथा टोंक तहसील परिसर में नवनिर्मित प्रतीक्षालय का उद्घाटन किया। टोंक दौरे के दौरान सचिन पायलट छान गांव भी गए और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नाथूलाल चौधरी की मृत्यु पर उनके शोक संतप्त परिवार से मिले और परिजनों को ढांढस बंधाया।

पायलट पुरानी टोंक से काले बाबा में निवास कर रहे पार्षद रामदेव गुर्जर के घर भी गए, जिनकी हाल ही में अचानक मौत हो गई थी। पायलट ने उनके परिजनों से भी मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। पायलट के साथ रामबिलास चौधरी, सी.पी. श्रीवास्तव, शैलेष गुर्जर, धर्मेन्द्र सालोदिया, नसीम अंसारी, नईम अपोलो, शिवजीराम मीणा, शकील अहमद, इम्तियाज खान, फोजूराम मीणा इत्यादि कांग्रेस कार्यकर्ता व सैकड़ों ग्रामीणजन मौजूद थे।

# प्र.मंत्री मोदी ने अनुराग ठाकुर के ''एक्सपंज रिमार्क'' को एक्स पर पोस्ट किया

## कांग्रेस ने इसके खिलाफ लोकसभा में विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया

- कांग्रेस सांसद चरणजीत चन्नी ने यह नोटिस दिया जिसमें कहा है कि संसद में आसन द्वारा ''एक्सपंज'' टिप्पणी का अर्थ होता है कि वह शब्द कभी बोले नहीं गए। प्रधानमंत्री ने यह टिप्पणी एक्स पर पोस्ट कर विशेषाधिकार का हनन किया है।
- जात और जात आधारित जनगणना के मुद्दे पर कांग्रेस और भाजपा के बीच बवाल बढ़ता ही जा रहा है।
- अनुराग ठाकुर की राहुल गांधी पर की गई टिप्पणी पर कांग्रेस ने भारी विरोध जताया है, वहीं, भाजपा भी जाति के मुद्दे पर राहुल गांधी को घेरने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है।

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 31 जुलाई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ कांग्रेस द्वारा एक विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव पेश किए जाने के साथ ही सत्तारुढ़ भाजपा और इण्डिया गठबन्धन के नेता जाति के मुद्दे को लेकर आज लोकसभा में आपस में भिड़ गए। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया साइट ''एक्स'' पर एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर द्वारा की गई टिप्पणियों के कथित अंश हैं जबकि इन अंशों को आसन ने सदन की कार्रवाई की प्रक्रिया से हटा दिया था।

कांग्रेस सांसद चरणजीत सिंह चन्नी ने प्रधानमंत्री के खिलाफ एक विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव लाने के लिए एक नोटिस प्रस्तुत किया। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा सांसद द्वारा की गई विवादास्पद टिप्पणी ने एक राजनीतिक भूचाल ला दिया है और कांग्रेस पार्टी यह दावा कर रही है कि प्रधानमंत्री मोदी ने इसे ''एक्स'' पर शेयर कर संसदीय विशेषाधिकार का गंभीर उल्लंघन किया है।

जातिगत जनगणना को लेकर भाजपा और इण्डिया गठबन्धन के बीच मतभेद सुस्पष्ट होते जा रहे हैं और इसके परिणामस्वरूप दोनों ही खेमे अपनी-अपनी स्थिति को मजबूत कर रहे हैं।

लोकसभा में केन्द्रीय बजट पर अपने भाषण के दौरान अनुराग ठाकुर ने कुछ ऐसी टिप्पणियां की थीं जिन्हें कार्रवाई से हटा दिया गया था और चर्चा के दौरान विपक्ष के नेता राहुल गांधी की जाति के बारे में उनके द्वारा प्रकट रूप से दिए गए हवाले के कारण सदन में भारी हंगामा मच गया था।

कांग्रेस के दलित सांसद चन्नी ने स्पीकर ओम बिड़ला को एक नोटिस प्रस्तुत कर रूल्स ऑफ प्रोसीजर के नियम 222 के तहत प्रधानमंत्री के खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव लाने की मांग की।

चन्नी पंजाब के मुख्यमंत्री भी रह चुके हैं। उन्होंने स्पीकर बिड़ला से कहा कि ''जिन टिप्पणियों को आसन ने सदन की कार्रवाई से हटा दिया था, उन्हें ''एक्स'' पर ट्वीट करने को लेकर प्रधानमंत्री के खिलाफ लोकसभा की प्रक्रिया एवं संचालन नियमावली के नियम 22 के तहत मैं एक विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव लाने के लिए नोटिस देता हूं।''

चन्नी ने कौल व शकधर द्वारा लिखित ''संसदीय कार्यवाही एवं प्रक्रिया'' का हवाला देते हुए कहा कि ''स्पीकर द्वारा शब्दों, टिप्पणियों अथवा किसी प्रक्रिया के अंश को हटाने के आदेश का मतलब होता है, जैसे कि वे कभी बोले ही नहीं गए। हटाए गए शब्दों अथवा अभिव्यक्तियों का प्रकाशन विशेषाधिकार हनन के समान है।''

चन्नी ने कहा कि ''सर्चलाइट'' केस में सुप्रीम कोर्ट द्वारा यह बात दोहरायी जा चुकी है। उन्होंने स्पीकर से निवेदन किया कि कृपया उनका प्रस्ताव स्वीकार कर इसे पेश करने की इजाजत दी जाए। सदन में ठाकुर की टिप्पणियों को लेकर विपक्षी सदस्यों के शोर-शराबे के बीच लोकसभा की कार्यवाही बुधवार दोपहर तक के लिए स्थगित कर दी गई।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने ठाकुर की टिप्पणियों पर निराशा प्रकट करते हुए कहा कि ''सदन में तंज कसना, संसद में ऐसा नहीं होता। संसद में किसी की जाति नहीं पूछी जाती। ठाकुर ने राहुल गांधी का अपमान करने के लिए जानबूझकर ऐसा कहा। भाजपा के कई सीनियर नेताओं ने अन्तर्जातीय विवाह किए हैं। उन्हें स्वयं को आइने में देखना चाहिए और फिर बोलना चाहिए।''

खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा डाली गई पोस्ट भर्त्सना के योग्य है क्योंकि वह भावनाएं भड़का रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी को यह समझना चाहिए कि कहां बोलना चाहिए और किसका बचाव करना चाहिए।''

लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई ने कहा कि विपक्षी इण्डिया गठबन्धन ने जातिगत जनगणना को लेकर भाजपा नेताओं द्वारा की गई ''असंवेदनशील और निर्दयी'' टिप्पणियों को लेकर बुधवार को सदन के भीतर विरोध प्रदर्शन किया।

गोगोई ने संसद के बाहर पत्रकारों से कहा कि ''हम जानते हैं कि जातिगत जनगणना एक बहुत ही भावनात्मक मुद्दा है और एस.सी., एस.टी. तथा ओ.बी.सी. वर्ग के कई भारतीय जातिगत जनगणना करवाना चाहते हैं, लेकिन उनकी इस मांग का भाजपा द्वारा संसद में मजाक उड़ाया गया। भाजपा ने उनका संसद में अपमान किया और यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि बाद में शाम को प्रधानमंत्री ने उस भाषण को शेयर किया और उसकी तारीफ की।''

उन्होंने कहा कि ''प्रधानमंत्री ने उस भाषण की प्रशंसा की, जिससे दलितों, ओ.बी.सी. और आदिवासियों का अपमान हुआ। हम उनके अधिकारों और जातिगत जनगणना के लिए लड़ रहे हैं।''

राष्ट्रीय जनता दल के नेता मनोज झा ने ठाकुर पर सामंती मनोवृत्ति रखने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनका फोकस किसी व्यक्ति विशेष की जाति के बजाए जातिगत जनगणना पर होना चाहिए। उन्होंने ठाकुर की टिप्पणियों का समर्थन करने के लिए प्रधानमंत्री की भी आलोचना की।

झा ने कहा कि ''भाषण को पुनः ट्वीट करके प्रधानमंत्री ने दर्शा दिया है कि वह ''बहनों, मंगलसूत्र और मुजरा'' से ऊपर नहीं उठ सकते।''

तथापि, भाजपा नेताओं ने स्थिति को अपने पक्ष में करने के प्रयास के अन्तर्गत ठाकुर की तरफदारी की। भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने प्रश्न किया कि विपक्ष ने ठाकुर के बयान को दिल पर क्यों लिया। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह जातीय जनगणना पर अपने रुख को लेकर भ्रम पैदा कर रही है।

केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने त्रिवेदी के सुर में सुर मिलाते हुए पूछा कि राहुल गांधी की जाति का मुद्दा क्यों संवेदनशील होना चाहिए। उन्होंने कांग्रेस पर पाखण्ड करने का आरोप लगाया।

केन्द्रीय संसदीय कार्यमंत्री किरन रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस नेता की जाति पूछने में कुछ भी गलत नहीं है क्योंकि वह जातिगत आधार पर ''देश के विभाजन'' की कोशिश कर रहे हैं।

रिजिजू ने प्रश्न किया कि ''वे दिन-रात जाति की बात करते हैं। वे मीडिया और सेना के लोगों की जाति पूछते हैं। इन्होंने जाति के आधार पर देश को विभाजित करने का षड़यन्त्र रचा। जब राहुल गांधी की जाति पूछी गई तो वे भड़क गए। हम जाति क्यों नहीं पूछ सकते ? क्या वे लोग देश से बड़े हैं ?

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जब मीडियाकर्मियों से मिलते हैं तब उनकी जाति पूछते हैं, वह सशस्त्र सेनाओं के कर्मियों की जाति पूछते हैं। वह भारत जोड़ो यात्रा के दौरान लोगों की जाति पूछते हैं।''

मंत्री ने व्यांग्यात्मक लहजे में कहा कि ''वे लोगों की जाति के बारे में पूछ सकते हैं और कोई भी राहुल गांधी की जाति के बारे में नहीं पूछ सकता। यह क्या है ? समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी राहुल गांधी का समर्थन किया। क्या ये लोग देश और संसद से भी बड़े हैं।

कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बासवराज बोम्मई ने विपक्ष के आवेश पर आर्श्चय प्रकट करते हुए कहा कि बिना जाति पूछे जातिगत जनगणना कैसे की जा सकती है।

उन्होंने कहा कि ''यदि वे ऐसा सोचते हैं कि अनुराग ठाकुर ने उनका अपमान किया तो फिर जातिगत जनगणना की मांग कर वे पूरे देश का अपमान कर रहे हैं। वे जातिगत जनगणना की बात कर रहे हैं तो कोई यदि उनसे उनकी जाति पूछता है तो इसमें अपमान की क्या बात हैं?

**राष्ट्रदूत हिन्दु संयुक्त परिवार की ओर से सोमेश शर्मा द्वारा ज्वाईन्ट मीडिया, आजाद मार्ग, मैन रोड, आयड, उदयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक**-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 57928/93 **जयपुर कार्यालय:** सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513 **कोटा कार्यालय :** पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033 **बीकानेर कार्यालय :** कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371 **अजमेर कार्यालय:** राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 **जालोर कार्यालय :-** जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन 226422,226423, फैक्स: 02973-226424 **हिण्डौनसिटी कार्यालय :-** जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 **चूरू कार्यालय :** एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908

# Janardan Rai Nagar Rajasthan Vidyapeeth (Deemed To Be University)

# जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय)

1937

सरस्वती देवयन्ते हवन्ते

Pratap Nagar, Udaipur – 313001 (Raj.) Ph. & Fax : 0294-2492440, Email: admissions@jrnrvu.edu.in

## समस्त पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) से मान्यता प्राप्त



## ADMISSIONS OPEN - 2024-25



## Manikyalal Verma Shramjeevi College

### Faculty of Social Sciences and Humanities : Mob. : 9413263428, 9414353154

**B.A.** : English, Hindi, Sanskrit, History, Sociology, Geography, Economics, Political Science, Environmental Science, Jyotish
**M.A.** : English, Hindi, Sanskrit, History, Sociology, Geography, Economics, Political Science
**Diploma Course** : Diploma in Panchgavya, Diploma in Acupressure, P.G. Diploma in GIS & Remote Sensing, Bachelor of Journalism and Mass Communication **Certificate Course :** Spoken English, Proficiency in English and Communication Skills, Culture of Rajasthan, Research Methods and Data Analyst, Human Rights, Acupressure, Sanitation and Modern Society, Health Awareness

### Faculty of Commerce : Mobile No. : 9460492196, 9460372183, 9461180053

B.Com., B.B.A., M.Com. (Accounting, Business Administration), Master of NGO Management, P.G. Diploma in Training & Development Certificate Course: Plastic Processing and Manufacturing Skills, Tally ERP-9.0, Goods and Service Tax (GST)

## Faculty of Science : Ph. 7852803736, 9828072488

B.Sc. : Physics, Mathematics, Chemistry, Statistics, Computer Science, Botany, Zoology, Biotechnology, Environmental Science, Geology
M.Sc. Chemistry (Inorganic, Organic, Physical, Industrial)
M.Sc. : Mathematics, Physics, Botany, Zoology, Environmental Science, Statistics, Bioinformatics, Biotechnology

## Faculty of Education - 9460693771

B.A.B.Ed. & B.Sc.B.Ed. (Four Year Integrated Course)

## Jyotish and Vastu Sansthan - 9460030605

M.A. (ज्योतिर्विज्ञान), **Diploma and Certificate Courses in Astrology** (ज्योतिष), Vastu (वास्तु), Palmistry (हस्तरेखा), Worship System (पूजा पद्धति), Rituals (अनुष्ठान), Vedic Culture (वैदिक संस्कार संस्कृति).

## महाराणा कुम्भा कला केंद्र - 6376147607

भूषण, प्रभाकर प्रथम, द्वितीय ( शिक्षा विभाग बीकानेर द्वारा संचालित )
डिप्लोमा : तबला, ढोलक, बांसुरी, ड्रम, कांगो, गिटार, हारमोनियम, केसियो

## Manikyalal Verma Shramjeevi Evening College
### Mob. - 9414291078, 8209630249

B.A, BA (Additional), B.Lib MA (All Subjects), MA (Music)MA Education, M.Com, M.Sc (Chemistry/Botany /Zoology/Physics/Maths), MA/M.Sc (Psychology), M.Lib PG Diploma in Guidance counseling, PG Diploma in Mental Health Counselling, B.Ed in Special Education (ID), B.Ed Special Education (HI) D.Ed. Special Education (IDD) D.Ed. Special Education (HI), D.Ed. Special Education (VI), (BA/B.Com/B.Sc Integrated BEd special Education Eligibility 10+2), DCBR (Diploma in Community Based Rehabilitation), DISLI (Diploma in Indian sign language interpretation (subject to RCI approval), D.Lib, Diploma in Music

## Department of Physical And Yoga Education
### M.V. Shramjeevi Collage Campus, Ph.: 9352500445

Yoga, M.A.Yoga, P.G. Diploma In Yoga, Physical Education, M.A. Physical Education, Bachelor of Physical Education & Sports, (B.P.E.S), Diploma In Gym Instructor, Diploma in Sports Coaching (NIS) - 1 Year(Wrestling, Judo, Powerlifting, Yoga, Weight Lifting, Boxing, Wusu)

## Department of Physical Education, Pratap Nagar Campus - 9829943205

M.P.Ed., Diploma in Sports Coaching (NIS) - 1 Year (Hockey, Football, Kabaddi, Volleyball, Basketball, Badminton), PG Diploma in Yoga.

## Department of Law - 9414343363, 9887214600

B.A.LL.B. (5 Year Integrated Course), LL.B. (3 Year Degree Course), LL.M. (2 Years), PG Diploma (1 Year Course) in Labour Law (PGDLL). Cyber Law (PGDCL), Law & Forensic Science (PGDLFS). Accountancy & Taxation (PGDLTA) and Intellectual Property Laws (PGDIPL). LLM 2 years (Criminal and Business Law), Diploma in Criminal Psychology

## जन शिक्षण एवं विस्तार कार्यक्रम निदेशालय, प्रतापनगर (6376147607, 9414296535)

कम्युनिटी सेंटर्स : बेदला, नाई, टीडी, खरपीणा, झाड़ोल ( सराड़ा ), सलूम्बर, कानपुर, साकरोदा
कम्प्यूटर डिप्लोमा ( 1 वर्ष )
कम्प्यूटर में प्रमाणपत्र ( 6 माह )
सिलाई में प्रमाणपत्र ( 6 माह )

## Department of Pharmacy - 9414869044

D. Pharma (Diploma in Pharmacy)

## Faculty of Engineering - Rajasthan Vidyapeeth Technology College
### Ph. : 0294-2490210, 9829009878, 9950304204

**Diploma in Engineering**- Civil Engineering, Electrical Engineering, Mechanical Engineering. Electronics & Communication Engineering, Computer Science. BCA (AICTE APPROVED)

## Faculty of Computer Science and Information Technology
### Ph. 2494227, 2494217, 9414737125

B.C.A. (AICTE APPROVED), M.C.A.(AICTE APPROVED), M.Sc.(CS), P.G.D.C.A., B.Voc in Software Development, DCA (Diploma in Computer Applications).

## Department of Physiotherapy - Ph. : 0294-2656271, 9414234293

Bachelor of Physiotherapy (B.P.T.). Master of Physiotherapy (M.P.T.). Master of Hospital Management. Fellowship in Palliative Care and Oncology Rehabilitation, Fellowship in Neurological Rehabilitation, MBA in Health Care Management. Fellowship in Geriatric Care and Rehabilitation, Fellowship in Sports Rehabilitation, M.Sc. Osteopathy

## Department of Nursing - Ph. 9460322351, 9828045854, 9928544749, 9887574613 (2023-2024)

B.Sc. Nursing G.N.M. Nursing

## Udaipur School of Social Work - Ph. 8118806319, 9829445889

Master of Social Work (MSW). PG Diploma in HRM, PG Diploma in CSR
Master of Social Work (MSW - Self Finance Evening Batch), PG Diploma in Labour Welfare

## Sahitya Sansthan (Institute of Rajasthan Studies)
### Ph. : 8003636352

M A in Ancient Indian History, Culture and Archaeology; PG Diploma in Archaeology.

## School of Agricultural Sciences, Dabok - 9460728763

B.Sc. (Hons.) Agriculture, B.Sc. Horticulture, B.Tech. Food Technology,
M.Sc. in Agronomy, Horticulture, Plant Pathology and Genetics & Plant Breeding

## Manikyalal Verma Shramjeevi Girls College, Dabok
### Ph. : 0294-2655327, 9694881447, 9079919960, 8209568068,9166157526

B.A., B.Com., B.Sc., M.A. (English, Hindi, Sanskrit, Pol. Sc., History. Geography, Sociology, Economics), M.Com (Accountancy), M.Com in Business Adm., Special Classes for English Speaking and Computer Basics. Special classes for competition exams (free of charges)

## R.V. Homeopathic Medical College and Hospital, Dabok
### Ph. : 0294-2655974, 2655975, 9414156701, 9351343740, 8769746883

Bachelor of Homoeopathic Medicine and Surgery (BHMS) - 5 1/2 Course (ADMISSION FROM ALL INDIA QUOTA)

## Faculty of Management Studies (FMS)
### MBA - 9001056151,9414758184,9001556306,9782049628, BBA- 9950489333

B.B.A, M.B.A (H.R / Marketing / Finance / Production & Operation Management / I.B / I.T / Tourism and Travel / Retail Management / Agri-Business / Family Business Management), M.H.R.M.

## Department of Travel, Tourism & Hotel Management
### Faculty of Management Studies - 9950489333

BBA (Bachelor of Business Administration)
BBA ( Travel & Tourism) Specialisation in Hotel Management (AICTE approved)
Diploma in Hotel Management ( Food & Beverage Service)
Diploma in Hotel Management ( Food Production)
Diploma in Hotel Management ( Housekeeping)

## Manikyalal Verma Shramjeevi Girls College, Pratapnagar, Udaipur
### Mob. : 9799693124,9929939963,9461658932,9461956134,6377836714,9636877910, 7976501619

B.A., B.Com, B.Sc. , M.A.(Hindi Literature, Geography,Political Science), M.Com.(Banking, Business Administration), Regular special classes for competitive exams(free of charges)

## Lokmanya Tilak Teachers Training College, Dabok
### Faculty of Education - Ph. : 8306182436, 0294-2655327

B.Ed., M.Ed., M.A. Education, B.A.B.Ed., B.Sc.B.Ed. (4 Year Integrated), B.Ed.-M.Ed. (3 Year Integrated), B.Ed. (Child Development), D.El.Ed., PG Diploma in Yoga

**Note :**

**For more information about the admission in various courses like minimum percentage, fee structure etc. please go through our website : www.jrnrvu.edu.in, respective prospectus or contact concerned department**

**REGISTRAR**